CMYK

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 10°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 27 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 103 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता: योगी पेज 2



दक्षिण अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज खेल टाइम्स



बाल उत्पीड़न: समस्या कितनी गहरी है सम्पादकीय



राम मंदिर में मोदी का ध्वजारोहण नाजायज: पाक पेज 12

## संविधान बचाओ-भाईचारा बनाओ महारैली में आसपा की ललकार

# अंबेडकर व मनुवादी विचारधारा में संघर्ष, सत्ता में आने वाले बढ़ेंगे आगे: चंद्रशेखर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** आजाद समाज पार्टी (आसपा) अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर ने एसआईआर के जरिये वोट चोरी रोकने का संकल्प दिलाने के साथ एक जनवरी से बेरोजगारी व ईवीएम से वोटिंग बंद कराने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने और वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनाने का वादा भी किया। चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि सत्ता के लिए मनुवादी और अंबेडकर वादी विचारधारा में संघर्ष छिड़ा है, जो सरकार में आएगा वह आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने किसानों को गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल दिलाने, मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना कराने और दलित एवं ओबीसी युवाओं को नौकरी के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष छेड़ने की घोषणा की। चंद्रशेखर आजाद ने संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ रैली में उमड़े जनसमूह को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यदि संविधान न होता तो आज एक प्राथमिक शिक्षक -**शेष पृष्ठ दो पर**

### चंद्रशेखर आजाद ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना को आसपा की सदस्यता ग्रहण कराई

**मुजफ्फरनगर।** आसपा अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने उमड़े जनसमूह और मेरठ , सहारनपुर, मुरादाबाद मंडलों से आए कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पूर्व विधायक शाहनवाज राना को पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ा ने उनके पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के की घोषणा की। इसके बाद पार्टी सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना का पटका पहनाकर सम्मान किया। जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी राजस्थान, मध्य प्रदेश रविन्द्र भाटी, कमल वालिया, पूर्व सांसद अमीर आलम, पूर्व विधायक नवाजिश आलम, भीम आर्मी अध्यक्ष विनय रतन सिंह, पश्चिम प्रभारी कमल गौतम ने उनका स्वागत किया।

**आसपा अध्यक्ष ने एक जनवरी से ईवीएम से वोटिंग बंद कराने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की**

# भगोड़ों को वापस लाना देश का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

## 153 केस वाले आरोपी की याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम इन्कार

**एफआईआर डिटेल लेने दुबई से आना पड़ेगा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कानून से बचने के लिए विदेश भागे आरोपियों को वापस लाने का देश को पूरा अधिकार है। कोर्ट ने दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया। इसमें उधवानी ने भारत से यूएई को भेजी गई उन्हें वापस लाने की रिक्वेस्ट (एक्सट्रडिशन रिक्वेस्ट) हटाने की मांग की थी।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान पिटीशनर की दलीलें मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि अगर उसे एफआईआर की पूरी जानकारी चाहिए तो उसे भारत आकर लेनी होगी। उधवानी पर गुजरात में 153 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब की तस्करी और गैंग की तरह गैर-कानूनी काम करने के आरोप भी शामिल हैं। वह जुलाई 2022 में दुबई जाने के बाद से भारत नहीं लौटा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। आरोपी के वकील ने कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है और वह भारत वापस आना चाहता है। इस मामले में एक सह-आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत हो चुकी है, इसलिए उधवानी अपनी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। उसने यह भी मांग की थी कि भारत लौटने पर उसे सीसीटीवी निगरानी वाली कस्टडी में रखा जाए। बेंच ने इन दलीलों पर विचार करने से इन्कार किया और कहा कि अधिकारी उसे भारत लाने में सक्षम हैं। इसके बाद वकील ने याचिका वापस ले ली। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी उधवानी की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट का कहना था कि आरोपी को मौजूद रहने के लिए बुलाना और उसे वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करना बिल्कुल सही है। राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा था कि वह सिर्फ शराबबंदी से जुड़े मामलों में ही नहीं, बल्कि जालसाजी, तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल है, जिनकी जांच ईडी कर रही है।

### दिल्ली में प्रदूषण चिंताजनक, हल निकालना होगा: सीजेआई

**सूर्यकांत बोले-कल डेढ़ घंटा टहला, तबीयत बिगड़ गई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों की तबीयत बिगड़ रही है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सीजेआई सूर्यकांत भी इससे प्रभावित दिखे। उन्होंने बुधवार को एसआईआर पर चल रही सुनवाई के दौरान इसका जिक्र किया। कहा कि मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहला। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। दरअसल हुआ यह कि इलेक्शन कमीशन के एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने सीजेआई से खराब सेहत की वजह से सुनवाई से छूट मांगी। इस पर सीजेआई



### एसआईआर: केंद्र और केरल चुनाव आयोग जवाब तलब

**चुनाव आयोग बोला- राजनीतिक पार्टियां डर का माहौल बना रहीं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एसआईआर के खिलाफ दायर तमिलनाडु, बंगाल और केरल की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दल जानबूझकर डर का माहौल बना रहे हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केरल सरकार की याचिका पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग को एक दिसम्बर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 2 दिसम्बर को होगी। वहीं पश्चिम बंगाल की याचिका पर 9 दिसम्बर को सुनवाई होगी। इसी दिन चुनाव आयोग राज्य की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट भी जारी करेगा।

# भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मिली मेजबानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गई है। बुधवार को स्काटलैंड के ग्लासगो में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को होस्ट सिटी घोषित किया गया।

भारत 15 साल के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में इन गेम्स का आयोजन किया गया था। तब भारतीय खिलाड़ियों ने 38 गोल्ड समेत 101 मेडल जीते थे। ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को अधिकृत तौर पर होस्ट सिटी घोषित किया गया। भारत में पहली बार दिल्ली के बाहर मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट होगा अगर अहमदाबाद को 2030 की मेजबानी मिलती है, तो यह पहली बार होगा जब कोई बड़ा इंटरनेशनल मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली के बाहर आयोजित होगा। भारत 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स, 1951 और 1982 एशियन गेम्स की मेजबानी भी कर चुका है। 3 बड़े मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली में हुए थे। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया गया है। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतर्राष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का भी प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। सबसे ज्यादा 5 बार मेजबानी का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले की से इसका ऐलान किया था। पिछले साल नवम्बर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी।



**2030 में अहमदाबाद में होंगे गेम्स, ओलिंपिक 2036 की दावेदारी मजबूत होगी**

# संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ: राष्ट्रपति मुर्मू

## कहा: इसे आत्मसात कर संसद ने जन आकांक्षाओं को किया अभिव्यक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को राष्ट्रीय अस्मिता और पहचान का ग्रंथ बताते हुए कहा है कि बीते दशक में हमारी संसद ने इसके मूल्यों पर चलते हुए जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक कार्य किए हैं।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा कि संविधान सभा ने संसदीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में जो ठोस तर्क दिए गए थे वे आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के विशालतम लोकतन्त्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि संविधान के माध्यम से हमारा सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित रहे। मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता होती है कि बीते दशक में हमारी संसद ने जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अत्यंत प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वह सभी सांसदों को बधाई देती हैं और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से संविधान सभा के परम सम्माननीय सदस्यों की स्मृति में सादर नमन करती हैं।

**विश्व के विशालतम लोकतंत्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित**



उन्होंने कहा कि संविधान की अंतरात्मा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे आदर्शों में अभिव्यक्त होती है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संविधान निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय प्रणाली की सफलता के ठोस प्रमाण के रूप में, आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी की सीमारेखा से बाहर आने से आर्थिक न्याय के पैमाने पर विश्व की सबसे बड़ी सफलता अर्जित हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान में सामाजिक न्याय के आदर्श के अनुरूप देश में समावेशी विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू होने से महिलाओं के नेतृत्व में विकास के एक नए युग का आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सात नवम्बर से राष्ट्र-गीत 'वन्दे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में देशव्यापी स्मरणोत्सव मनाए जा रहे हैं। यह स्मरणोत्सव भारत माता को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का अवसर है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस राष्ट्रीय संकल्प की सिद्धि के लिए आप सभी सदस्यगण देशवासियों को दिशा और प्रेरणा प्रदान करेंगे।

# प. बंगाल में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के लगे पोस्टर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए। इन पर लिखा है कि 6 दिसम्बर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा।

टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर को आयोजनकर्ता बताया गया है। खुद कबीर ने मंगलवार को कहा कि हम 6 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। अयोध्या में बाबरी मस्जिद को 6 दिसम्बर 1992 को कार सेवकों ने शहीद कर दिया था। अगले महीने बाबरी विध्वंस के 33 साल पूरे हो जाएंगे। टीएमसी विधायक का कहना है कि इसी मौके पर यह आयोजन किया जाएगा। टीएमसी विधायक का यह बयान तब सामने आया है जब मंगलवार को अयोध्या में पीएम मोदी ने राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण का मतलब है मंदिर अब पूर्ण हो गया। 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। भाजपा ने इसकी कड़ी आलोचना की है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मस्जिद नहीं, बल्कि बांग्लादेश की आधारशिला रख रही है। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि ममता बनर्जी सरकार बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के समर्थन पर टिकी है।

**टीएमसी विधायक बोले: छह दिसम्बर को नींव रखेंगे**

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में ही विमानों के इंजन और कल पुर्जे होंगे डिजाइन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांसिसी कंपनी सफरान से भारत में ही विमानों के इंजन और कल पुर्जों के डिजाइन की संभावनाओं का पता लगाने और अंतरिक्ष यानों की प्रणोदन प्रणालियों के डिजाइन तथा विनिर्माण के लिए भारत में मौजूद अवसरों तथा प्रतिभाओं का उपयोग करने की अपील की है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां सफरान के विमान इंजनों के रख रखाव , मरम्मत और ओवरहालिग (एमआरओ) केंद्र का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया।

### पुणे मेट्रो का विस्तार होगा, परमानेंट मैग्नेट इंडस्ट्री के लिए 7280 करोड़ की योजना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 4 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 9858 करोड़ रुपये से पुणे मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। वहीं रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने वाली इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए 7280 करोड़ रुपये की योजना लाई गई है। ए मैग्नेट इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), डिफेंस, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में जरूरी होते हैं। इसके अलावा, अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने गुजरात की द्वारका-कनालूस रेलवे लाइन और महाराष्ट्र की कर्जत-बदलापुर रेलवे लाइन को डबल करने की मंजूरी दी है। यानी रेल लाइनों पर और ट्रैक बनाए जाएंगे।

### फरीदाबाद से आतंकी उमर को पनाह देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजधानी में लालकिला के पास हुए कार विस्फोट की वारदात को अंजाम देने वाले आतंकवादी उमर उन नबी को पनाह देने के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद के धौज का रहने वाला शोएब इस मामले में गिरफ्तार होने वाला सातवां आरोपी है। एनआईए की जांच से पता चला है कि शोएब ने 10 नवम्बर को कार बम धमाका होने से पहले उमर को रसद सहायता प्रदान की थी।

### कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** देश की मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा कि अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर उस रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है। अब और नहीं सहन होता। बेटे को मां का आशीर्वाद।

## संक्षिप्त समाचार

### ईटीआईएम मशीनों के डैमेज पर पहली बार वसूली नहीं होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीआईएम) के रख-रखाव और उपयोग से संबंधित नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब इरादतन या गैर-इरादतन किसी भी कारण से ईटीआईएम मशीन के पहली बार डैमेज अथवा खराब हो जाने पर संबंधित कार्मिक से किसी प्रकार की वसूली नहीं की जाएगी। मशीन के प्रतिस्थापन का संपूर्ण व्यय निगम स्वयं वहन करेगा। परिवहन निगम के प्रबंध निद. शक प्रभु एन. सिंह ने बुधवार को सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी कार्मिक द्वारा एक वर्ष की अवधि में मशीन को दोबारा फिजिकली डैमेज किया जाता है या क्षति पहुंचती है, तो ऐसी स्थिति में प्रतिस्थापन व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधित दोषी कर्मचारी से की जाएगी।

### सफरान ने 2030 तक भारत से राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा

**हैदराबाद।** विमान इंजन बनाने वाली फ्रांस की कंपनी सफरान ने साल 2030 तक भारत से अपना राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को यहां सफरान के एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहॉल) सेंटर के उद्घाटन के मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलि. वियर एंड्रीस ने यह बात कही। सीएमएफ इंटरनेशनल लीप इंजन के लिए यह सफरान का सबसे बड़ा एमआरओ केंद्र है। एंड्रीस ने कहा कि हैदराबाद में लीप और एम88 इंजन के लिए बने दो नए एमआरओ केंद्र और बीईएल के साथ हमारा नया संयुक्त उपक्रम हमारे ग्रुप के लिए भारत की अहमियत को दिखाते हैं।

# खड़गे ने संघ व मोदी पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।**



■ **कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा: आरएसएस ने संविधान को बताया था 'पाश्चात्य मूल्यों' पर आधारित**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को संविधान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूंका था।

खड़गे ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के मौके पर देशवासियों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डा. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरु और डा. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के साथ मिलकर संविधान का ही नहीं, एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहां लोकतंत्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारत न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन गया था, लेकिन आज ये पहचान खतरे में है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब संविधान लागू हुआ था, तब आरएसएस जैसे संगठन खुले तौर पर कहते थे कि संविधान 'पाश्चात्य मूल्यों' पर आधारित है और उनका आदर्श तो मनुस्मृति है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस संविधान के खिलाफ थे। आज विडम्बना यह है कि जो लोग कभी संविधान से ज्यादा मनुस्मृति को मानते थे, सत्ता में आने के बाद मजबूरी और राजनीतिक आवश्यकता के कारण उसी संविधान को अपना बताने की कोशिश कर रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि 11 दिसम्बर, 1948 को आरएसएस ने रामलीला मैदान में बड़ा सम्मेलन करके डा. अंबेडकर जी का पुतला भी फूंका था। आरएसएस ने केवल संविधान और तिरंगे का विरोध ही नहीं किया, बल्कि अंग्रेजी राज में जब स्वाधीनता सेनानी जेलों में थे, तो आरएसएस अंग्रेजों के साथ थी और उसी आरएसएस की मोदी जी लाल किले से तारीफ करते हैं। जबकि गांधी जी की हत्या के बाद 30 जनवरी 1948 को आरएसएस पर पहला प्रतिबंध सरदार पटेल जी ने लगाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी हमें कॉलोनाइजेशन के खतरे पर ज्ञान दे रहे हैं, पर ये उसी विचारधारा के लोग हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में, राष्ट्रीय आंदोलन में एक मिनट भी देश की जनता का साथ नहीं दिया, उल्टा अंग्रेजों की गुलामी की। उन्होंने कहा कि देश की जनता जान चुकी है कि संस्थानों को कौन चोट पहुंचा रहा है।

# गरीबों, वंचितों के सुरक्षा कवच संविधान पर नहीं होने देंगे आक्रमण: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को कहा कि हमारा संविधान गरीबों एवं वंचितों का सुरक्षा कवच तथा देश के हर नागरिक की आवाज है और इस पर किसी तरह का हमला नहीं होने दिया जाएगा। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा ष्भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक पवित्र वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता



हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति है और हर एक नागरिक की आवाज है। जब तक संविधान सुरक्षित है, हर भारतीय के अधिकार सुरक्षित हैं। आइए हम प्रण लें कि हम संविधान पर किसी भी तरह का आक्रमण नहीं होने देंगे। इसकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य है।

### मुंबई आतंकी हमले के मृतकों को राहुल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने '26/11' मुंबई आतंकवादी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों को बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मुंबई में 26/11 को हुए दुस्साहसी आतंकवादी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों और आम नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि। भारत उनके साहस, बलिदान और शहादत को कभी नहीं भूलेगा।

# चुनाव आयोग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे बीएलओ: अजय

**जौनपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों और चुनाव आयोग की लापरवाही का खामियाजा कर्मचारी, शिक्षक और बीएलओ भुगत रहे हैं।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पिछड़ी जातियों का वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है। इसी अत्याचार, दबाव और तनाव के कारण शिक्षक आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है।'' श्री अजय राय आज जौनपुर स्थित दिवंगत शिक्षक के मल्हनी स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और बीएलओ



ड्यूटी में मनमाने दबाव को तुरंत रोका जाए। गौरतलब है कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी गांव के निवासी विपिन यादव गोण्डा जिले में सहायक अध्यापक पर तैनात थे, उनकी ड्यूटी एसआईआर के लिए बीएलओ पर तैनात थे। कल उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या कर ली और आरोप लगाया कि वहां के एसडीएम, तसीलदार और बीडीओ उन पर पिछड़ी जातियों का वोट काटने का दबाव बना रहे थे। गांव में मौजूद मृतक के साले प्रतीक यादव ने भी बताया कि बीएलओ ड्यूटी के नाम पर अत्यधिक कार्यभार और दबाव के चलते शिक्षक बिपिन यादव कई दिनों से परेशान चल रहे थे।

## सीएम ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पढ़ाया पाठ

# कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले। कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता। जहां कर्तव्य के बिना अधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, वहां पर लो. कतंत्र नहीं है, बल्कि वहां तानाशाह, व्यवस्था को गिरफ्त में लेकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंदते दिखते हैं।

योगी ने लखनऊ में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 2015 से पूरा देश प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करता है। 1946 में हुए संविधान सभा के चुनाव के



**अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले: मुख्यमंत्री**

उपरांत गठित संविधान सभा ने भारत के संविधान का निर्माण किया था।

उन्होंने कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बनी संविधान सभा ने अलग- अलग कमेटियां बनाई थीं, उसकी ड्रॉफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। योगी ने कहा कि संविधान निर्माण में दो वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे। संविधान निर्माण में जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने योगदान व विशेषज्ञों ने सहयोग किया, उसी का परिणाम है कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की मूल प्रति को लेकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की समिति जब संविधान सभा के पास गई थी तब भी उन्होंने कहा था कि संविधान एक दस्तावेज है, जो भारत की विविधता को एकता में जोड़ने में मार्गदर्शिका के रूप में देश को नेतृत्व प्रदान करेगी। श्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का सशपथ पाठ कराया। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत मां व बाबा. साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया।

इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को बाबा साहेब के नेतृत्व की ड्रॉफ्टिंग कमेटी ने भारत के संविधान की मूल प्रति संविधान सभा को सौंपा था। हर भारतवासी के घर में उसकी प्रति होनी चाहिए। हर परिवार में उसकी प्रस्तावना का वाचन होना चाहिए।

### राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली संविधान के प्रति कर्तव्य पालन की शपथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा, नीतिपरायणता और कर्तव्यपालन की शपथ ली। संविधान दिवस पर आयोजित यह सामूहिक संकल्प न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना, बल्कि भारतीय गणतंत्र की आदर्श भावना को भी पुन: स्मरण कराने वाला क्षण रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारियों ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसके महत्व और संविधान निर्माण में महिलाओं की ऐतिहासिक भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बताया कि संविधान सभा में सरोजिनी नायडू, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख जैसी महिला सदस्यों ने महिलाओं की शिक्षा, समानता,

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 85609.51
निफ्टी 26205.30

सोना रु. 122744
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 152971
प्रति किलो



# शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी सेंसेक्स 1022 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1022.50 अंक (1.21) प्रतिशत उछलकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 320.50 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 26,205.30 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बाजार में रौनक लौटी है। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक आज गिरावट में खुले,



लेकिन खुलते ही हरे निशान में चले गए। बीच कारोबार में सेंसेक्स 85,644.19 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,215.15 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। वैश्विक बाजारों में तेजी के अलावा घरेलू स्तर पर पिछले तीन दिन की गिरावट के बाद कम भाव पर खरीद का असर भी दिखा। छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। एनएसई के सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। धातु, आईटी, बैंकिंग, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। सेंसेक्स की बढ़त में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एलएंडटी का योगदान सबसे अधिक रहा।

# आईआईएम लखनऊ ने शुरू की 99 मूनशॉट्स फेलोशिप

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) लखनऊ ने डॉक्टोरल शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी विशेष पहल '99 मूनशॉट्स - 1999 बैच फेलोशिप' की शुरुआत की है। यह फेलोशिप आईआईएम लखनऊ के पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के 1999 बैच द्वारा संस्थान को प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले शोध कार्य को बढ़ावा देना और संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को मजबूत करना है। फेलोशिप के पहले प्राप्तकर्ताओं के रूप में मिस आयुषी सिंह (ऑपरेशंस एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) और मिस्टर सतीश कुमार (स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट) का चयन किया गया है। आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता ने बुधवार को इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि 1999 बैच का यह योगदान शोध उत्कृष्टता के प्रति उनके गहरे समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दोनों चयनित शोधार्थी भविष्य के प्रभावी शोध की दिशा तय करेंगे। डीन (प्रोग्राम) प्रो. संजय सिंह ने भी 1999 बैच के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इसे शोधार्थियों के लिए प्रेरणादायी कदम बताया। 1999 बैच के सदस्य अशिष भगारे ने कहा कि यह फेलोशिप संस्थान की वैश्विक रैंकिग और शोध उत्पादन को मजबूत करने की दिशा में उनका सामूहिक प्रयास है। इस वर्ष दो पीएचडी शोधार्थियों का चयन किया गया है और आने वाले समय में और भी छात्रों को सहायता प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि डॉक्टोरल प्रोग्राम के चेयरमैन प्रो. पुष्पेन्द्र प्रियदर्शी ने कहा कि यह पहल आईआईएम लखनऊ की शोध प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगी।

# चावल, गेहूं में टिकाव, चीनी, दालें मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चावल के साथ गेहूं में भी टिकाव रहा। आवक कम रहने से चीनी और दालों के दाम चढ़ गए जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.72 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं भी 2,857.42 रुपये पर कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहा। आटे की कीमत भी लगभग स्थिर रही। दालों में मजबूती रही। मूंग दाल भी 25 रुपये और मसूर दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का भाव चार रुपये और चना दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। उड़द दाल की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 32 रिंगिट चढ़कर 4,022 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50.86 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सरसों तेल चार रुपये प्रति



क्विंटल सस्ता हुआ। अन्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल के भाव 42 रुपये और सूरजमुखी तेल के चार रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। वनस्पति 54 रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। चीनी भी तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7884.82 रुपये, मसूर काली 8177.93 रुपये, मूंग दाल 10123.08 रुपये, उड़द दाल 10371.47 रुपये, तूअर दाल 10623.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.42 रुपये और चावल 3854.72 रुपये प्रति क्विंटल।

### संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिक प्रतिबद्धता दिखाएं: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर नागरिकों से भारतीय संविधान के बुनियादी सिद्धांतों के प्रति अपना समर्पण दिखाने की अपील की। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि को याद किया और न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा भाईचारे को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। ये मूल्य भारत की लोकतांत्रिक पहचान को परिभाषित करते हैं। उन्होंने लिखा, हम संविधान दिवस पर उस दूरदृष्टि को याद करते हैं, जिसने भारत के लोकतंत्र की नींव रखी। इस संविधान दिवस पर, आइए हम न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के प्रति अपने आपको फिर से समर्पित करें-ए वे सिद्धांत हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अंबेडकर व...**

का बेटा सांसद न बन पाता। उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से कहा कि वह कुर्बानी के लिए तैयार हैं, लेकिन झुकने वाले नहीं। बिना नाम लिए बसपा पर कटाक्ष किया कहा कि मान्यवर कांशीराम ने लंबी लकीर खींच दी थी , लेकिन कुछ लोगों ने जिनसे संघर्ष था, उन्हीं से समझौता कर लिया। चंद्रशेखर आजाद ने यहां उमड़े अपार जनसमूह खासकर युवाओं में खूब जोश भरा, उन्होंने मौजूदा लोगों के जज्बात टटोलते हुए कहा कि बुलडोजर से घरों को जमींदोज किया जा रहा है, जो बोलता है, उसके घर पर बुलडोजर चल जाता है या ईडी का डर दिखाया जाता है, जो इनका विरोध करता है, वह राष्ट्रविरोधी हो जाता है और जो पार्टी ज्वॉइन कर ले, वही राष्ट्रवादी बन जाता है। उन्होंने कहा कि अब होशियार होने की जरूरत है, अब नहीं जागे, तो सोच लो 50 साल बाद यह देश कहां खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि लड़ाई किसी कि पूंछ नहीं, बल्कि मूछ बनने की है। उन्होंने कहा कि पूंछ कितनी भी लंबी हो, लेकिन मूंछ हमेशा ऊपर ही रहती है। उन्होंने मुस्लिम समाज से भी आह्वान किया कि जुल्म इतना बुरा नहीं होता, जितना उस जुल्म के सामने खामोश रहना। उन्होंने कहा कि तुगलकाबाद में उन्हें लाठियों से पीटा गया, देवबंद में उन्हें गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि हमलावर जानते हैं कि यदि वह 10 साल और जिंदा रहा, तो दिल्ली की कुर्सी पर बैठेगा। इस दौरान आसपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ा, भीम आर्मी भारत एकता मिशन राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव कमल सिंह वालिया, राष्ट्रीय महासचिव रविंदर भाटी, जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक मोहम्मद गाजी, पूर्व सांसद अमीर आलम, नवाजिश आलम, पूर्व विधायक शाहनवाज राना, रंजनवीर एडवोकेट, सतपाल चौधरी, रविन्द्र भाटी शामिल रहे।

# भारत के विकास की गतिशीलता पर दुनिया की नजर: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि देश आज भले ही तेजी से विकास कर रहा है और जल्द ही हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे लेकिन बदलते वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में चुनावी, न्यायिक, वित्तीय आदि क्षेत्रों में और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है।

राधाकृष्णन ने 'संविधान दिवस' पर यहां संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की करते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही तीसरा स्थान हासिल कर लेगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,



**वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में चुनावी, न्यायिक वित्तीय आदि क्षेत्रों में और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत: उपराष्ट्रपति**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने इस दौरान डिजिटल माध्यम में संविधान को नौ भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगू, उड़िया और असमिया में जारी कर संविधान से कला और कैलीग्राफी बुकलेट का अनावरण भी किया। उपराष्ट्रपति ने संविधान दिवस को पावन दिवस बताते हुए कहा कि इसी दिन 1949 में, स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने हमारे पवित्र संविधान को अंगीकृत किया था और 2015 से देश 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मना रहा है। यह दिन अब नागरिकों के लिए उत्सव बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चेतराम हत्याकांड में पुत्र सुधीर को आजीवन कारावास, जुर्माना

## शराब के लिए पैसे न देने पर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे प्रथम ने नूरपुर के बहुचर्चित चेतराम हत्याकांड में अभियुक्त व मृतक के पुत्र सुधीर को आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं

प्राप्त समाचार के अनुसार 11 अप्रैल, 2021 को वादी शेर सिंह पुत्र छंगा निवासी ग्राम अस्करीपुर ने थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि सुधीर ने शराब पीने के लिए अपने पिता चेतराम से रुपए मांगे। चेतराम ने सुधीर को शराब पीने के लिए रुपए नहीं दिए। जिस पर सुधरी आग बबूला हो गया और उसने अपने पिता चेतराम के हाथ-पैर बांध दिए। जिससे वादी के चाचा व अभियुक्त के पिता चेतराम की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 131/2025 धारा 304 आईपीसी में पंजीकृत किया था। पुलिस ने वारदात के दिन ही अभियुक्त सुधीर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया था। नूरपुर पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। हालांकि पुलिस ने धारा 304 में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। लेकिन न्यायालय ने अभियुक्त सुधीर को हत्या की धारा 302 का दोषी माना और उसे आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपए का अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई।

# एमएम कॉलेज में संविधान दिवस मनाया

## प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना की ली शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के एम.एम. इंटर कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ ली।

प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने बताया कि भारत अपने संविधान को अपनाए जाने की 76वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है, क्योंकि 1949 में इसी दिन संविधान को अपनाया गया था। यह दो माह बाद 26 जनवरी 1950 को भारत में लागू हुआ था।

उन्होंने यह भी बताया कि भारत का संविधान देश के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी ढांचे को परिभाषित करने वाला एक आधारभूत दस्तावेज है।

इस अवसर एम.एम. इंटर कालेज से अंबेडकर पार्क तक स्वयं सेवक सेविकाओं ने संविधान दिवस पर संविधान लेकर पदयात्रा की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर एवं सरिता यादव, योगेंद्र सिंह, सोमदेव सिंह, शहजाद अहमद, विमलेश चौहान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक रामकुमार सिंह गौतम द्वारा किया गया। निबंध प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## एक नजर

### चौधरी वीर सिंह हाउस अरेस्ट



**चांदपुर।** बिजनौर से लापता नाबालिग छात्रा कनक की सकुशल बरामदगी न होने के विरोध में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह द्वारा 26 नवंबर को सभी संगठनों को साथ लेकर महापंचायत की घोषणा की गई थी, जिससे जिला प्रशासन भारी दबाव में था और दो दिन से शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह को हाउस अरेस्ट किया गया था और आज सुबह अचानक ही पुलिस द्वारा चौधरी वीर सिंह को अपने स्थान पर ले जाकर नजर बंद कर दिया गया। युवा जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता ने कहा कि कनक को अभी तक बरामद न कर पाना जिला पुलिस की नाकामी है और पुलिस शिवसेना नेताओं को परेशान कर रही है। आज सुबह से ही शिवसेना नेताओं से पुलिस अधिकारियों ने संपर्क कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी सिटी ने आश्वासन दिया कि कनक को हम जल्द ही आप सभी के बीच वापस लाएंगे। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ता का आक्रोश शांत हुआ और चौधरी वीर सिंह को पूरे सम्मान के साथ उनके आवास तक पहुंचाया गया। इस दौरान चौधरी वीर सिंह के आवास पर शिवसेना कार्यकर्ताओं व स्थानीय ग्रामीणों और शुभचिंतकों का जामवाड़ा लगा रहा। जिला उप प्रमुख मुकेश, अंतरिक्ष कौशिक, महिपाल सिंह, रानू ठाकुर, रोबिन सैनी, शानू कुमार, तुषार रस्तोगी, मनु गुप्ता सहित दर्जनों शिव सेना कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी से मिलकर पुनः छात्र करने की सकुशल वापसी की मांग की।

### घायल शुऐब का इंतकाल



**अफजलगढ़।** सोमवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल शुऐब (32 वर्ष) पुत्र शरीफ अहमद निवासी मौहल्ला जैनुल आबिदीन का देर रात इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। हादसे में घायल शुऐब को पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। परिजन उसे काशीपुर स्थित स्होता अस्पताल ले गए थे। उसके इंतकाल से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। वालिद शरीफ अहमद ने बताया कि शुऐब स्वभाव से बेहद मिलनसार, हसमुख और समाजसेवी था। सोमवार रात करीब 8:30 बजे वह किसी कार्य से बस स्टैंड के समीप स्थित अली मस्जिद जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर अज्ञात बाइक की टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हो गया। घायल शुऐब के पीछे उसकी बाइक पर उसका मित्र नाइफ पुत्र नईम भी बैठा था, जो घायल है और उसका भी इलाज काशीपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक सवार ग्राम झाड़पुरा भागीजोत का रहने वाला है और उसका भी इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। उनके जनाजे में मौलाना शफीक, शेख इरशाद हुसैन, अब्दुल्ला एड., चेयरपर्सन पति जावेद विकार, इस्लामुद्दीन, हसीब आदि शामिल रहे।

# मुस्लिम फंड के संस्थापक काजी जकी का इंतकाल

## समाजसेवा के क्षेत्र में रहे हमेशा आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मुस्लिम फंड नजीबाबाद के संस्थापक एवं जानेमाने समाजसेवी काजी आईएच जकी का इंतकाल होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके इंतकाल से हर कोई गमगीन दिखाई दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार काजी आईएच जकी (80 वर्ष) का बीमारी के चलते आज दोपहर इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल से नजीबाबाद सहित मुस्लिम फंड की सभी ब्रांचों में शोक छा गया। काजी आईएच जकी मुस्लिम फंड के संस्थापक होने के साथ जाने-माने समाजसेवी भी थे। वह एक अच्छे इंसान के तौर पर पहचाने जाते थे। उनका सामाजिक कार्यों में काफी बड़ा योगदान रहा है। मुस्लिम फंड की दिल्ली व मुंबई तक ब्रांच है। काजी आईएच जकी ने अपने प्रयास से मुस्लिम फंड का नजीबाबाद से विस्तार करने के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में आगोश चैरिटेबल अस्पताल तथा प्राइवेट आईटीआई की स्थापना भी की थी। काजी आईएच जकी बीमारी के बावजूद मुस्लिम फंड को संचालित करने तथा समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे। काजी आईएच जकी के नजीबाबाद की गंगा जमुना तहजीब को कायम रखने तथा हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत बनाने के लिए कांवरती सेवा शिविर के साथ अनेक महत्वपूर्ण कार्य है।

सपा विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजी. मुअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के साथ अन्य प्रमुख लोगों ने उनके इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया है। हिंदू समाज के प्रमुख लोगों ने भी उनके इंतकाल को गरीब अवाम का बड़ा नुकसान बताया है। शाह टाइम्स परिवार उनकी मगफिरत की दुआ करता है।

# लोकेंद्र चौधरी के कुशल नेतृत्व में कार्य

## बीएलओ नसरीन के साथ फार्म भरने को उमड़ी भीड़



**विशेष संवाददाता**

**बिजनौर।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत कस्बा झालू के वार्ड नम्बर छह, बूथ संख्या 376 मौहल्ला मिर्दगान/महाजनान में बीएलओ नसरीन द्वारा मतदाता सूची के फार्म भरवाए गए। अभियान के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी का विशेष रूप से सक्रिय और प्रभावशाली नेतृत्व देखने को मिला।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने, सुधार कराने और दस्तावेज अपडेट कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उनकी उपस्थिति से क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग फार्म भरने पहुंचे। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि सही और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है। हर पात्र व्यक्ति का नाम सूची में होना आवश्यक है और इसके लिए नगर पंचायत पूर्ण सहयोग करेगी। इस मौके पर बीएलओ नसरीन व उनकी टीम ने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही फार्म भरवाकर सहायता प्रदान की। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने भी नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए सकारात्मक कदम बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी हमेशा से नागरिकों की मदद करते आ रहे है। जिसकी वजह से नागरिकों को कोई परेशानी नहीं होती है। नगर में सभी अभियान हमेशा सफल रहते है।

# दंडात्मक कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के नेतृत्व में राष्ट्रपति/ प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि मध्य प्रदेश के एक आईएएस संतोष वर्मा जो एससी/ एसटी अधिकारी/ कर्मचारी संगठन का प्रांतीय अध्यक्ष बना हुआ है ने ब्राह्मण समाज की बेटियों के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग किया है। उसने कहा है कि जब तक मेरे बेटे को ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दें तब तक आरक्षण मिलना चाहिए। इस दुस्साहसी, बुद्धि हीन व्यक्ति ने अमानवीय भाषा बोल. कर आईएएस पद की गरिमा एवं संपूर्ण सभ्य समाज का अपमान किया है। इसलिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस कुंठित, ओछी, दिवालिया मानसिकता के व्यक्ति को तत्काल बर्खास्त कर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

ब्राह्मण महासभा ने ज्ञापन द्वारा मांग की है कि ब्राह्मण, स्वर्ण एवं सभ्य समाज के विरुद्ध गंदी भाषा का प्रयोग करने वाले संतोष वर्मा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर उनके विरुद्ध जांच बैठा कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ताकि समाज में गंदे शब्दों द्वारा जहर घोलने वालों को सबक मिल सके। अन्यथा की स्थिति में ब्राह्मण समाज ही नहीं, भारत का संपूर्ण सभ्य समाज इसके विरोध में सड़कों पर उतरकर जबरदस्त आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार की होगी।

ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एड., सीबी बरौला, आलोक भारद्वाज, रजनीश कौशिक, आशुतोष शर्मा एड., विकास कौशिक एड., नवीन कुमार आदि शामिल रहे। इसके साथ ही जिलाधिकारी को भी एक प्रार्थना पत्र देकर मध्य प्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध टिप्पणी करने पर उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की गई है।

## प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक

**बिजनौर।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक आर्य समाज परिसर स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें मेरठ से प्रकाशित दैनिक हिंदू समाचार पत्र के संपादक महावीर प्रसाद शशि (91 वर्ष) के निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों के लिए इस दुखद घड़ी में साहस व धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं दैनिक हिंदू के जिला प्रभारी डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने बताया कि बीमारी के चलते शशि का रविवार को निधन हो गया। जिनका उनके वरिष्ठ पुत्र मुकेश गोयल सहित अन्य परिजनों द्वारा उनका अंतिम संस्कार गढ़मुक्तेश्वर ब्रजघाट पर किया गया। पत्रकार जगत के लोग उन्हें बाबूजी के नाम से ही पहचानते थे। स्वर्गीय शशि ने पत्रकारिता में रहते गौरक्षा आंदोलन का भी नेतृत्व किया था। पत्रकार जगत में उन्हें हमेशा सशक्त लेखनी व निष्पक्ष विचारधारा के रूप में याद किया जाता रहेगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष आलोक भारद्वाज, नवीन गर्ग, अवनीश गौड़, अबरार अहमद, दीपेंद्र त्यागी, हैदर अली, चंद्रमणि एवं आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं ने ली भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ लॉ, बिजनौर में संविधान दिवस (राष्ट्रीय विधिक दिवस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर समस्त प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गयी। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने सम्बोधित करते हुए भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि संविधान, किसी भी देश का मौलिक कानून है जो सरकार के विभिन्न अंगों की रूपरेखा और मुख्य कार्य का निर्धारण करता है।

## एक नजर

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम



**बिजनौर।** लाइफ लाइन हॉस्पिटल की ईएनटी डॉ. साक्षी नेगी ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना और लाइफलाइन हॉस्पिटल का नाम दर्ज कराया। दस साल के बच्चे के मुंह से सफलतापूर्वक आज तक का सबसे बड़ा 13.5- 4.5 सेंटी मीटर पोलिप निकाला।

### मूल निवासी संघ ने निकाली पदयात्रा



**बिजनौर।** आज संविधान दिवस के अवसर पर मूल निवासी संघ के बैनर तले एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। जिसमें जिला प्रभारी भीम सिंह, अध्यक्ष शशि कला गौतम, राम कुमार (एनईसी), राजपाल सैनी, राजीव धीमान, लोकेश, बबीता, रानी, गीता रानी, दिलावर सिंह, बसंत, सुनील सैनी, अजय पाल सैनी, सोमपाल सैनी आदि ने प्रतिभा किया।

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**अफजलगढ़ ।** ग्राम जामुनवाला में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन देहरादून से आए कथा वाचक आचार्य श्यामसुंदर गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली झांकी देख कर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा वाचक आचार्य श्याम सुंदर गौतम ने कृष्ण जन्मोत्सव व वासुदेव के माध्यम से सुप में रखकर जमना पार उन्हें गोकुल छोड़ने का प्रसंग सुनाया। वहीं कृष्ण लीलाओं के अंतर्गत पूतना वध का वर्णन करते हुए पूर्व जन्म में राजा बलि की बहन का होना बताया तथा पूर्व में पूतना के कृष्ण को अपना दूध पिलाने की याचना पर द्वापर युग में लीला पूतना की कामना पूर्ण करते हुए उस का वध कर उद्धार कर दिया। उन्होंने बताया कि भगवान अपने भक्तों का उद्धार करने के लिए लीला रचते है। मनुष्य को सदा शुभ कर्म व ईश्वर में ध्यान लगाना चाहिये। इस मौके पर कथा में बिहारी लाल ध्यानी, किशन लाल ध्यानी, किशोरी लाल ध्यानी, शेखर चंद, सुरेश चंद, मदन चंद, प्रदीप, कुलदीप, रामप्यारी, सीमा, सुलोचना आदि श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। कथा के अंत में दूर दराज से आए सभी श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया।

### स्वास्थ्य शिविर 30 दिसंबर तक बढ़ा

**बिजनौर।** गोविंदपुर-खारी स्थित स्वास्थ्य-संयम संस्थान ने स्वास्थ्य शिविर की अवधि में बदलाव करते हुए इसे 20 दिसंबर से बढ़ाकर 30 दिसंबर तक चलाने का निर्णय लिया है। बढ़ती भीड़ और प्राकृतिक चिकित्सा सेवाओं की मांग को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। संस्थान के संच. ालक डॉ. रण सिंह आर्य ने बताया कि आगामी महीने (दिसंबर-जनवरी) में 1, 11 और 21 तारीख को आवासीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं 31 दिसंबर 2025 से 17 फरवरी 2026 तक शिविर बंद रहेंगे। शिविरों का संचालन 18 फरवरी 2026 से पुनः शुरू होगा।

# कांग्रेसियों ने मनाया संविधान दिवस

## संविधान की रक्षा का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेसियों ने संविधान दिवस मनाते हुए इसकी रक्षा का संकल्प लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला कांग्रेस कार्यालय पर भारत के संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष रामपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं आमजन सम्मिलित हुए। सभी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। जिलाध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। यह संविधान हमें समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता का संदेश देता है। बिजनौर की जनता से मेरा आव्हान है कि हम सब मिलकर संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा करें और बाबासाहेब के सपनों को साकार करें।

मुख्य अतिथि रामपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष बिजनौर जैसे क्षेत्रों के लाखों वंचितों के लिए प्रेरणा स्रोत है। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए हर कीमत पर खड़ी है और खड़ी रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने संविधान दिवस के अवसर पर संकल्प लिया कि बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम भारत को एक मजबूत, समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख बाजारों में अभियान चलाया तथा संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां दुकानदारों को वितरित कीं। अपनी-अपनी दुकानों पर प्रदर्शित करने का अनुरोध किया। दुकानदारों ने उत्साह के साथ प्रतियां लगाईं और बाबासाहेब को नमन किया।

इस अवसर पर पूर्व आईएएस आर.के. सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, मौहम्मद अकबर, वसीम अकरम, मौहम्मद सलीम, हुकुम सिंह, अनिल त्यागी, गुलशन कुमार, सुकेश कुमार, जहांगीर जैदी, मिशबा. बुल हसन, हरिराज सिंह, जाफर हसनैन, यूसुफ अंसारी, दिलेराम, मौहम्मद समीर, अरशद आलम, मौहम्मद हनीफ, शारिक अली, अर्जुन सिंह, महेश कुमार, रतिराम सिंह, धर्मवीर सिंह, नाजिम जबी अंसारी, मेहरूनिसा, रईस कुरैशी, नदीम फारूकी, सुखराम सिंह, नदीम फरीदी, सुधीर कुमार, राम रतन सिंह, रति राम सिंह, सलेक चंद, राज. कुमार, रवींद्र कुमार, राम सिंह, फराज, शोएब, अमन, याहया, कमर, जिल्लुर रहमान, फरहान, आदेश कुमार, सलीम अंसारी, हाजी अहसान, विश्वमोहन सिंह, रिजवान, रणधीर सिंह, आर.एस. कोठारी, अश्व सिंह, गोपेंद्र कुमार, विनेश कुमार, अखिलेश कुमार, अजीम अंसारी, जसराम सिंह, मुमताज, मौहम्मद सलीम, लोकेंद्र, अरविंद कुमार, अवनीश कुमार, सोमपाल सिंह, रामचंदर, सुकंदीलाल, राम दुलार, विकुल कुमार, मिथुन कुमार, फरीद खान, प्रदीप ठाकुर, साहिल अकील, अमन सिद्दीकी, प्रदीप कुमार, हरि सिंह, शीशपाल सिंह, अंकित कुमार, आकाश, शोएब, मोहम्मद फैज, अर्जुन, अहसन जमील, आसिफ हुसैन, करण सिंह, शीशराम, राज कुमार, योगेंद्र, रोहित कुमार, फैसल हुसैन, निजामुद्दीन, आसिफ, फुरकान महमूद अंसारी, मौहम्मद आसिफ, सिराजुद्दीन, डॉ. इकबाल अहमद सिराज, सुमित कुमार, मलखान सिंह समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### संगीतमय भागवत कथा



**नजीबाबाद।** ग्राम जहानाबाद में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। पंडित योगेंद्र शर्मा ने विधि विधान से पूजन कराया। वृंदावन से आए रसिक दास महाराज ने कथा सुनाई। जहानाबाद के डॉ. विजय पाल, नौबहार, मान सिंह, राहुल देव शर्मा, शशिकांत, सत्यम, सतेंद्र, विवेक कुमार, शिवम शर्मा, अतर सिंह, अंकित शर्मा, नंदकिशोर आदि का सहयोग रहा।

### नवजात शिशु का शव मिला

**बढ़ापुर।** बढ़ापुर-कुंजैटा मार्ग पर नकटा नदी में बन रहे बांध के पास कुछ लोगों ने एक नवजात शिशु का शव पड़ा देखा। शव मिलने पर मौहल्लेवासियों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और तरह तरह की चर्चाएं होने लगी। उन्होंने शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंदर कुमार शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मौहल्लेवासियों से जानकारी कर नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### जामा मस्जिद के समीप कैम्प लगाया




**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नजर सराय में सभासद पति मौहम्मद शहजाद के आवास पर एसआईआर के फॉर्म भरने का कार्य किया गया। मुमताज हुसैन में जमीयत उलेमा ए हिंद हल्का अफजलगढ़ की ओर से आठ दिवसीय एसआईआर फार्म भरवाने व जमा कराने को लेकर चौथे दिन जामा मस्जिद के समीप कैम्प लगाया गया। जिसमें मुफ्ती सईदुर्रहमान, मुफ्ती नईम अहमद, मौलाना गुफरान, पत्रकार शुऐब कुरैशी, फईम कस्सार सहित युवा टीम के नेतृत्व में करीब 157 फार्म बीएलओ को जमा करा दिए गए थे। बुधवार को नगर के मौहल्ला मुमताज हुसैन पर स्थित जामा मस्जिद के समीप चौथे दिन उजमीयत उलेमा ए हिंद हल्का अफजलगढ़ की ओर से एसआईआर फार्म भरवाने व जमा कराने को लेकर नगरवासियों के फार्म जमा कराने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अब्दुल कादिर, समीर जहीर खान, फईम कस्सार, समीर अहमद, कारी जुनैद अहमद, फैजान आदि उपस्थित रहे।

### साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया

**बढ़ापुर।** सब्जी मंडी चौक पर उपनिरीक्षक कलीम मौहम्मद व हेड कांस्टेबल प्रवेंद्र सिंह ने लोगों को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों को बताया कि वह अपने बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें। अवैध वेबसाइटस और संदिग्ध एप्स से बचें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। संदिग्ध वीडियो कॉल पर किसी तरह की बात न करें। अपने सोशल मीडिया अकाउंट की गोपनीयता सेटिंग को सुरक्षित रखें और कोई भी साइबर क्राइम की ओर से कॉल आती है तो तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करने आदि संबंधित उसकी जानकारी दी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### फादरसन में संविधान दिवस मनाया



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र की आधारशिला को सम्मान देते हुए संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुई। इस गरिमामयी अवसर पर सामाजिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष नितिन काकरान ने संस्था प्रमुख अमन कुमार सूर्यवंशी को भारतीय संविधान की उद्देशिका भेंट स्वरूप प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने संविधान की प्रस्तावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संविधान के महत्व और इसमें निहित आदर्शों के बारे में बहुत ही सुंदर ढंग से समझाया, जिससे सभी उपस्थित जन लाभान्वित हुए। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा है। उन्होंने सभी छात्रों और शिक्षकों को संविधान का पालन करने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ हुआ।

### संविधान दिवस पर प्रेरणादायक कार्यक्रम



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में शासन के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शीर्षक हमारा संविधान स्वाभिमान रखा गया, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना जागृत करना था। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सर्वप्रथम भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इसके उपरांत उन्होंने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संविधान के आदर्शों और सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. उदिता राजपूत और मौहम्मद आरिफ के कुशल निर्देशन में आयोजित हुआ। इस गरिमामय अवसर पर प्राचार्या के अतिरिक्त प्रो. अशोक कुमार, प्रो. दिनेश सिंह और मौहम्मद सुलेमान सहित महाविद्यालय के अन्य गणमान्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने जन चौपाल में किया जागरूक

**कोतवाली देहात।** थाना पुलिस द्वारा ग्राम हाजीपुर में जन चौपाल लगाकर महिलाओं को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि मोबाइल का प्रयोग बेहद सतर्कता के साथ करना चाहिए। आजकल साइबर ठगी के मामले बढ़े हैं, जिन्हें जागरूकता से रोका जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वूमेन पावर लाइन, वीमेन हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा में गर्भवती महिला एवं शिशुओं हेतु एंबुलेंस सेवा सहित कई सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम को रोकने के लिए जागरूक होना बेहद आवश्यक है। किसी भी को भी ओटीपी न बताएं। सभी सतर्क रहें। इस दौरान थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर, विपिन कुमार, प्रीति पवार, सीमा मान, अंकुर मान, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिवम की हत्या के मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नहटौर मार्ग स्थित ग्राम भटियाना खुशहालपुर में 20 नवंबर को हुई शिवम की हत्या के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।



पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी हरेंद्र उर्फ नन्हे पुत्र जयपाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि मृतक शिवम (24 वर्ष) जम्मू-कश्मीर में प्राइवेट नौकरी करता था और इन दिनों छुट्टी पर अपने गांव आया हुआ था। 20 नवंबर की रात शिवम अपने चचेरे भाई के घर से वापस लौट रहा था, तभी सुनसान सड़क पर आरोपियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया। उसके सिर, आंख और नाक पर गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई।

मृतक के ताऊ कल्याण सिंह ने बताया कि उनके परिवार और आरोपी पक्ष के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही थी। इसी पुरानी दुश्मनी के चलते शिवम की हत्या की गई है। परिवार में शिवम इकलौता पुत्र था, जिससे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा करने का दावा कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी हरेंद्र उर्फ नन्हे पुत्र जयपाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### संविधान शपथ समारोह



**धामपुर।** श्री राम ग्रुप आफ कॉलेज एड हॉस्पिटल पीपलसाना में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर संविधान शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को संविधान के प्रति जागरूकता सम्मान एवं राष्ट्रीय कर्तव्यों की भावना को विकसित करना रहा। शुभारंभ कॉलेज अध्यक्ष डा. एनपी सिंह एवं डा. शिखा सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान केवल कानून ही नहीं बल्कि भारत की लोकतांत्रिक आत्मा और संस्कृति का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के प्रति अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डा. ममता सिंह ने संविधान के महत्व एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला और सभी को संविधान में वर्णित अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। शपथ समारोह में संस्था के समस्त फैकेल्टी डा. रविंद्र सिंह, त्रिवेंद्र सिंह राणा, चंचल सैनी, हिमांशु कुमार, तनु ज्योति, रूबी समस्त स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने एक स्वर में संविधान की शपथ ली और राष्ट्रीय एकता, न्याय एवं बंधुता के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। उन्होंने संविधान दिवस को देशभक्ति, एकता एवं कर्तव्य निष्ठा का प्रतीक बताया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय हित एवं संविधान की गरिमा को सर्वोपरि मानने की प्रतिज्ञा के साथ किया गया।

# मुजफ्फरनगर रैली में पहुंचे आसपा कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आजाद समाज पार्टी द्वारा आयोजित संविधान अधिकार बचाव भाईचारा बनाओ महारैली में शामिल होने के लिए किरतपुर से युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। युवा नेता अशरफ जमील के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह से ही एकत्र हुए और जोश व नारों के बीच मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए।



रैली में शामिल होने निकले कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह यात्रा केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि संविधान, भाईचारा और सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूत करने का संकल्प है। युवा नेता अशरफ जमील एडवोकेट ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी संविधान की मूल भावना, समानता, न्याय और भाईचारे को सबसे बड़ा हथियार मानती है और उसी को बचाने के लिए यह विशाल रैली निकल रही है।

इस मौके पर फहद अली खान ने भी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी समाज के हर कमजोर और अधिकार. विहीन व्यक्ति की आवाज बनकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि किरतपुर से इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का निकलना यह बताता है कि जनता बदलाव चाहती है और अपने अधिकारों को लेकर जागरूक है। काफिला रवाना होते समय कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखते ही बनता था। रैली में मुख्य रूप से शेख मसरूर पूर्व सभासद, नदीम अहमद पूर्व सभासद, हैदर भाई, सलमान, आजम, वसील, सादिक, नबील अहमद आदि शामिल रहे।

### साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी



**नहटौर।** पंचायती मंदिर में स्थित जैन मंदिर में साइबर फ्रॉड से बचने के लिए व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड से सतर्कता से बचा जा सकता है। आपके नंबर पर आने वाली कॉल को लेकर सतर्कता बरते। साइबर ठग रिश्तेदार, दोस्त आदि बनकर भी कॉल करते हैं। इसके अलावा कभी भी आपके नंबर पर आने वाले ओटीपी किसी को न बताएं। साथ ही अपने बैंक संबंधी जानकारी भी फोन पर किसी को न दें। पुलिस अधिकारी आदि बनकर फोन करने वालों से भी सतर्क रहें। उन पर सहायता ली जा सकती है। इस मौके पर एएसआई कुलजीत सिंह, भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन आदि मौजूद रहे।

### सीओ कार्यालय पर मनाया संविधान दिवस



**नगीना।** संविधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगीना द्वारा अपने कार्यालय पर मौजूद समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं विधि-सम्मत कार्य करने की संविधान शपथ दिलाई गई। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि अथक प्रयास के बाद 26 नवंबर 1949 के दिन भारत के संविधान को अपनाया गया था। भारत का संविधान देश के लोगों के लिए एक जीवंत और प्रेरणादायक दस्तावेज है। जिसने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के बंटवारे को औपचारिक रूप दिया है। किसी भी सभ्य समाज के संचालन के लिए कुछ नियम कायदों की जरूरत होती है। लोकतांत्रिक प्रणाली में संविधान के जरिए इसकी व्यवस्था की जाती है। इस मौके पर कार्यालय पर मौजूद समस्त पुलिस स्टाफ ने शपथ ली।

## एक नजर

### कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कोतवाली** देहात। नगीना निवासी साकिब हबीब ने थाना कोतवाली देहात में तहरीर देकर बताया कि 15 नवंबर की रात्रि को उसका भाई रागिब अपनी पत्नी के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह बनवारीपुर की पुलिया पर पहुंचा तो पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चालक रागिब तथा उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया था। सोमवार को मेरठ में उपचार के दौरान रागिब की मौत हो गई। रागिब के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कर चालक अमित कुमार निवासी ग्राम समीपुर थाना नजीबाबाद के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अभाकिस ने सौंपा मांग पत्र



**स्योहारा।** अखिल भारतीय किसान सभा इकाई ने किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 12 सूत्रीय मांग पत्र जारी किया। ज्ञापन में किसानों की आर्थिक समस्याओं, बढ़ती लागत गन्ना मूल्य, बिजली दरों, उर्वरक उपलब्धता तथा वन्य जीवों से फसल नुकसान जैसे मुद्दों पर तत्काल समाधान की मांग की गई है। किसान सभा ने कहा कि गन्ना मूल्य में जल्द बढ़ोतरी की जाए और सामान्य व रिजर्व दोनों श्रेणियों में समान मूल्य लागू किया जाए। साथ ही पर्ची में हेराफेरी रोकने, पर्ची समय पर देने और गन्ना परिवहन व पर्ची संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारू करने की मांग भी शामिल है। मांगपत्र में किसानों का कर्ज माफ करने, 200 रुपये दैनिक मजदूरी के साथ 700 रुपये मनरेगा मजदूरी, सभी को राशन कार्ड और 10,000 रुपये मासिक पेंशन की मांग की गई है। बिजली बिल 2025 वापस लेने और किसानों को मुफ्त बिजली तथा प्रीपेड स्मार्ट मीटर बंद करने पर भी जोर दिया गया। किसान सभा ने विदेशी कॉरपोरेट कंपनियों के कृषि क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगाने, उर्वरक कालाबाजारी खत्म करने और सस्ते दामों पर खाद उपलब्ध कराने की भी मांग रखी है। इसके अलावा अवारा पशुओं, बंदरों और जंगली जानवरों से फसल बचाव के लिए प्रभावी व्यवस्था करने को कहा गया। किसान नेताओं का कहना है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष तुलाराम, जिला सचिव फरीद अहमद, निसार अहमद अन्य लोग मौजूद रहे।

### गन्ना भुगतान न होने से रोष



**बरूकी।** बिलाई मिल गन्ना भुगतान को लेकर आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक ग्राम शाहपुर सैदू में विकास चौधरी के निवास पर संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि बैठक के दौरान संगठन की ओर से बिलाई मिल प्रशासन को गन्ना भुगतान के लिए 25 नवंबर तक का समय दिया गया था, लेकिन आज तक बिलाई मिल द्वारा बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया गया है। जबकि इस वर्ष मिल द्वारा लगभग 75 करोड़ रुपए के गन्ने की खरीद की जा चुकी है। विकास चौधरी ने कहा कि बिलाई मिल की बकाया गन्ना भुगतान की रफ्तार को देखते हुए लगता है कि इस वर्ष बिलाई मिल द्वारा 200 करोड रुपए का गन्ना खरीद कर इस वर्ष का गन्ना भुगतान शुरू किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने तय किया कि बकाया गन्ना भुगतान को लेकर 3 दिसंबर से बिलाई मिल के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, प्रदीप कुमार, मुस्तकीम अंसारी, वीरेंद्र सिंह, रोहित कुमार, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, धीर सिंह, नितिन कुमार, मोहित कुमार, अवनीश कुमार, मानेन्दर सिंह, सौरभ कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।


## कार्यालय : नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर

पत्रांक:- 466/निवि.सू./न.पं.झालू/2025-26 दिनांक:- 26/11/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त रजिस्टर्ड फर्म/सप्लायर को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत झालू, जनपद बिजनौर में राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जलौनी बूटेदार लकड़ी की आपूर्ति हेतु दिनांक 21.11.2025 से दिनांक 04.12.2025 को मध्यान्ह 02:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/सप्लायर्स अपनी निविदा निर्धारित समयावधि में निकाय कार्यालय में रखी निविदा पेटिका में डाल सकते है। दरे प्रति कुन्तल में देय होगी। निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा की जायेगी, जो निकाय के खाता संख्या-0716000100181056, IFSC कोड PUNB0071600, पी.एन.बी. बैंक शाखा झालू में देय होगी। धरोहर राशि नकद रूप में उपरोक्त खाता संख्या में ऑनलाईन/ एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में (जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत झालू के नाम से अनिवार्य रूप से बंधक होगी) भी मान्य होगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की ट्रांजेक्शन आई.डी. (ऑनलाईन जमा किये जाने की स्थिति में) निविदा के समय निविदा डोक्यूमेन्ट्स के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य जीएसटी सहित | जमानत धनराशि | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शीतलहर हेतु बूटेदार जलौनी लकड़ी की आपूर्ति दर प्रति कुन्तल। | 1000.00 +180.00= 1180.00 | 50,000.00 | आवश्यकतानुसार |

1:- निविदा प्रपत्र निकाय कार्यालय में निविदा मूल्य नकद धनराशि जमा कर दिनांक 04-12-2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

2:- निविदा के साथ निविदादाता को पैन नम्बर, जी.एस.टी. का रजिस्ट्रेशन, जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त, चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

3:- निविदा प्रपत्र कार्यालय में रखी निविदा पेटिका में दिनांक 05-12-2025 को अपराहन 2:00 बजे तक डाले जायेगें।

4:- प्राप्त निविदा दिनांक 05-12-2025 को अपराहन 4:00 बजे खोली जायेगी। किन्ही कारणो वश यदि निविदा खोली जाने की तिथि के दिवस अवकाश होता है, तो कार्यालय के अग्रिम कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

5:- उक्त कार्य हेतु अन्य नियम व शर्तें निविदा जारी होने की तिथि से निविदा की अन्तिम तक किसी भी कार्य दिवस में निकाय कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

6:- सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

7:- निविदा को निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

8:- निविदा स्वीकृति में उपरान्त निविदादाता को 100:00 का नॉन जूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर अपने व्यय पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।

9:- अन्तिम रूप से निविदा अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के बाद ही स्वीकृत मानी जायेगी।

10:- आपूर्ति से संबंधित अन्य नियम व शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर

अध्यक्ष, नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर


### संविधान जन जागरण रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** डॉ. भीमराव स्मारक समिति द्वारा संविधान दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा हाथ में संविधान लिए मुख्य मार्गो से संविधान जन जागरण रैलियां निकाली गई। इस दौरान रैली में भाग ले रहे लोग भारतीय संविधान का पालन करने की अपील करते चल रहे थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्टेशन रोड स्थित अंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। समिति के अध्यक्ष सुगमचंद प्रधान की अध्यक्षता एवं उप प्रधानाचार्य रामकुमार के संचालन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को बलराम सिंह एडवोकेट, चंद्रपाल सिंह, पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम, मास्टर सोमवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रविकांत, अवनीश कुमार आदि ने सम्बोधित किया।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती रिक्की अग्रवाल पत्नी श्री नीरज अग्रवाल व नमन अग्रवाल पुत्र श्री नीरज अग्रवाल मौहल्ला मकबरा** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती कुमुंद अग्रवाल पत्नी श्री संतोष अग्रवाल पुत्र श्री राधा कृष्ण अग्रवाल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 954/2 मकबरा, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अथाई, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत अथाई में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से ग्राम अथाई में सहीराम के घर से अतर सिंह के घर तक सीसी एवं नाली निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतू पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से निविदाएं दिनांक 4/12/2025 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 2/12/2025 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )

पत्रांक: 750/न.पा.परि. चांदपुर/ 2025 दिनांक:- 24.11.2025

### आवश्यक सूचना

नगर पालिका परिषद, चान्दपुर (बिजनौर) द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अन्तर्गत सिटी सॉलिड वेस्ट एक्शन प्लान (CSWAP) में लिगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु डी.पी.आर. बनाया जाना है, जिसके लिए RCUES से सम्बद्ध समस्त अधिकृत फर्म/ व्यक्तियों, समूहों को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित डी.पी.आर. तैयार करने हेतु दिनांक 03.12.2025 को सायं 04:00 बजे तक अपनी-अपनी दरें नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर) की ई-मेल eochandpur@gmail.com पर व पंजीकृत डाक एवं स्वयं नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। न्यूनतम आधार पर इच्छुक फर्मों में से चयन किया जायेगा। निर्धारित अवधि में पश्चात ई-मेल स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त दरें उसी दिन या बाद में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी प्रतिबन्ध दर स्वीकार नहीं की जायेगी।

**उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )**

**अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम व प्रमाण पत्रों में इम्तियाज उमर मलिक, imtiyaz umar malik है, जो सही है। जबकि मेरे पासपोर्ट में intajar ahamad है, जो गलत है । भविष्य में मुझे इम्तियाज उमर मलिक के नाम से जाना जाए ।

**-इम्तियाज उमर मलिक पुत्र मौ. उमर, मौहल्ला सरायमीर, नगीना, बिजनौर, उत्तर प्रदेश।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र प्रभात प्रकाश सिंह को उसके गलत संगत में पढ़ने तथा गलत आचरण के चलते अपने संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में मेरा तथा मेरे परिवार का प्रभात प्रकाश सिंह से कोई संबंध वास्ता नहीं रहेगा। यदि कोई उससे भविष्य में संबंध रखता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कमलेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय शीतल सिंह, धामपुर हुसैनपुर, टीचर्स कॉलोनी, धामपुर जिला ( बिजनौर )**

# अनियंत्रित होकर पलटी स्कार्पियो

## किरतपुर चेयरमैन अब्दुल मन्नान की बहन व दो अन्य घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बुधवार सुबह लगभग 11:30 बजे किरतपुर-बिजनौर मार्ग पर वीरा कॉलोनी के पास एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान की स्कॉर्पियो संख्या यूपी 20बीक्यू 4013 बिजनौर की ओर जा रही थी, जिसमें उनकी बहन, ड्राइवर सहित दो अन्य लोग सवार थे। बताया गया कि स्कॉर्पियो की रफ्तार तेज होने के कारण वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े लोहे के खंभों से टकराकर गड्ढे में पलट गया। हादसे में चेयरमैन अब्दुल मन्नान की बहन और अन्य दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सहायता प्रदान की और उन्हें बिजनौर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा उलटकर किरतपुर की ओर मुड़ा हुआ दिखाई दिया, जबकि एयरबैग न खुलने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। हादसे की सूचना मिलते ही नगरवासी तथा अध्यक्ष के शुभचिंतक बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को गड्ढे से निकाला। घायल चेयरमैन की बहन रिजवाना खतरे से बाहर हैं। हादसे में किसी का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

# अवैध तमंचे के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर स्थित बालकिशनपुर चौराहे पर पुलिस ने मंगलवार की शाम गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा बरामद होने पर पुलिस ने उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया।

पुलिस के अनुसार युवक ने पूछताछ में खुद को थाना नहटौर क्षेत्र के गांव किशनपुर भोगन का निवासी बताया है। अवैध असलहे की बरामदगी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के दौरान ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## एक नजर

### सपा ने चलाया जागरूकता अभियान



**धामपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा मतदाता सूची के वृहद पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के संदर्भ में मतदाताओं को जानकारी देने के उद्देश्य से मौहल्ला बंदूकचियान स्थित मदरसा नूरिया के पास एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन, पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, सपा नगर अध्यक्ष हैदर अली आढ़ती, आसिफ अली कादरी, फरीद अहमद डान, नासिर अंसारी, मेराज अंसारी, हबीब सकलेनी, मास्टर शमशेर अली, हाजी हसन खान तथा नगर पालिका के लिपिक विशाल अग्रवाल सहित अन्य नेताओं ने उपस्थित रहकर मतदाताओं को एसआईआर की प्रक्रिया समझाई और फॉर्म भरवाए। पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज जुटाने में मतदाताओं को समय लग रहा है, इसलिए इसके जमा करने की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कई बीएलओ को भी इस अभियान की सही जानकारी नहीं है, जिससे मतदाताओं को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

### लोकतंत्र में वोट की महत्वपूर्ण भूमिका



**धामपुर।** बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का अहम योगदान है। इसी मतदान से ही सरकार का गठन होता है और देश व समाज की प्रगति सुनिश्चित होती है। वे मंगलवार शाम भाजपा नेता संजय चौहान के आवास पर चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे वृहद पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के संबंध में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2002 के बाद 24 वर्षों में पहली बार इस स्तर पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण हो रहा है, जिससे सुनिश्चित होगा कि मतदाता का नाम केवल एक ही सूची में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को जागरूक होकर अपना फॉर्म समय सीमा के भीतर बीएलओ को जमा कर देना चाहिए। इससे वास्तविक मतदाता सूची तैयार होगी और फर्जी मतदान पर अंकुश लगेगा। डॉ. व्यस्त ने कहा कि इस अभियान से अवैध घुसपैठियों और रोहिंग्याओं में चिंता का माहौल बना है। हालांकि मुरादाबाद मंडल में इस संबंध में कोई मामला सामने नहीं आया है। इस अवसर पर अवनी सिंह, संजय चौहान, अमन, हर्ष, तरुण, श्रवण, चमन, लावण्य सिंह, अमित, अतुल कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम का दरबार सजाया



**धामपुर।** खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया गया और भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया गया। सारा वातावरण तीन बाण धारी के नारों से गुंजायमान रहा। धामपुर के मौहल्ला गुजरातियान स्थित पंकज कुमार अग्रवाल के आवास पर तीन बाण धारी खाटू श्याम का दरबार सजाया गया। जिसमें भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया गया। भजन गायक विकास वशिष्ठ महाकाल द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। भजन 'तीन बाणधारी हमारी विपदा हरो, हम पर कृपा करो' यह भजन सबको खूब पसंद आया। सारा वातावरण तीन बाणधारी के नारों से गूंजायमान रहा। कार्यक्रम में राहुल अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विधि अग्रवाल, भोला कुमार, विपिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, चेतराम सैनी कारीगर, मनोज कुमार, सूची अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, आशु गुप्ता, मीनू गुप्ता, आदि शामिल रहे। बाबा खाटू श्याम की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

### बीएलओ की गलती से मतदाताओं में नाराजगी

**किरतपुर।** नगर में एसआईआर का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, लेकिन बीएलओ द्वारा की जा रही ऑनलाइन फीडिंग ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार कई बीएलओ मतदाताओं के फॉर्म उसी ऑप्शन पर अपलोड कर रहे हैं, जिस पर फीडिंग होने से संबंधित मतदाता के पास स्वत: नोटिस होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने अपना रिकॉर्ड पूरी तरह सही और अपडेटेड दिया है, फिर भी गलत ऑप्शन पर फीडिंग होने से उन्हें अनावश्यक नोटिस प्राप्त हो सकता है। इससे आम नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार बीएलओ को ऑनलाइन पोर्टल पर सही श्रेणी का चुनाव करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, लेकिन लापरवाही और तजुर्बा न होने के कारण कई फॉर्म गलत टैब में दर्ज किए जा रहे हैं। इससे मतदाताओं के रिकॉर्ड संशोधन की प्रक्रिया जटिल हो सकती है। नगर के जागरूक नागरिकों ने निर्वाचन विभाग से मांग की है कि संबंधित बीएलओ को सुधार संबंधी प्रशिक्षण दिया जाए और जिन फॉर्मों की गलत फीडिंग हो चुकी है, उन्हें पुन: सही श्रेणी में अपडेट कराया जाए, ताकि किसी भी मतदाता को अनावश्यक नोटिस प्राप्त न हो। गलत फीडिंग को लेकर नागरिकों ने विधायक मनोज पारस से इस ओर ध्यान देने की मांग करते हुए उच्चाधिकारियों से बात कर फॉर्म की सही फीडिंग कराए।

## एक नजर

### खुड़ाहेड़ी में कृषक गोष्ठी



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के कृषि फार्म खुड़ाहेड़ी में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता कृषि वैज्ञानिक डा. डीबी फोण्डे ने कहा कि किसान गेहूं की बुवाई के साथ गन्ने की बुवाई अवश्य करे। गेहूं के साथ गन्ने की बुवाई करने से लगभग 3 हजार रुपए बीघा लागत कम आएगी। इसके साथ ही गेहूं का उत्पादन भी 15 से 20 प्रतिशत अधिक होगा। साथ ही समय से बुवाई करने पर गन्ने का उत्पादन भी अधिक होगा, जिससे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने कहा कि उत्तम शुगर मिल किसानों के विकास के लिए प्रयासरत है, जिस कारण मिल प्रशासन हमेशा किसानों को उचित दाम पर गन्ने की नई प्रजातियां, दवाई और खाद के साथ कृषि यंत्र उपलब्ध करता है। किसानों को गोष्ठियों के माध्यम से अधिक उत्पादन की जानकारी उपलब्ध करता है। गोष्ठी के बाद किसानों को कृषि फार्म का भ्रमण करा कर गन्ने की फसल को दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि शंकर लाल शर्मा अधिशासी निदेशक उत्तम ग्रुप और संचालन चांदवीर सिंह वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना विभाग ने की। इस दौरान कुलदीप सिंह, संजीव कुमार, शौकेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, सुभाष सेठ, साधुराम, मानव चौधरी, रणवीर सिंह, संजीव चौधरी, कलीराम सिंह, चौधरी कुलवीर सिंह आदि मिल के अधिकारी और किसान मौजूद थे।

### पंचायतों को कार्बन न्यूट्रल बनाने पर जोर



**कोतवाली देहात।** पंचायतों को कार्बन न्यूट्रल बनाने पर जोर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सतत विकास के लक्ष्य के स्थानीयकरण एवं कार्बन न्यूट्रल पंचायत विषय पर विकास खंड सभागार कोतवाली देहात में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को नौ थीम गरीबी मुक्त पंचायत, स्वास्थ्य पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल हित पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर आधारभूत ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासित पंचायत एवं महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत तथा कार्बन न्यूट्रल पंचायत पर जानकारी प्रदान करना है। डीपीआरसी अमरोहा से आए सीनियर फैकल्टी मैनेजर अमरोहा सतेन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक पंचायत नौ थीम पर कार्य करते हुए 2030 तक सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग प्रदान करेगी। इसके साथ ही पंचायतें इन थीम पर काम करते हुए राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार को प्राप्त कर सकती है। प्रशिक्षक कुलवीर सिंह द्वारा पंचायतों को कार्बन न्यूट्रल पंचायत बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग, खाना बनाने के लिए गैसों का उपयोग एवं सोलर उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत, सीनियर फैकल्टी मैनेजर अमरोहा सतेन्द्र शर्मा, प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम, जितेन्द्र कुमार, प्रीति, रेखा, खुशबू, हिरदेश, प्रीरियल, रवि आदि द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### बिजलीघर पर किसानों का धरना जारी



**हल्दौर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव कूकड़ा इस्लामपुर में फुंके पड़े दो ट्रांसफार्मरों को बदलवाने की मांग को लेकर शुरू किया गया धरना बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। करीब सात माह से दोनों ट्रांसफार्मर खराब पड़े होने के कारण गांव के लगभग 12 किसानों के नलकूप बंद हैं, जिससे सिंचाई कार्य ठप हो गया है। किसानों ने बताया कि फसल सीजन होने के बावजूद बिजली आपूर्ति बाधित रहने से उनकी कृषि कार्य प्रभावित हो रही है। उधर निगम के जेई गौतम कुमार का कहना है कि कुछ किसानों की हठधर्मिता के कारण ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन कार्य में बाधा आई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग जल्द ही समस्या का समाधान करेगा। धरना स्थल पर युवा जिलाध्यक्ष हरगोविंद सिंह उर्फ बिट्टू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष सुजान सिंह, ठाकुर योगेंद्र कुमार, मुकुल कुमार, जयप्रकाश, रमेश सिंह, आशाराम, राजपाल सिंह, नवनीत सिंह सहित कई किसान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पत्रकार को जान से मारने की धमकी

**हल्दौर।** ग्राम पावटी निवासी पत्रकार आफताब आलम मंगलवार देर रात झालू में एक विवाह समारोह से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात युवक ने कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा जान से मारने की धमकी दी। अचानक मिली इस धमकी से पत्रकार समुदाय में आक्रोश फैल गया। आज वरिष्ठ व युवा पत्रकार पीड़ित आफताब आलम के साथ एकजुट होकर थाने पहुंचे और धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। इस दौरान अमानत अली, वरिष्ठ पत्रकार संजय त्यागी, नरेंद्र कुमार अहलावत, इरतजा सलमानी, फुरकान मलिक, साहब नौरोज, हैदर शाही वस्ती सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। पत्रकारों ने कहा कि मीडिया कर्मियों को धमकाकर सच की आवाज दबाने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# एसएम गुडविल एकेडमी में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एस.एम. गुडविल एकेडमी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु पौधारोपण गतिविधि आयोजित की गयी। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन अंकुर जैन आनामिका जैन ने स्टाफ व बच्चों की सरहाना की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान स्थित एस.एम. गुडविल एकेडमी स्कूल में आयोजित पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु पौधारोपण गतिविधि मे स्कूल के बच्चों ने विद्यालय परिसर में नीम, गुलमोहर, तुलसी, मोगरा सहित कई प्रकार के पौधे लगाये। पौधे रोपित के समय शिक्षकों ने छात्रों को पेड़ों के महत्व, प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ वातावरण के बारे में सरल और रोचक जानकारी दी। बच्चों ने नई-नई बातें सीखते हुए पूरे उत्साह के साथ गतिविधि में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मिट्टी तैयार की, पौधों को रोपा और नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। छात्रों ने बताया कि पौधे लगाना उन्हें बहुत अच्छा लगा और वे आगे भी अपने घरों व आसपास हरियाली बढ़ाने का प्रयास करेंगे। स्कूल प्रबंधक अंकुर जैन ने कहा कि पौधारोपण जैसी गति. विधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में जोया, माहीन, शिफा, इलमा, नमरा, फैज, शिजा, बुशरा, असमिल, जोया नाज, सालिहा, वंश, सूर्यकान्त, सुहाना, जकी, मौहम्मद अली अबरार आदि बच्चों ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की।



## छात्रों को पेड़ों का महत्व बताया

कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के शिक्षक कुलदीप सिंह, ललित कुमार, नेहा, फौजिया, तूबा आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि 'एक छात्र-एक पौधा, हरा-भरा भविष्य हमारी जिम्मेदारी' यह प्रयास न केवल विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रिंसिपल नवनीत शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ।

# एसआईआर कार्य समय अवधि के भीतर करने के दिशा निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका के सभागार में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एक बैठक आयोजित करते हुए समय अवधि के भीतर कार्य किए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में एसडीएम न्यायिक राम आश्रय, तहसीलदार धनराज कुमार, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, ईओ ओम गिरी के अलावा नगर पालिका के कर्मचारी और नगर के संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को समय अवधि के भीतर कराए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरने के बारे में भी जानकारी दी गई और आ रही समस्याओं के समाधान के बारे में बताया गया। नगर पालिका के सभासद शराफत अल्वी, रियासत बॉन्टिस, महफूज उर्फ गुड्डा नगर पालिका की ओर से विशेष उपाध्याय, रमेश चंद्र, सलीम अहमद, तहसीन अहमद, मौहम्मद अकरम, विपिन कुमार, अमित कुमार, नरेंद्र चैनवाल, राजेश पवार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पंचायत सहायक की नियुक्ति के प्रस्ताव में धांधली का आरोप

## सीडीओ से शिकायत कर जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम पंचायत शप्पर शिकोहपुर उर्फ खदाना में पंचायत सहायक की नियुक्ति के प्रस्ताव में धांधली करने का आरोप लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत शप्पर शिकोहपुर उर्फ खदाना में पंचायत सहायक के पद की नियुक्ति में धांधली करने की शिकायत की गई है। यशिका राजपूत ने मुख्य विकास अधिकारी से कि शिकायत में कहा है कि ग्राम पंचायत सहायक की नियुक्ति के फार्म भरने के लिए कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया। सूचना पट पर भी कोई सूचना अंकित नहीं की गई। दो फार्म सेकेट्री द्वारा एडीओ पंचायत के कार्यालय में जमा किए थे। निर्धारित तिथि समाप्त होने के बाद दो ओर फार्म का प्रस्ताव बना दिया गया। दोनों फार्मो को पिछली तिथि में दिखाकर प्रस्ताव बनाया गया, जो कि सरासर अनुचित है। गांव में कोई प्रस्ताव नहीं किया गया। एक सोची समझी रणनीति के तहत धांधली करने की कोशिश की जा रही है। पूर्व में गांव में भी विकास कार्यो में भी धांधली की गई है। सभी प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। एडीओ पंचायत मनोज कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में है। सही प्रस्ताव को ही स्वीकृत किया जाएगा। एक फार्म को गलत तरीके से प्रस्ताव करने की शिकायत मिली है, उसकी जांच की जा रही है।

# साइबर अपराध व यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** साइबर अपराध और यातायात पखवाड़ा को लेकर पुलिस द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने व्यापारियों और ग्रामीणों को साइबर अपराध व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान साइबर अपराध व यातायात के नियमों से संबंधित वीडियो भी दिखाई गई।

आज दोपहर सांई मंगल वाटिका बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने कहा कि समस्त हाईवे और सड़कों पर सुरक्षा के लिए सिग्नल लगे हुए हैं। समस्त वाहन चालकों को हाईवे पर लगे सिगनलों की जानकारी होनी चाहिए। यातायात के नियमों का पालन न करने की वजह से सड़कों पर दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जिसमें हजारों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। इसलिए समस्त दुपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाकर वाहन चलाना चाहिए। हाईवे पर बने कट पर एक लेन से दूसरी लेन में जाने के लिए इंडिकेटर का प्रयोग करें। नशे की हालत और ओवर स्पीड में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।



साइबर अपराध के संबंध में व्यापारियों और ग्रामीणों को जागरुक करते हुए सीओ आलोक कुमार ने कहा कि एपीके फाइल में आने वाले शादी के कार्ड को डाउनलोड न करें। किसी अंजान नंबर से आए लिंक पर क्लिक न करें। साइबर अपराधी विदेशी नौकरी का झांसा देकर और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर फंसा लेते हैं। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रत्येक थाने में साइबर सेल खुल चुकी हैं। साइबर अपराधियों का शिकार होने पर थाने में स्थापित साइबर सेल या 1930 पर तुरंत इसकी सूचना दें। साइबर ठगों द्वारा पीड़ित के अकाउंट से ऑनलाइन उड़ाए गए पैसों को बचा लिया जाएगा। इस दौरान थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी, उप निरीक्षक सोनू कुमार, भूपेंद्र वर्मा, शुभम वर्मा, सर्वेश चौहान, शानू फरीदी, ग्राम प्रधान राज. 'श सिंह, पंकज चौहान, शहाबुद्दीन, सुल्तान अहमद, सरफराज अंसारी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई

## डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प किए अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** संविधान दिवस पर स्कूलों, कॉलेज सहित सरकारी कार्यालयों सहित मे संविधान की प्रस्तावना की शपथ ग्रहण करायी गयी तथा संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संविधान की मूल भावना और उद्देश्यों को याद किया गया।

संविधान दिवस पर आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने शिक्षकों, कर्मचारियों सहित बच्चों को संविधान की रक्षा करने हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि भारत को लो. कतांत्रिक देश हमारे संविधान ने बनाया है। यह कोई मामूली दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत की अखंडता और एकता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था। इसलिए इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत का संविधान इसी दिन बनकर तैयार हुआ था। संविधान को लागू 26 जनवरी को किया गया था। भारत के लिए यह दिन बेहद खास है और काफी अहमियत रखता है। डॉ.भीम राव अंबेडर की अध्यक्षता में इसी दिन 1949 में भारत के संविधान को अपनाया गया था।



हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि इसे लागू 26 जनवरी 1950 को किया था, लेकिन 26 नवंबर को इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि इस दिन संविधान को अंतिम स्वरूप दिया गया था। शपथ दिलाने के बाद डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, लिपिक अबरार अहमद, कैलाश चन्द्र, विजयपाल सिंह, शकील अहमद, सुरेन्द्रपाल, रिहान अहमद, रईस अहमद, मौहम्मद आलाम अंसारी, मौहम्मद रिजवान, अरशद हुसैन खाँ, मौहम्मद शहजाद सहित स्टाफ मौजूद रहा। वही नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इन्टर कालेज में विनित त्यागी, शेरकोट मुस्लिम फण्ड कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नूर अफ्शा सहित आदि स्कूलों मे शपथ दिलाई गयी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )

वेबसाइट-NPPDHAMPUR.CO.IN दुरभाष नं.- 01344-297070

पत्रांक:-53(1)/2025-26 दिनांक:- 26-11-2025

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा/निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद धामपुर, जनपद बिजनौर द्वारा पालिका निधि/ राज्य वित्त की धनराशि के अन्तर्गत 01 कार्य ऑनलाईन व 07 कार्य ऑफलाईन कुल 08 कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 11.12.2025 समय प्रात: 05:00 बजे तक वेबसाईट पर निविदायें डाल सकते हैं। उक्त कार्य हेतु समस्त ठेकेदार, बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी./2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स आदि प्रतिभाग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender reference | Ltr.No न.पा.प.धा./निविदा/2025-26 |
| Publish and Time for RFP | 27-11-2025 11:00 AM |
| Last date and time for submission of Tender | 11-12-2025 05:00 PM |
| Date of time of opening tender | 12-12-2025 11:00 AM |
| Place of opening of Tender | Office Nagar Palika Parishad Dhampur |
| Tender Security | 10% of Tender Value |
| Tender Document processing | As per tender List |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धामपुर, जिला-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद धामपुर, जिला-बिजनौर**

# बरसों से बंद पुराने कुंअे की प्रशासन ने करायी खुदाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तीर्थ कुंआ खोजो अभियान में प्रशासन को एक ओर प्राचीन कुंआ बंद मिला। नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में बंद कुंअे की खुदाई का कार्य शुरू कराया। मौहल्ला महमूदखां सराय क्षेत्र स्थित काफी पुराना कुंआ आसपास मौहल्ले के लोगों का जल का बड़ा स्रोत माना जाता था। नगर पालिका प्रशासन की उपेक्षा के चलते कुंअे में धीरे-धीरे मिटटी, कूड़ा आदि डाला जाने लगा। जबकि उसमें पेड़ भी उग आया। बुधवार को एकता चौकी के पास बंद प्राचीन बंद कॅुआ मिलने से हलचल मच गई। डीएम के आदेश पर नगर पालिका प्रशासन ने नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूष तिवारी ने मौके पर पहुंचकर कुएं की खुदाई का कार्य शुरू कराया। अधिकारियों ने खुदाई कार्य में लगी टीम को तेजी और साथ और सुरक्षित तरीके से खुदाई कार्य करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुंआ खुदाई में पेड़ बाधक बन रहा था। जिसे अधिकारियों ने काटने का निर्देश दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि यह कभी जल का स्रोत रहता था। आसपास के लोग इसी कुंअे से जल से होने वाले कार्य को पूरा करते थे। लेकिन नगर पालिका प्रशासन की उपेक्षा के कारण लोगों ने इस पर मलवा आदि और कूड़ा डालना शुरू कर दिया था। जिससे कुआं कई दशक से बंद था और उस पर झाड़ियां जम गयी थीां, जिसके कारण इसकी जानकारी कम ही लोगों को थी। कुएं को लेकर एक पुराना आरोप भी सामने आता रहा है।

**○ पेड़ और झाड़ियां उग आने से कम ही लोगों को थी जानकारी**



सम्भल- एकता पुलिस चौकी क्षेत्र में बरसों से बंद पड़े कुंअे की खुदाई कराते नगर मजिस्ट्रेट व ईओ

## संविधान में देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** संविधान दिवस पर सपा के जिला सचिव के आवास पर आयोजित बैठक में सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि भारत देश के नागरिकों के लिए 26 नवमबर 1949 का दिन बड़ी प्रतिष्ठा व सम्मान ओर गार्व का दिन है। इस दिन हमने अंग्रेज के क्रूर शासन से मुक्ति पाई थी उस समय देश को चलाने के लिए कानून नहीं थी आजादी मिलने के बाद संविधान सभा का आयोजन किया था। संविधान को भारत के अनूरूप बनाने में बाबा साहेब ने बड़ी भूमिका निभायी।

# सड़कों पर सांडों का आतंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सड़कों पर सांडों का आतंक बबराला गुन्नौर तहसील अंतर्गत प्रमुख बाजारों एवं मार्गो पर छुट्टा जानवरों के झुंड का आतंक हादसे का सबब बन रहा है। दिन के अलावा रात में छुट्टा जानवर सड़क पर टहलते नजर आ रहे हैं।जिससे वाहन चालक अनियंत्रित होने के साथ-साथ टकराकर घायल भी हो जाते हैं ।बताया जाता है कि तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अपने-अपने जानवरों को छोड़ दे रहे हैं।जिससे यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। वही पशु आश्रय स्थल महज दिखावा ही साबित हो रहे हैं। गुन्नौर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में अलग-अलग कई दुर्घटनाएं आवारा पशुओं के चलते घटित हो चुकी हैं।जिसमें कई लोग घायल हो चुके है। क्षेत्र के समाज सेवियों और गणमान्य लोगों का कहना है कि क्षेत्र में गौशालाओं की व्यवस्था मात्र दिखावा साबित हुई है और पशुधान विभाग के कर्मचारियों की मनमानी और उदासीनता बदस्तूर जारी है। जिसका नतीजा है कि छुट्टा जानवर सड़कों पर विचरण करते नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा इन्हें पकड़ने का कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा। जिससे किसानों की फसलों के नुकसान के साथ-साथ पूरे गुन्नौर तहसील क्षेत्र में सड़क हादसों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।सभी इस ओर से मूकदर्शक बने बैठे हैं।

**○गुन्नौर तहसील क्षेत्र में हो रही वृद्धि नहीं दिया जा रहा ध्यान**

# कम डिजिटाइज्ड कराने वालों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश

**○डीएम ने निर्वाचन क्षेत्रों के एसआईआर के कार्यों का किया निरीक्षण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के वितरण/संग्रहण, डिजिटलाइजेशन आदि कार्य की प्रगति की जिलाधिकारी ने समीक्षा की। जबकि कम डिजिटाइज्ड करने वाले बीएलओ से वार्ता कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये।

गुन्नौर के तहसील सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने एसआईआर के कार्यों डिजिटलाइजेशन फीडिंग की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की जिलाधिकारी ने डिजिटलाजेशन के कार्यों में मतदाता सूची को 20 प्रतिशत से कम डिजिटाइज्ड करने वाले बीएलओ के साथ वार्ता की तथा प्रगति बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही शत प्रतिशत मतदाता सूची के डिजिटलाइजेशन का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुकति शर्मा एवं मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत ग्राम मलिकपुर की कक्षा 9 की छात्र कु. मनी राघव द्वारा थाना रजपुरा के अन्तर्गत पुलिस चौकी देवरा भूरा का विधिा विधान से मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना कर तथा फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार क्षेत्रधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू एवं खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमल कांत एवं खण्ड विकास अधिकारी जुनावई अखिलेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा डा. आदेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा नायब तहसीलदार गुन्नौर अनुज कुमार तथा संबंधित थाना अध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्भल- निर्वाचन क्षेत्र के नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते डीएम।

# वादा खिलाफी के विरोध में किसान खेत मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलधाकारी को सौंपा। बहजोई स्थित कार्यालय पर सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि किसान आंदोलन के 5 वर्ष पूरे होने के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा किसानों की एसपी और बिजली संशोधन बिल आदि को लेकर किया गया वादा अभी तक पूरा नहीं किया है। इसलिए संविधान दिवस के अवसर पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञापन में कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर धरना प्रदर्शन दिल्ली किसान आंदोलन की समाप्ति के समय किसानों से किए गए वादों के अनुसार किसान की फसल सी टू 50 प्रतिशत के आधार पर एमएससी घोषित कर सभी फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए। बिजली बिल 2020 रद्द किया जाए स्मार्ट मीटर योजना को बंद किया जाए। सभी किसानों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10000 प्रति माह पेंशन दी जाए। व बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई आलू एवं धान की फसलों का सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा प्रदान किये जाने की मांग को दोहराया। इस मौके पर भगवान सिंह, संजय राघव, जैविनदर सिंह, लाइक सिंह कुशवाह, उदयवीर ,उमेश ,सत्येंद्र महेश ,नरेश ,लाल सिंह ,होराम सिंह, पूरन सिंह, खेमकरण, शिवनारायण, राजपाल, तेजपाल सिंह ,प्रमोद कुमार ,शंकर लाल सैनी, हरकेश सैनी, हर प्रसाद यादव ,भूदेव ,नत्थू सिंह ,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# हर जगह हर पल हो संविधान का पालन

**○तिरंगा मार्केट में संविधान का पालन करने का संकल्प**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** संविधान दिवस पर व्यापारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर संविधान का पालन करने का संकल्प लिया।

तिरंगा मार्केट में बायोजित कार्यक्रम में संविधाान का पालन करने का संकल्प लेने वाले व्यापारी बंधुओ को संबोधित करते हुए नोमान प्रधान ने कहा कि हर जगह हर क्षेत्र में हर पल संविधान अर्थात कानून का पालन होना ही चाहिए। उन्होंने भारतीय संविधान को दुनिया का सबसे बड़ा संविधान बताते हुए अपने संविधान पर गौरव और गर्व करने का संदेश दिया। दुर्वेश सैनी ने विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कानून का पालन करना अवश्यंभावी बताया। कानून का पालन करते हुए हमें अपने अधिकार और कर्तव्यों का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा यदि हम अपने कर्तव्य का पालन करते हैं तभी हम अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। समाजसेवी अजय कुमार शर्मा ने सभी व्यापारियों को हाथों में तिरंगा देकर सामूहिक रूप से अपने देश के संविधान को जानने समझने पालन करने का सामूहिक संकल्प दिलाया। संविधान का उल्लंघन कभी न करने और दूसरों को भी न करने देने की हिदायत देने की सभी व्यापारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर हाजी हबीब, नाजिम खान, अहमद खान, केशव देव, आजम कुरैशी, रितिक, अमान, तेजपाल सैनी, बब्बू खान, बिलाल, ताहिर अब्बासी, अरमान, शाद हबीब, निशु चौधरी आदि व्यापारियों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय जयकार करते हुए भारतीय संविधान को जिंदाबाद कहकर संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान का गायन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी हबीब ने की।



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, हायर सेंटर रैफर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** दो बाइकों की भिड़ंत में देवेंद्र पुत्र रमेश चंद्र, राजेश पुत्र नेत्रपाल रसूलपुर कला व राजेंद्र पुत्र मोहन लाल रसूलपर की सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी। हादसे में तीन घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रैफर किया गया।

## चाय की दुकान के ताले तोड़कर एक लाख की चोरी से हड़कम्प

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** चोरों ने एक चाय की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की वारदात से हड़कम्प मचा हुआ है।

हयात नगर थाना क्षेत्र कस्बा हयातनगर के तुर्को वाली मस्जिद निवासी सगीर की बहजोई मार्ग स्थित चाय की दुकान की है। दुकान स्वामी रोजाना की तरह सगीर रात में अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे, लेकिन देर रात अज्ञात चोर दुकान के शटर को उठाकर अंदर घुस गए। चोरों ने अंदर लगे ताले तोड़कर दुकान में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। आरोप है कि चोर इन्वर्टर, बैटरो सहित करीब एक लाख रुपये का अन्य सामान समेटकर फरार हो गए। सुबह जब सगीर रोजाना की तरह दुकान पर पहुंचे, तो टूटा हुआ ताला और खुला शटर देखकर वह हैरान रह गए। अंदर जाकर जांच की तो कई सामान गायब मिले, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़ित सगीर ने चोरी की इस घटना को लेकर हयातनगर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एडीएम न्यायिक के निधन पर अफसर हुए गमगीन

**○शोकसभा का आयोजन कर दी श्रृद्धांजलि**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक के निधन पर शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत की आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन धारण कर परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

जनपद में अपर जिलाधिकारी न्यायिक क पद पर कार्यरत रहे सतीश कुमार कुशवाहा लम्बे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। उनका एम्स में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उनका मंगलवार को निधन हो गया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक के निधन पर कलक्ट्रैट सभागार में शोकसभा का आयोजन किया। सभा में उनकी आत्मा की शांति के लिए मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय, उप निदेशक कृषि अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार तथा अन्य अधिकारी तथा कलक्ट्रेट के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण किया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने बताया कि स्वर्गीय सतीश कुमार कुशवाहा ने जनपद में 16 दिसम्बर 2024 को अपर जिलाधिकारी न्यायिक पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। वह मूल रूप से ग्राम खेमादई पोस्ट सलेमपुर जिला देवरिया के रहने वाले थे। वर्तमान में पत्नी सावित्री कुशवाहा तथा दो पुत्रियां स्नेहा कुशवाहा एवं सुमेधा कुशवाहा के साथ मुजफ्फरनगर में रहते थे। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वर्गीय सतीश कुमार कुशवाहा को जनपद में कार्य करने का कम ही समय मिला परन्तु उन्होंने जितने समय जनपद में कार्य किया पूरी दृढ़ता के साथ कार्य किया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-एमजीएम पीजी कॉलेज में चिद्यार्थियों को जागरूक करते यातयात पुलिस।

## विद्यार्थियों को किया यातायात नियमों से जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यातायात जागरूकता माह में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में जिले भर में लगातार विभिन्न विद्यालयों एवं प्रमुख चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी के तहत एमजीएम कॉलेज, में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, विभिन्न सड़क संकेतों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, और सुरक्षित ड्राइविंग के आवश्यक उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। सिर्फ जानकारी ही नहीं, बल्कि कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रें ने अत्यंत उत्साहपूर्वक उत्तर दिए और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी जागरूकता और गंभीरता का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने यह संकल्प भी लिया कि वे स्वयं नियमों का पालन करेंगे और अपने परिवार व समाज में भी सुरक्षित यातायात के संदेश को फैलाएंगे।

# शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड करने पर जिलाधिकारी ने की प्रशंसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। जबकि शति-प्रतिशत डिजिटाइज्ड कार्य पूरा होने पर जिलाधिकारी ने प्रशंसा की।

बुधवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कम्पोजिट विद्यालय शहबाजपुर कलां ब्लॉक असमोली के बूथ संख्या 3 जिसमें कुल 1265 मतदाताओं को पायल राठौर सहायक अध्यापिका कम्पोजिट विद्यालय शहबाजपुर कलां एवं विकासखण्ड पवांसा के प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर के बूथ संख्या 128 जिसमें कुल 1115 मतदाता हैं को बीएलओ मनीश जोशी (सहायक अध्यापक) द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। इसके साथ साथ ब्लॉक बनियाखेड़ा के बूथ संख्या 333 को बीएलओ (शिक्षामित्र) नखलेश कुमार तथा ब्लॉक बनियाखेड़ा के ही बूथ संख्या 102 को बीएलओ नीरु सहायक अध्यापिका एतोल तथा ब्लॉक गुन्नौर के बूथ संख्या 99 को बीएलओ निशा चौहान द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया है। जिलाधिकारी ने इनके इस कार्य की प्रशंसा की गयी।

**○जिलाधिकारी ने जिले के बीएलओ को शीघ्र करने के दिए निर्देश**

## छात्रवृत्ति को संशोधित तिथियाँ जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** छात्रवृत्ति को संशोधित तिथियां जारी कर दी गई हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, ने बताया कि कराया गया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में पूर्व दशम् (कक्षा-09-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के छात्र/ छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु संशोधित समय-सारिणी का शासनादेश निर्गत किया गया है। प्रकियात्मक कार्यवाही विवरण छात्र/छात्राओंद्वारा रजिस्ट्रेशन/ ऑनलाईन आवेदन किया जाना। 25 नवम्बर, 2025 से 06 दिसम्बर, 2025 तक छात्र-छात्रओं द्वारा फाइनल प्रिन्ट निकालना25 नवम्बर, 2025 से 07 दिसम्बर, 2025 तक। छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जाना।

# नाबालिग से ठगी पर कार्रवाई न होने के विरोध में भूख हड़ताल

**○नाबालिग बेटी के साथ सहेली व उसकी मां पर ठगी का आरोप**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नाबालिग से ठगी के आरोप में महिला भूख हड़ताल पर बैठ गई। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगायी। बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर मंजू लता नामक महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ भूख हड़ताल पर बैठ गई। महिला का आरोप है कि उसके घर से सोने चांदी के जेवर और पैसठ हजार रुपए की रकम बहला फुसलाकर ठग ली गई है, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। बताया जा रहा है कि पीड़िता एक वर्ष पूर्व सत्संग सुनने पंजाब गई थीं। घर पर उसकी नाबालिग पुत्री यती और पुत्र मनजीत मौजूद थे। इसी दौरान यती की सहेली और उसकी मां निवासी मोहल्ला कोट पूर्वी का घर पर आना-जाना था। महिला का कहना है कि उसने अपनी बेटी की फीस के लिए दस हजार रुपए घर पर रखे थे, जिन्हें खुशी और उसकी मां ने बहला फुसलाकर ले लिया। इसी के बाद आरोपी महिलाओं ने किशोरी को यह कहकर भरोसे में लिया कि तेरी मां बाहर गई है, घर असुरक्षित है, जेवर हमें दे दो, हम लॉकर में रख देंगे। उसकी बेटी ने बातो में आकर सोने चांदी के जेवर दे दिये थे।आरोप हे कि पंजाब से लौटने के बाद पीड़िता ने बेटी से बात की तो पूरे मामले की जानकारी हुई और आरोपी मां बेटी से पैसा व जेवर मांगे, तो एक साल बाद देने की बात कही। पुलिस ने उसकी कोई कार्रवाई नहीं की।



सम्भल-ठगी के आरोपियों पर कार्रवाई न होने के विरोध में भूख हड़ताल पर बैठी मां बेटी



बबराला- सरस्वती स्कूल में भाषण देती छात्रा।

## विद्यालय में हुई चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला के प्रांगण में संविधान दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में शिक्षिका नेहा यादव ने छात्राओं को संविधान की उद्देशिका पढ़कर सुनाई, फिर शिक्षिका, छात्राओं और समस्त कर्मचारियों ने संविधान की शपथ ली। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने संविधान का इतिहास, विशेषता और आवश्यकता पर अपने विचार रखें। कक्षा 10 की छात्रा सृष्टि कश्यप ने याद की हुई उद्देशिका छात्राओं और शिक्षिकाओं के माध्यम सुनकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया और छात्र को विशेष पुरस्कार दिया गया। शिक्षिकाओं ने संविधान के श्रोत, मौलिक कर्तव्य और मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं कमलेश शर्मा, नेहा यादव, अंजलि, गरिमा, नम्रता, प्रियंका, मीनाक्षी और कविता उपस्थित हुए। तत्पश्चात चित्रकला,भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध और चित्रकला का नेहा यादव और भाषण प्रतियोगिता का संचालन प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने किया।

# भाविप ने की गरीब कन्या के विवाह में मदद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गरीब कन्या के विवाह की मदद को हाथ आगे बढ़ाये। परिषद के सदस्यों ने जरूरतमंद कन्या के विवाह को मानवता की भावना के साथ सहयोग प्रदान किया।

साई मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्र में भारत विकास परिषद के सदस्यों ने एक गरीब एवं जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग किया। बता दें कि एक चाय का ठेला लगाने वाले गरीब व्यक्ति की कन्या का विवाह होना था। वह गरीब अपनी कन्या के विवाह के लिए बहुत परेशान था उसने कन्या के विवाह के लिए भारत विकास परिषद की अध्यक्षा प्राची गुप्ता से सहयोग मांगा। अध्यक्ष प्राची गुप्ता ने उसे यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सभी सदस्यों ने प्रेमपूर्वक सहयोग स्वरूप कन्या को आवश्यक सामग्री मिक्सी, कंबल, रजाई, सिलाई मशीन, स्टील का गोल्टा 21 बर्तनों का सेट, अटेची बैग, कैस्ट्रॉल सेट डिनर सैट , कपड़े (शॉल, सूट, साड़ियां वैडशीट आदि), प्रेस, कप प्लेट सेट ,लेमन सेट आदि के साथ ही नकद धनराशि भी प्रदान की गई, जिससे कन्या का विवाह गरिमा और सम्मान के साथ संपन्न हो सके। यह कार्यक्रम केवल वस्तुओं के दान का नहीं, बल्कि एक बेटी के भविष्य को संवारने का प्रयास और मानवता एवं समाज सेवा की महान भावना का प्रतीक रहा। अध्यक्ष प्राची गुप्ता नेइस पुनीत कार्य में तन,मन,धन से योगदान देने वालों का आभार जताया।



सम्भल- गरीब कन्या के विवाह में सहयोग करती भाविप की सदस्य।

# संविधान का पालन करने की दिलायी शपथ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** संविधान दिवस पर शिक्षण संस्थानों और राजनैतिक दलों व संगठनों के कार्यालय पर कार्यक्रमों का आयोजन कर संविधान की शपथ दिलायी।

नगर के विद्याकुंज इन्टरनेशनल स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने सभी बच्चों को संविधाान दिवस के बारे में बताया। विद्यालय की शिक्षिका विनीता अग्रवाल ने बच्चों को प्रतिज्ञा दिलवाई। जबकि नव्या गुप्ता, मीनल अशोक ने बच्चों को संविधान दिवस ओर भीमराव आंबेडकर के बारे में जानकारी दी। विद्यालय में कक्षा 1, 2, 3 के छात्रों की कला प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक विनीता अग्रवाल सोनल शर्मा, श्वेता वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, नव्या गुप्ता अंजलि, मीनाक्षी मिनोचा, कुमकुम, समीक्षा, मीनाक्षी यादव, मीनल, रीता कमल, खदीजा शवनाज, अमित, मोहित, विशाल आदि उपस्थित रहे। एमजीएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारतीय संविधान दिवस पर प्राचार्य डा. आबिद हुसैन हैदरी ने सभी को संविधान की शपथ दिलाते हुए बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है इसमें कठोरता और लचीलेपन का मिश्रण है। डा. मोहम्मद इमरान खान ने संविधान की उद्देशिका को बताया। सरायतरीन पक्का बाग स्थित सपा कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के नेतृत्व में संविधान दिवस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा की अगर देश में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का बनाया हुआ संविधान न होता।

**○गांव-गांव संचालित है पैथेलोजी लैब और अस्पताल**

**सम्बंध-विच्छेद**

मैने अपने पुत्र मौ. मुजीबुर्रहमान व पुत्रवधू राशिया खातून के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मुजीबुर्रहमान को चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब मेरा व मेरे परिवार से मुजीबुर्रहमान व उसकी पत्नी राशिया खातून के किसी भी कृत्य से कोई लेना व देना नहीं है और न ही भविष्य में होगा। उक्त मुजीबुर्रहमान व उसकी पत्नी राशिया खातून अपने कृत्य के खुद जिम्मेदार होंगे।

**मोबीन जहाँ पत्नी मौ. हनीफ**
नि. बदायूँ दरवाजा तहसील व जिला सम्भल।

# शादी में गया हुआ था परिवार, चोरों ने घर में कर दिया हाथ साफ

## मझोला थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को दिया अंजाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जैसे-जैसे सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे-वैसे शहर में चोरी की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीते दिनों सिविल लाइंस थाना क्षेत्र से चोर एटीएम मशीन ही उखाड़ ले गए थे, वहीं अब मझोला थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की बड़ी वारदातें सामने आई हैं। एक तरफ रामलीला ग्राउंड स्थित श्री राम नगर कॉलोनी में दुकान का ताला तोड़कर लाखों का माल चोरी कर लिया गया, वहीं दूसरी तरफ उसी थाना क्षेत्र में स्थित एक घर से चोरों ने सोने-चांदी के गहने और नकदी समेटकर फरार हो गए। घर में चोरी की घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़िता विमलेश देवी ने बताया कि पूरा परिवार पड़ोस के खानपुर गांव में एक शादी समारोह में गया हुआ था। जब वह घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा मिला। अंदर कमरों में सामान बिखरा हुआ था और आलमारी के लॉक टूटे हुए थे। चोर सोने की झुमकी, चेन, अंगूठी, चांदी के पायल और नकदी लेकर फरार हो गए। परिवार ने अनुमानित नुकसान सात लाख रुपये से अधिक बताया है।घटना की सूचना मिलते ही मझोला थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। क्षेत्राधिकारी ने भी मौके का निरीक्षण कर पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# ऊपरी मंजिल पर सोते रहे परिजन, नीचे दुकान का लॉकर तोड़कर चोरों ने की लाखों की चोरी

■ लाइन पार रामलीला ग्राउंड इलाके में दुकान में चोरी की घटना से लोगों में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के लाइन पार स्थित रामलीला ग्राउंड के पास श्री राम नगर कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी को अंजाम दे डाला। घटना के समय दुकान मालिक चंद्र मोहन अपने परिजनों के साथ घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे थे, जबकि नीचे दुकान और मुख्य द्वार पूरी तरह बंद था।रात के अंधेरे में चोरों ने घर के मुख्य दरवा. जे पर लगे चौनल के ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दुकान के कैश काउंटर और लॉकर को तोड़कर लगभग 52 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात पार कर लिए। पीड़ित चंद्र मोहन के अनुसार, चोरी हुए जेवरात वह हाल ही में गोल्ड लोन चुकाकर छुड़ाकर लाए थे, लेकिन उससे पहले ही यह बड़ी वारदात हो गई। उनका कहना है कि करीब 10 लाख रुपये कीमत का सामान और नकदी चोर ले गए हैं।सुबह जब परि. जनों ने नीचे आकर दुकान की हालत देखी तो कैश काउंटर टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची मझोला थाना पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है और कॉलोनी के लोगों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय गश्त बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की तहकीकात कर रही है।

# तेज गति से चल रहा एसआईआर फार्म भरने का कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कार्यकर्ताओं की मेहनत से रंग ला रही है विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता फॉर्म भरने की गति बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र ठाकुरान के बूथ संख्या 242 व 241 पर पार्टी की ओर से प्रवासी कार्यकर्ता धर्मेंद्र गांधी ने बूथ लेवल अधिकारी अब्दुल मलिक के साथ मिलकर विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरवा कर आम लोगों की मदद की पार्टी के प्रवासी कार्यकर्ता धर्मेंद्र गांधी ने बताया है कि 242 बूथ पर कुल 1200 मतदाता है जिसमें से 90% कार्य पूर्ण हो चुका है बाकी बचे हुए कार्य को बूथ लेवल अधिकारी के साथ मिलकर एक-दो दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा साथ ही सभी बूथ लेवल अधिकारियों की मदद करने का आह्वान भी किया गया कि पार्टी के कार्यकर्ता सभी की मदद करें।

इस मौके पर उनके साथ प्रदीप सिंह सुमित ठाकुर गजेंद्र सिंह बब्लेश सिंह शैलेंद्र चौहान राज. कुमार मोहम्मद शाकिर सोंजेश शर्मा मोहम्मद अहमद तेज प्रताप सिंह रामपाल कश्यप सुरेंद्र आदि लोगों ने सहयोग किया।

# युवा संविधान के बताए रास्ते पर चलें: मंडल आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत के तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन युवाओं को संविधान की शपथ महापौर विनोद अग्रवाल के द्वारा दिलाई गई। नवनिर्मित संविधान पार्क के प्रांगण में किया गया किया गया जैसा कि विदित है।

आज संविधान दिवस पूरे देश मे मनाया जा रहा है इसी कड़ी में जनपद में संविधान दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन मेरा युवा भारत सरकार के विभाग द्वारा किया गया विभाग के अधिकारी उप निद. ेशक अंकित कुमार ने बताया कि आज के आयोजन में शहर के महापौर विनोद अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे ,एवं मंडलायुक्त अंजनेय सिंह विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए कार्यक्रम में मंडल आयुक्त एवं महापौर द्वारा युवाओं को संबोधित किया गया जहां महापौर विनोद अग्रवाल ने युवाओं से संविधान निर्माताओं चिंतन करने के लिए कहा वहीं मंडलायुक्त अंजनेय सिंह ने युवाओं में समानता के अधिकार को विशेष तौर पर महत्व देने के लिए आगे आने को कहा इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के 500 से अधिक युवाओं ने संपूर्ण जनपद से प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र बलून फेस्टिवल रहा संविधान दिवस के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर माय भारत एवं संविधान के संदेश से 300 सजे हुए थे और मंडल आयुक्त एवं महापौर ने इन गुब्बाड़ों को हवा में छोड़ा यहां मौजूद बड़ी संख्या में युवाओं ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस किया इस कार्यक्रम में मुरादाबाद के 5 प्रतिभावान युवा वक्ताओं ने अपनी विशेष प्रतिभा से युवाओं को प्रभावित किया कार्यक्रम में पर्वतारोही विवेक आनंद ने यह बताया कि कैसे पर्वतों से भारत एक महान भारत बनता है।

उसमें पर्वतों की क्या भूमिका है वहीं लॉ की छात्रा रूजल पाठक ने युवाओं को संविधान की विशेषताओं के बारे में बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दीपक मेहंदी दत्ता प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक ने किया उन्होंने युवाओं को संविधान और विज्ञान दोनों के गहन अध्ययन से जागरूक होने का आह्वान किया कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद मुरादाबाद के नगर निगम का विशेष योगदान प्राप्त हुआ और नगर निगम के सहयोग से संविधान साहित्य वाटिका को आम जन तक



पहुंचाने का भी यह प्रयास रहा। इस कार्यक्रम में प्रतिभावान युवाओं को अशोक स्तंभ के चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मेरा युवा भारत मुरादाबाद के समस्त स्टाफ जोगेंद्र ,रंजीत सैनी ,चंद्र सिंह संचल, अमित कुमार, विकास ,ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

## पंचायत घर सहित नौ घरों में चोरी

बिलारी। कोतवाली क्षेत्र के गांव जरगांव की ग्राम पंचायत घर में चोरों ने सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा आठ घरों से भी चोरों ने घरेलू सामान चोरी किया। इस मामले में ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव की प्रधान किरनवती ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह वर्तमान ग्राम प्रधान है। पंचायत घर में चोरों ने बिजली के समान जिसमें एलसीडी, डीबीआर, कंप्यूटर प्रिंटर आदि चुरा लिया। इसके अलावा ग्राम पंचायत के कई घरों में भी चोरों ने चोरी की। जिसमें देवेंद्र पुत्र अमर सिंह, दौजी राम पुत्र बुद्धसें, भगवान दास पुत्र बुद्धसेन ,अजब सिंह, मदन सिंह, जबर सिंह, शिव सिंह, पत्रकार छुट्टन सिंह बनी सिंह पुत्रगण छुट्टन सिंह,शकुंतला पत्नी बालजीत के घरों से भी घरेलू सामान चोरी करके ले गए।इस मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# कोचिंग जा रहे छात्र की ट्रेन से कटकर हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र में सुबह के समय कोचिंग सेंटर में पढ़ने जा रहे एक छात्र की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है,अजय कुमार 18 वर्ष पुत्र रामबहादुर निवासी जगतपुर रामराय थाना मूंढापांडे सुबह के समय घर से गुलाबबाड़ी के लिए कोचिंग सेंटर में पढ़ने को लेकर कहकर घर से निकला था,गांव से जंगल के रास्ते जीरो प्वाइंट की तरफ जा रहा था।

मिलक कामरु गांव के पास से निकल रही हाइवे रेल लाइन पर पहुंचा ही था वह रेलवे पटरी पार कर रहा था इसी बीच में रामपुर की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई, तेज आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे किसान रेलवे पटरी की तरफ दौड़ पड़े पास जाकर देखा तो रोटी बिखरी पड़ी थी और बैग दूर पड़ा था,पटरी के पत्थरों पर खून से लथपथ शव पड़ा था,जिसे देखने के लिए गांव से भीड़ इकट्ठा हो गई इतने में उसकी पहचान जगतपुर के ही रहने वाले किसानों की रोते बिलखते हुए दादा दादी और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे उठाकर घर ले गए, सूचना मिलने पर जीरो प्वाइंट पुलिस चौकी मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गाँधी स्मारक महाविद्यालय में संविधान दिवस और साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** गाँधी स्मारक महाविद्यालय सुरजननगर-जयनगर में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये आयोजन मिशन शक्ति 5.0, हिन्दी विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुए।कार्यक्रम के पहले चरण में, संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। इस अवसर पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे छात्रों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ी।दूसरे कार्यक्रम में, मिशन शक्ति 5.0 समिति द्वारा साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी (फ्रॉड) जैसे समसामयिक मुद्दों पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। ठाकुरद्वारा पुलिस थाना के अपराध निरीक्षक श्री राजेश चौहान और उनकी टीम ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए और डिजिटल अपराधों के बारे में जागरूक किया। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन में डॉ. अमर प्रताप कनौजिया (प्रभारी मिशन शक्ति 5.0), डॉ. धनंजय सिंह कुलद. ीप व्यास की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ अरविन्द कुमार, देवेन्द्र प्रकाश, अरूण यादव सहित अन्य शिक्षकगण और मीनाक्षी, अलीशा, खुशी, देवेन्द्र, दानिश, राखी जैसे कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इन आयोजनों ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के साथ-साथ डिजिटल युग की चुनौतियों के प्रति भी जागरूक किया।

## विवाहिता की शिकायत पर किया मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव लालूवाला निवासी विवाहिता की तहरीर पर दहेज में कार एवं तीन लाख रुपए की मांग पूरी नही करने पर तीन बच्चों को छीनकर मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में गांव लालूवाला निवासी फारूख की विवाहिता बेटी जैनब ने बताया है कि सात वर्ष पूर्व उसका विवाह थाना नौगांव के गांव प्रथ्वीपुर निवासी शराफत के बेटे इंतेखाब के साथ हुआ था। विवाह में पिता ने हैसियत के अनुसार खान-पान एवं उपहार दिए थे। पति समेत ससुराल वाले उपहारों से खुश नहीं थे। वह तीन लाख रुपए एवं कार की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। रविवार को पति इंतेखाब, ससुर, शराफत, सास जायदा, नन्दों जीनत,जैनब व उजमा, देवरों आबिद, मुस्लिम व दाऊद, चचिया ससुर इंतेजार, ननदोई प्यारे व मेहंदी ने एक राय होकर तीनों बच्चों को छीनकर घर से बाहर निकाल दिया। आरोपियों ने कहा है कि जब तक मांग पूरी नही करेगी घर में नही रहने देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सपाईयों ने भारतीय संविधान की रक्षा करने एसआईआर में पूर्ण सहयोग कराने का संकल्प दिलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर बुधवार को संविधान दिवस के मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान की रक्षा करने के लिए संकल्प लिया। संविधान दिवस पर संविधान के बारे में बताते हुए विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा स्वतंत्र भारत के इतिहास में 26 नवंबर 1949 के दिन भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, भारत ने अपने संविधान को अपनाया था इसी दिन की याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। बताया कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है, पिछले 7 दशकों में इसने राजनीतिक, सामा. जिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है। न्याय, स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है- जो भारत के शासन के मूल सिद्धांत है। इन मूल्यों को हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सपा कार्यकर्ताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सहयोग कर मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा करवाने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने नगर बिलारी निवासी मोहम्मद इरफान को नगर उपाध्यक्ष बनने पर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, आमिल मेंबर, प्रदेश सचिव युवजन सभा शहरोज आल. ममोहसिन, वासिक अंसारी, , सत्तार इदरीसी, मोहम्मद नबी, जफर हुसैन, नफीस सलमानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद फैजान, सफीक अहमद, मरगूब आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू में स्टुडेंट्स को दिए रोड सेफ्टी के टिप्स

● टीएमयू के रोड सेफ्टी क्लब और उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रोड सेफ्टी क्लब और उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से यातायात माह के तहत रोड सेफ्टी को लेकर हुए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम में एसपी ट्रैफिक श्री सुभाष गंगवार ने अपने सारगर्भित संबोधन में युवाओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी सुरक्षित यातायात नियमों के लिए प्रेरित करें। योग गुरू श्रीमती ऋतु नारंग ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व भी है। सीओ हाईवे श्री राजेश कुमार ने स्टुडेंट्स से कहा, वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट और गति सीमा के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वक्ताओं ने यातायात नियमों के पालन को जीवन सुरक्षा से जोड़ते हुए स्टुडेंट्स और आम नागरिकों को नियमों के प्रति संवेदनशील रहने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम का उद्देश्य सजगता ही जीवन रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस मौके पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्री मिथिलेश कुमार, श्री दीपक मलिक के संग-संग यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस कोर्डिनेटर्स और डेंटल, एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन, नर्सिंग, फाइन आर्टस कॉलेजों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

# सवैधानिक मूल्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से मनाया जाता है संविधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में वंदे मातरम के समय संविधान दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा लोगों को संवैधानिक मूल्य की जानकारी देने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस अवसर पर छात्राओं को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई। भारतीय संविधान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संविधान दिवस के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर को माना जाता है। बुधवार को संविधान दिवस की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि यह वह दिन था , जब भारतीय संविधान को आत्मसात किया गया। बाद में न्याय मंत्रालय द्वारा लोगों को विस्तृत जानकारी देने तथा संवैधानिक मूल्यों की महत्वता को समझने के लिए संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे। जिसके अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद थे। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 में संविधान बनाकर 26 जनवरी 1950 को लागू किया। भारतीय संविधान का जनक डॉ भीमराव अंबेडकर को माना जाता है। 29 अगस्त 1947 को संविधान सभा ने एक प्रारूप समिति का गठन किया उस प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे। एस अवसर पर आदित्य राघव, आबिद हुसैन, मनोज कुमार, अमित कुमार रंजीत विजय कुमार कुमारी सजल राघव रचना कश्यप काजल शीतल आदि सहित छात्राएं मौजूद रहे।

## प्रचार वाहन को हरि झंडी दिखाकर किया रवाना

**बिलारी** (शाह टाइम्स संवाददाता) पुरुष नसबंदी पखवाड़े के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह प्रचार ग्रहण जगह-जगह जाकर परिवार कल्याण से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराएंगे एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए तथा पुरुष नसबंदी महिला नसबंदी को प्रोत्साहित करने के लिए जिससे परिवार कल्याण की ग्राहता को बढ़ाया जा सके जिसमें बच्चों में अंतर रखने वाले इंजेक्शन पुरुष नसबंदी महिला नसबंदी ओरल पिल्स आदि के साधनों की ग्राहता बढ़ाने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा इस अवसर पर ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद सीपीएम मनीष कुमार सुशील कुमार के लिए संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पाकबड़ा-डींगरपुर मार्ग पर लगा भीषण जाम

### खराब ट्रक बना घंटों की परेशानी का कारण, यात्री बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** मंगलवार की रात पाकवड़ाख्रडींगरपुर मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक तीन किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया। रात करीब सात बजे डींगरपुर से रसूलपुर के बीच एक ट्रक अचानक बीच सड़क पर खराब होकर फंस गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दिल्ली हाईवे से जुड़ने वाला होने के कारण यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है, ऐसे में कुछ ही मिनटों में स्थिति गंभीर हो गई। ट्रक का संतुलन बिगड़ने से वह सड़क के बीचोंख्रबीच अटक गया, जिसके कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया। काम से लौट रहे लोग, महिलाएँ और ग्रामीण घंटों तक ठंड में फंसे रहे। अंधेरा बढ़ने के साथ यात्रियों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने ट्रक को हटाने की कोशिशें शुरू कर दीं, लेकिन वाहन बीच सड़क में फंसे होने के कारण प्रक्रिया लंबी चली। बाद में ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से ट्रक को किनारे किया गया, जिसके बाद धीरेख्रधीरे यातायात बहाल होना शुरू हुआ। करीब कई घंटों की मशक्कत के बाद जब मार्ग खोला गया तो यात्रियों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पुलिस गश्त और तुरंत सहायता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वाहन खराब होने की स्थिति में घंटों का जाम न लगे। देर रात तक सड़क पर यातायात सामान्य होता रहा।

# गलशहीद चौराहे पर खुले नाले में बाइक समेत गिरा युवक, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के व्यस्ततम गलशहीद चौराहे पर बुधवार शाम एक युवक खुले नाले में बाइक समेत गिर गया।

हादसा इतना अचानक हुआ कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक चौराहे से गुजर रहा था, खुले नाले का अंदाजा न लगा पाने के चलते उसकी बाइक सीधे नाले में जा गिरी। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और कुछ ही मिनटों में युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि युवक को गंभीर चोट नहीं आई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे पर लंबे समय से नाला खुला पड़ा है और उचित बैरिकेडिंग या संक. ेतक बोर्ड न होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। कई बार नगर निगम से शिकायत की गई,



लेकिन अस्थायी व्यवस्था के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने बताया कि शाम के समय यहां भारी ट्रैफिक रहता है और अंधेरा बढ़ने पर दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ जाती है।

मौके पर मौजूद लोगों ने नाले की गहराई और किनारे टूटे स्लैब की स्थिति को देखते हुए नाराजगी जताई। उनका कहना है कि जिम्मेदार विभाग लाप. रवाही बरत रहा है।सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक का हालचाल जाना। फिलहाल युवक का प्राथमिक उपचार कराया गया है और उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। राहगीरों ने राहत की सांस ली कि हादसा बड़ा रूप नहीं ले सका, लेकिन चेतावनी दी कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो गंभीर दुर्घटनाएं होना तय है।

## एफआर इंटर कॉलेज चन्दौसी में संविधान दिवस पर शपथ व विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर.इंटर कॉलेज चंदौसी में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। प्रार्थना सभा के दौरान वक्ता शिक्षकों ने भारतीय संविधान के विषय में विस्तार से बताया। संविधान में निहित कर्तव्यों और अधिकारों की व्याख्या, विभिन्न अनुच्छेदों के विषय में बताया। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन में संविधान के निर्माण में भारत के पूर्व मंत्रियों, विद्वानों के योगदान के विषय में बताया जिनके अथक परिश्रम एवं विद्वता के कारण आज भारत के समाज का हर व्यक्ति संविधान से लाभान्वित है। हमारा संविधान ही हमारे लोकतंत्र का रक्षक है। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने संविधान दिवस की शपथ सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित स्टाफ को दिलाई। इस मौके पर शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' विषय पर प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिताएं आदि संपन्न कराई जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एक नजर

### भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष का कुचावली में स्वागत



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक छजलैट अध्यक्ष अंगद चौधरी का आज कुचावली गांव में स्वागत किया गया। किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान हरदीप सिंह दर्शन सिंह अंगद चौधरी सियाराम जी पंकज बलराज सिंह मनोज चौधरी रामकला गुर्जर रामपाल सिंह अजय कुमार रणजीत सिंह विजेंद्र सिंह सलीम अहमद सतपाल यादव प्रिंस पियूष चौधरी रामअवतार सिंह सतबीर सिंह अरविंद जानी दीपक आदि मौजूद रहे।

### बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**बिलारी।** स्योड़ारा के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2026 की परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्रो का सत्यापन किया गया। इस मौके पर विजय कुमार अवर अधिशासी अभियंता कार्यालय निर्माण खंड एवं लोक निर्माण विभाग की टीम ने सत्यापन किया। उन्होंने कॉलेज में पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की स्थिति, शौचालय, स्ट्रांग रूम, कक्षों की स्थिति आदि का भौतिक सत्यापन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाए जाने को लेकर टीम ने भौतिक सत्यापन किया, व्यवस्थाएं देखी, कुछ कमी पाए जाने पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

### अंबेडकर युवक संघ ने संविधान दिवस पर संविधान का पालन करने की ली शपथ

**बिलारी।** नगर के अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता के उपाध्यक्ष डॉक्टर कुंवर सिंह तथा संचालन संघ के मंत्री के के नवल जी ने किया। संविधान दिवस के बारे में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि 26 नवंबर हमारे लिए गौरव का दिन है।

इस इसी दिन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान की रचना कर 26 नवंबर 1949 ई को भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय और प्रधानमंत्री जी को सौप था। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने अनेकों देश का भ्रमण कर वहां के संविधानों का अध्ययन किया। भारत के लोगों को ध्यान में रखते हुए सबसे श्रेष्ठ एवं लचीले संविधान की रचना की। संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता एवं बंधुता की की भावनाओं को दर्शाया गया है। वक्ताओं ने कहा कि भारत के संविधान को तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे। जिसकी लागत 63 लाख 96 हजार 3 सौ 19 रुपए आई। संविधान में 234 पेज तथा 13 किलोग्राम वजन है जिसमें 395 अनुच्छेद दिए हैं। संविधान भारत के प्रत्येक व्यक्ति को जीने की कला सिखाता है. हम सभी बाबा साहब के ऋणी है हमें अनेक बताएं मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उनके बताएं तीन सिद्धांत शिक्षित बनो। संगठित रहो तथा संघर्ष करो के सिद्धांत को अपना चाहिए। रामखिलाडी , राजेंद्र सिंह, हरिशंकर दरोगा, जितेन्द्र पाल सिंह, डॉ चरन सिंह,मनोज कुमार, सूरज सिंह हरवीर सिंह, उमेश कुमार, निहाल सिंह नेता जी, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**भोजपुर।** गांव वाकरपुर अटायन में घूरी पर कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों की महिलाओं ने भी लाठी डंडों से एक दूसरे पर हमला किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर चार-चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया है। मंगलवार की शाम को गांव वाकरपुर अटायन निवासी नाजमा खातून घर से दूर सड़क किनारे कूड़ा डालने गई थी। तभी वहां पर पड़ोसी मौहब्बत अली आ गया उसने कूड़ा डालने को मना किया। दोनों में जमकर गाली गलौज एवं कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। महिलाएं भी लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर टूट पड़ी। सूचना पर पीआरवी ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कर घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराकर थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने एक पक्ष की नाजमा खातून की तहरीर पर वासिफ व साजिद पुत्र बुंदू खां,हसरत पुत्र अकरम अली और मुसर्रत पुत्र अफसर के खिलाफ पुत्र वधू अफरोज एवं बेटी गुलवशा को मारपीट कर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने और एवं दूसरे पक्ष के मौहब्बत अली पुत्र बुंदू की तहरीर पर कमरूद्दीन,नूरूददीन व जहीरा पुत्र जफरूद्दीन और रियाजुल पुत्र कमरूद्दीन के खिलाफ घर की महिलाओं को लाठी डंडों से पीटकर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** बुधवार को पुलिस ने डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह के आदेश पर थाना सिविल लाइन मोरा की मिलक निवासी प्रेमी समेत छह परिजनों के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि उसके पड़ोस में थाना सिविल लाइन के मोरा की मिलक निवासी महिपाल की ससुराल है। महिपाल का बेटा अनमोल अक्सर अपनी नानी के घर आता रहता था। इसी दौरान उसने एक वर्ष पहले प्रेम प्रसंग में फंसा लिया। बीते वर्ष 9 जुलाई को घुमाने के बहाने बहला फुसलाकर मुरादाबाद ले गया।घ होटल में लेजाकर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। उसके बाद से लगातार बहाने बनाकर महानगर में बुलाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा।घ घरवालों को प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई तो पिताजी विवाह की बात करने अनमोल के घर गए। अनमोल, उसके पिता महिपाल, मां रानी,भाई अर्जुन एवं थाना भोजपुर के गांव निवासी ममेरा भाई आशु और मौसी आशा ने कहा की हम अनमोल की शादी तुम्हारी बेटी से नही करेंगे। अब दोबारा शादी की बात करने आए तो जान से मार देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार प्रेमी उसके पिता,मां, भाई,मौसी और ममेरे भाई के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संजीवनी हॉस्पिटल की ओर से लालापुर पीपलसाना में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत लालापुर पीपल साना पंचायत घर में निशुल्क चिकित्सा कैम्प संजीवनी हॉस्पिटल काशीपुर द्वारा लगाया गया। जिसमें सीनियर डॉक्टर ने सभी ग्राम वासियों को नि:शुल्क चिकित्सा दबाई उपलब्ध कराने का कार्य किया डॉ जावेद सुल्तान अंसारी पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं मोहम्मद रफी सलमानी पूर्व प्रत्याशी के



सहयोग से रोहित कुमार सैनी. नावेंद सलमानी हासिम मलिक. रानू चौधरी. नीटू विश्नोई .आशु मुखिया आदि उपस्थित रहे । कैंप में मरीजों की नि:शुल्क जांच की और दवाई वितरण कर उपचार की सलाह दी। कैंप में ड मोहम्मद रफी सलमानी पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 2 ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# टिमिट में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबदा।** टिमिट, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट तथा टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम "आपके अधिकार, आपकी सुरक्षा: उच्च शिक्षण संस्थानों में लैंगिक उत्पीड़न निवारण तंत्र पर जागरूकता" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों में यौन उत्पीड़न निरोधक तंत्र, आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की भूमिका, शिकायत प्रक्रिया तथा सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने छात्रों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा कानूनी प्रावधानों से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। इस पहल ने न केवल छात्रों में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि विश्वविद्यालय की सुरक्षित, सम्मानजनक एवं संवे. दनशील शैक्षणिक संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। इस अवसर पर डॉ. विपिन जैन, डीन, टिमिट ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि "टिमिट केवल शिक्षा प्रदान करने




वाला संस्थान नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, संवेदनशील और सम्मान आधारित वातावरण निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध परिवार है। यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता किसी भी आधुनिक शिक्षण संस्थान की नैतिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों और शिक्षकों को अपने अधिकारों, सुरक्षा तंत्र और शिकायत निवारण प्रक्रिया की पूरी जानकारी होना आवश्यक है, ताकि कोई भी आवाज दबे नही, बल्कि पूरी शक्ति और विश्वास के साथ सामने आ सके।हमारा लक्ष्य है कि टिमिट का हर छात्र और हर स्टाफ सदस्य बिना किसी भय, दबाव या असहजता के अपनी प्रतिभा को विकसित कर सके। ऐसे कार्यक्रम न केवल मनोवैज्ञानिक सुरक्षा का निर्माण करते हैं, बल्कि हमारे संस्थान को और अधिक सशक्त, समावेशी और संवेदनशील बनाते हैं।"डॉ. विपिन जैन ने कार्यक्रम की आयोजक टीम और प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के संवे. दनशील और उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को कार्यालय जिलाधिकारी में 26 विधानसभा ठाकुरद्वारा में चल रहे गहन मतदाता पुनरक्षण के कार्यों में लगे, अपेक्षा अनुरूप बेहतरीन और श्रेष्ठ कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को जिला अधिकारी कार्यालय मुरादाबाद में सम्मानित किया गया। ज्ञात हो इस समय उत्तर प्रदेश सहित देशभर के 12 राज्यों में गहन मतदाता पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिसको लेकर शासन और प्रशासन काफी सजकगता और सतर्कता बरतते हुए कार्य को करवा रहा है। इस कार्य जमीनी स्तर पर विभिन्न भागों में लगे बूथ लेवल अधिकारी, लोगों से उनके गणना फार्म इकट्ठा करके उसको डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं।इसी क्रम आज मुरादाबाद में 26 ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ




लेवल अधिकारियों को एडीएम प्रशासन जिला मुरादाबाद,उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। ठाकुरद्वारा के बूथ लेवल अधिकारी पूजा रानी, नरेश चंचल, कुलदीप कुमार, सुप. रवाइजर विशाल चौधरी, सतीश कुमार, राहुल कुमार, विनीता, शहनाज जहां आदि को सम्मानित किया गया।

# संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर अभाकिमस व अभाकिस ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर अभाकिमस व अखिल भारतीय किसान सभा व खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता भारी संख्या में ठाकुरद्वारा तिकोनिया पार्क में बने यात्री प्रतिक्षाला में एकत्र हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड नत्थू सिंह व संचालन जिला सचिव हरस्वरूप सिंह ने किया। इस दौरान मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष कामरेड धर्मपाल सिंह, कामरेड शाकिर हुसैन, गुलशेर अली साबिर हुसैन आदि ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि दिल्ली की सीमाओं पर




किसानों मजदूरों के आंदोलन के चलते केंद्र सरकार द्वारा किसान विरोधी तीनों कृषि कानून वापस ले लिए गए थे लेकिन उस समय लिखित समझौते के अनुसार सरकार किसी भी वादे को पूरा करने के लिए तैयार नहीं है, महंगाई लगातार किसानों मजदूरों की कमर तोड़ रही है एक तरफ किसानों की फसलों का सही मूल्य न देकर दूसरी तरफ किसानों के काम में आने वाले खाद बीज कीटनाशक दवाओं तथा खेती में काम आने वाले औजारों पर सरकार भारी टैक्स लगा रही है अभी-अभी केंद्र सरकार ने टैक्स कम करने का जो नाटक किया लेकिन कीमतें कम नहीं हुई तो पता लगा कि सरकार ने कपड़े पर टैक्स कम किया है तो धागे पर बढ़ा दिया किताबों पर टैक्स काम किया तो कागज पर टैक्स बढ़ा दिया यह खेल जनता का खून चूसने वाला है तथा मांग की गई कि स्वामीनाथन आयोग की समिति के अनुसार सभी फसलों का सी 2घ50: मुनाफे पर खरीद का गारंटी कानून तुरंत बनाया जाए। किसान मजदूर के संपूर्ण कर्ज माफ किए जाएं। 300 यूनिट घरेलू खपत की बिजली सभी को मुफ्त दी जाए।10000 रुपए प्रति माह वृद्धों विकलांगों व विधवाओं के लिए पेंशन का कानून बनाया जाए। वस्तुओं पर लगाए गए टैक्स रद्द कर आमदनी पर टैक्स लगाया जाए। 500 रुपए प्रति कुंतल गन्ने का रेट घोषित किया जाए सभी चीनी मिलों से बकाया भुगतान तुरंत करवाया जाए। नए श्रम कोड रद्द किये जाए तथा पुराने श्रम कानून बाहल किए जाएं आदि मांगों का महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली को संबोधित मांग पत्र तहसीलदार ठाकुरद्वारा प्रवीण कुमार को सौंपा गया। इस दौरान अम्मन खां, आजम शाह, जगदीश सिंह पांडे, महिपाल सिंह ,दयाराम साहनी, कॉमरेड वीर सिंह, सुरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, जाकिर हुसैन, बाबू सिंह, दुर्योधन सिंह, लेखराज सिंह, महेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मियों ने लिया संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा का संकल्प

**चन्दौसी।** संविधान दिवस के अवसर पर जनपद सम्भल में पुलिस विभाग द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम भव्य एवं गरिमामय तरीके से आयोजित किए गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा अपने कार्यालय बहजोई पर उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए भारत के संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में कोतवाली चन्दौसी में इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान द्वारा पुलिसकर्मियों को संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता का पालन करने, नागरिक अधिकारों की रक्षा करने और कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा रखने की शपथ दिलाई। संविधान दिवस पर आयोजित इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल में संवैधानिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोकतांत्रिक मूल्यो संवेदनशील एवं उत्तरदायी पुलिसिंग को प्रोत्साहित करना रहा।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र आकाश सैनी पुत्र स्वर्गीय नैनसुख को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में आकाश सैनी के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद आकाश सैनी से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती लीलावती पत्नी स्वर्गीय नैनसुख निवासी बंगला गांव रामगंगा रोड तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति के कुछ अभिलेखों में त्रुटिवश नाम नन्दू हुसैन व नन्हू हो गया है, जो कि गलत है मेरे पति का सही नाम लियाकत हुसैन है। भविष्य में मेरे पति को लियाकत हुसैन के नाम से जाना व पुकारा जाए। **श्रीमती नाजमीन पत्नी लियाकत हुसैन निवासी: मौहल्ला पेठ बाजार सादात पश्चिमी कर्बला रोड, कस्बा कुंदरकी, तहसील बिलारी, मुरादाबाद,** मो0 नम्बर-9113981231

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने सगे भाई मौ0 फैज व उसकी पत्नी श्रीमती गुलशन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद समाप्त कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। मौ0 कासिफ पुत्र मौ0 यासीन निवासी मौहल्ला मियां कालोनी थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।

## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के फव्वारा चौक स्थित महिंद्रा रेस्टोरेंट में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पत्रकारों के सम्मान एवं संवाद का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं अध्यापिका दुर्गा टंडन ने संचालन करते हुए कहा कि मीडिया लो. कतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज की समस्याओं को निर्भीकता से उठाता है। उन्होंने कहा कि दैनिक भागदौड़ और कठिन परिस्थितियों के बावजूद पत्रकार जनमानस की आवाज को जिम्मेदारी से मंच प्रदान करते हैं, इसलिए उनका सम्मान आवश्यक है। मुख्य अतिथि रेलवे प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य एवं विख्यात डा0 अंजू सिंह ने कहा कि पत्रकार वह जो हर वर्ग की आवाज को जिम्मेदारी के साथ सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र को मजबूती देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। कार्यक्रम में शामिल सभी पत्रकारों को मंच पर आमंत्रित कर अपने-अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। पत्रकार विनोद शर्मा ने कहा कि समय के साथ पत्रकारिता की दिशा और दशा में बड़ा बदलाव आया है। आज पत्रकार अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए उन्हें अपनी कार्यशैली को परिस्थितियों के अनुरूप मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विपरीत हालातों में भी मर्यादा व तथ्यों की सत्यता बनाए रखना ही पत्रकार की सबसे बड़ी पहचान है। पत्रकार सुनील सिंह ने कहा कि आज मोबा. इल युग में हर हाथ में कैमरा है, लेकिन असली पत्रकार वही है जो प्रमाणिकता, जिम्मेदारी और गहन पड़ताल के बाद समाचार प्रकाशित करे। उन्होंने कहा कि समाचार की विश्वसनीयता ही पत्रकार की ताकत है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

### ई-निविदा सूचना

पत्रांक:- 7133/ई-निविदा-मु0वृत्त/25-26 दिनांक :-13.11.2025

1 महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी http://wms.uppwd.gov.in/Prahari के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 05.12.2025 प्रातः 10:00 बजे से 15.12.2025 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 15.12.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टैक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कॉलम 5 तथा 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत है-

| क्रसं | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित रू0 में | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 1 | मुरादाबाद | लाकड़ी फाजलपुर मिनी बाईपास मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर विभिन्न आबादियों मे नाली निर्माण कार्य। | 93.83 | 6.70 | 02 माह | 2354.00 | "ए, बी, (मार्ग श्रेणी) |
| 2 | | वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जरगांव से अहमदाबाद कसौरा होते हुए पालनपुर रोड तक सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 45.12 | 4.26 | 02 माह | 2354.00 | "ए बी, सी " (मार्ग श्रेणी) |
| 3 | | वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जरगांव सरसथ मार्ग के किमी0-3 से मकनपुर सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 112.94 | 7.65 | 05 माह | 2354.00 | "ए व बी" (मार्ग श्रेणी) |
| 4 | | एन0एच0-509 से गोहनपुर पीतपुर वाया जलालपुर खारा लिंक मार्ग (अन्य जिला मार्ग ) के किमी0-1 (700), 2(700) व 11(260) पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 45.53 | 4.28 | 02 माह | 2354.00 | "ए बी, सी " (मार्ग श्रेणी) |
| 5 | | के0डी0आर0पी0 मार्ग के किमी-7 से बिस्कुट फैक्ट्री होते हुए अब्दुलापुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0-5(450), किमी0-6(950) तथा 12(200) में विशेष मरम्मत का कार्य। | 87.83 | 6.40 | 02 माह | 2354.00 | "ए व बी" (मार्ग श्रेणी) |
| 6 | | एन0एच0-24 हरसुख मजरा से इल्लर रसूलाबाद सम्पर्क मार्ग पर वेन्टिड कॉन्ज-वे का निर्माण कार्य | 73.29 | 5.67 | 02 माह | 2354.00 | "ए बी, सी " (मार्ग श्रेणी) |
| 7 | | बिस्कुट फैक्ट्री से के0डी0आर0पी0 मार्ग (नगला सालार चौराहा) पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 35.66 | 3.57 | 02 माह | 2354.00 | "ए बी, सी " (मार्ग श्रेणी) |

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender-up-nic.पद पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4660/ 4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगें।

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

UPID-241255, DATE-24/11/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

ई-मेल :
semoradabad14@yahoo.com

# द. अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63.5 ओवर में 140 रन पर ढेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**गुवाहाटी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63-5 आवर में 140 रन पर ढ़ेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो मैचों की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने 25 सालों के बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीती है।

रनों के लिहजा से भारत की यह सबसे बड़ी हार है। मार्को यानसन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा सीरीज में कुल 17 विकेट लेने वाले साइमन हार्मर को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। चायकाल के बाद भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 139 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाए। वॉशिगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुए। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटा दिया। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। रवींद्र जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। पहले टेस्ट में टेम्बा बवुमा ने अर्द्धशतकीय पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई तो वहीं गुवाहाटी टेस्ट में पारी लड़खड़ाने के बाद मुथुसामी और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को एक बड़े स्कोर पर पहुंचा और दोनों ही मैचों में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो विशेषकर यानसन और हार्मर ने भारतीय बल्लेबाजों की नाक में दम कर रख दिया और एक ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल कर ली। 13 महीने के अंदर घर पर भारत को दूसरी बार किसी टीम ने टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले अक्तूबर-नवम्बर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था।

हार्मर ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया है । बिना कोई टेस्ट हारे कप्तान के तौर पर सबसे अधिक टेस्ट जीत - बावुमा 12 मैचों में 11 जीत के साथ सबसे आगे हैं, वह माइक ब्लेयरली के साथ थे जिन्होंने इससे पहले 15 में से 10 जीत हासिल की थीं। द- अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी 201 रन पर सिमट गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को फॉलोऑन नहीं खिलाते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 260 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इसी के साथ उसने पहली पारी के आधार पर मिली 288 रन की बढ़त मिली और उसने भारत के सामने 549 रन का लक्ष्य रखा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने 23 ओवर में 37 रन देकर छह विकेट लिए। केशव महाराज को दो विकेट मिले। सेनुरन मुतुसामी और मार्को यानसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले हार्मर की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत का चायकाल के समय तक 90 के स्कोर पर पांच विकेट कर दिया था। भारत ने आज सुबह कल के 27 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। पहले सत्र की शुरुआत में 24वें ओवर में साइमन हार्मर ने कुलदीप यादव (पांच) को बोल्ड कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने ध्रुव जुरेल (दो) को एडन मारक्रम के हाथों कैच आउट भारत के मैच ड्रा कराने की उम्मीदों को करारा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ऋषभ पंत ने साई सुदर्शन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया और इसी दौरान एक चौका और एक छ्क्का लगाते हुए तेज शुरुआत का संकेत भी दिया। 32वें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्मर ने पंत को मारक्रम के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवां झटका दिया। पंत ने 16 गेंदों मे 13 रन बनाए। कुछ देर पिच पर जमने के बाद रवींद्र जडेजा ने भी हाथ खोला और 43वां शुरु कर रहे केशव महाराज की पहली ही गेंद छक्का जड़ा दिया। भारत ने चायकाल तक पांच



विकेट पर 90 रन बनाए और साई सुदर्शन 138 गेंदों में (14) तथा रवींद्र जडेजा 40 गेंदों में (30) मैच बचाने के लिए संघर्ष करते दिखे। प्लेयर ऑफ द सीरीज साइमन हार्मर ने कहा कि जैसा कि मैंने पिछले टेस्ट मैच के बाद कहा था कि मैं काफ़ी लंबी यात्रा कर यहां पहुंचा हूं। भारत जैसी टीम के खलिाफ़ प्रदर्शन कर अच्छा कर रहा है। टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं। स्लिप में मारक्रम ने कुछ अच्छे कैच पकड़े और यानसन ने भी अच्छे कैच पकड़े, यह पूर्ण रूप से एक टीम एफ़र्ट था।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए: ऋषभ पंत

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 408 रनों मिली हार पर कहा कि एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जमी पर टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय कप्तान पंत ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन एक टीम के तौर पर हमें बेहतर रहना होगा। विपक्षी टीम को भी श्रेय जाता है जिस तरह से उन्होंने इतनी अच्छी क्रिकेट खेली। दक्षिण अफ्रीका की टीम निश्चित तौर पर हावी रही लेकिन घर पर खेलते हुए भी आप विपक्षी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेली, आप क्रिकेट में किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते मुकाबले में कुछ वैसे पल होते हैं जहां आपको एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर मौकों को भुनाना होता है लेकिन हम इसमें बेहतर नहीं कर पाए।

### गुजरात ने सर्विसेज को हराया

**हैदराबाद, वार्ता।** कप्तान उर्विल पटेल (नाबाद 119) रनों आतिशी बल्लेबाजी के दम पर गुजरात ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 45 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए आर्य देसाई और कप्तान उर्विल पटेल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 174 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम के जीत की मजबूत नींव रखी। 12वें ओवर की चौथी गेंद पर मोहित राठी ने आर्य देसाई को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 35 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लागते हुए 60 रनों की पारी खेली। राठी ने इसी ओवर 5वींगेंद पर रिपल (शून्य) को आउटकर गुजरात को दूसरा झटका दिया।

---

## मारक्रम एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने वाले पहले द. अफ्रीकी खिलाड़ी बने




एडन मारक्रम

**गुवाहाटी, वार्ता।** एडन मारक्रम ने बुधवार को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में क्षेत्ररक्षक के तौर पर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक नौ कैच लेने का कारनाम किया है, वह ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने अजिक्या रहाणे के विश्व रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान पांच कैच पकड़े। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने चार कैच लेते हुए अपने कैच की संख्या 9 कर ली। मार्करम से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने का रिकॉर्ड बर्ट वोग्लर के नाम था। जनवरी 1910 में डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ वोग्लर ने

**● ऐडन मारक्रम ने बरसा पारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी में 5 कैच पकड़े**

छह कैच लिए थे। उनके छह कैच की बराबरी ब्रूस मिशेल ने 1931 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, जैक्स कैलिस ने जनवरी 2012 में श्रीलंका के खिलाफ, ग्रीम स्मिथ ने नवम्बर-दिसम्बर 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूएसीए (पर्थ) में और डेविड बेडिंघम ने जनवरी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने देश के पांच दिग्गजों को पछाड़ दिया है। टेस्ट सीरीज में भारत का सुपड़ा साफ करने के बाद मारक्रम ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है। सच कहूं तो सभी ने बहुत अच्छा प्रयास किया। भारत आकर जीतना कोई आसान काम नहीं था। मुझे लगता है कि रास्ते में कुछ अच्छे पलों के लिए अच्छी किस्मत की जरूरत थी। अब हम यहां हैं, टीम पर बहुत गर्व है। इसमें से बहुत कुछ कंडीशन के बारे में पहले से बनी सोच का नतीजा नहीं था। स्पिन और नई बॉल के साथ क्वालिटी सीमर के बारे में बहुत सारी बातें हुईं। आप अपनी पहली गेंद का सामना करने से पहले अपने मन में कोई डर नहीं रखना चाहते। मुझे यह नहीं पता था (रिकॉर्ड संख्या में कैच)। उन्होंने कहा कि अगर सही जगह गेंद डाले तो गेंदबाज को क्रेडिट जाता है और आप उन्हें पकड़ने और उन्हें खुश करने का प्रयास करते हैं। गेंद को अलग-अलग तरीकों से स्पिन करने से ऐसे कंडीशन में मदद मिलती है।

## यह जीत एक टीम के तौर पर बड़ी उपलब्धि है: बवुमा



तेम्बा बावुमा

**● हमारे माइंडसेट में बड़ा बदलाव आया है तो हमारी तैयारी भी अच्छी है, खिलाड़ियों को पता है कि उनकी भूमिका क्या है और हर कोई टीम के लिए योगदान देने के लिए तत्पर रहता है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान टेम्बा बवुमा ने बुधवार को भारत पर मिली 408 रनों की ऐतिहासिक जीत को बड़ी उपलब्धित करार दिया है। मैच के जीतने के बाद बवुमा ने कहा, यह एक बड़ी जीत है, खासतौर पर ऐसी स्थिति में जब मैं पिछले कुछ महीनों से खेल से बाहर थे। भारत में मिली यह जीत खास है। एक टीम के तौर पर हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे माइंडसेट में बड़ा बदलाव आया है और हमारी तैयारी भी अच्छी है। खिलाड़ियों को पता है कि उनकी भूमिका क्या है और हर कोई टीम के लिए योगदान देने के लिए तत्पर रहता है। एक टीम के तौर पर हम बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि एक कप्तान के तौर पर किसी गेंदबाज के हाथ से गेंद लेकर किसी और को देना कठिन होता है क्योंकि इस टीम में हर कोई अपना योगदान देना चाहता है। साइमन के पास 2015 में भारत में खेलने का अनुभव था और वह केशव का बढ़िया साथ दे रहे हैं।

---

## हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए: गंभीर



**● मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करुंगा**

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से सीरीज हार के बाद आलोचनाओं के बीच कहा कि इस हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए। आज यहां दूसरे टेस्ट में भारत की 408 रन से हार के बाद उनके भविष्य को लेकर गंभीर ने कहा कि यह बीसीसीआई को तय करना है। मैंने पहले भी यह कहा है, भारतीय क्रिकेट जरूरी है, मैं जरूरी नहीं हूं। मैं वही आदमी हूं जिसने इंग्लैंड में नतीजे हासिल किए, चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीता। यह एक ऐसी टीम है जो सीख रही है।

हार को सबकी कमियों बताते हुए गंभीर ने कहा कि तीसरे दिन भारत का 95/1 से 122/7 पर आना और मजबूत एग्जिक्यूशन की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने कहा कि गलती सबकी है, सबसे पहले मैं। 95/1 से 122/7 तक जाना मंजूर नहीं है। आप किसी एक इंसान या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। गलती सबकी है। मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए आपको सबसे तेज-तर्रार और टैलेंटेड क्रिकेटरों की आवश्यकता नहीं है। हमें कम स्किल वाले मजबूत लोगों की जरूरत है। वे अच्छे टेस्ट क्रिकेटर बनते हैं। उन्होंने पूरे देश में रेड-बॉल क्रिकेट को प्राथमिकता देने में बदलाव लाने की अपील करते हुए कहा कि अगर आप सच में टेस्ट क्रिकेट को लेकर सीरियस हैं, तो टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना शुरू करें। सबके प्रयास की जरूरत है। आप केवल खिलाड़ियों या किसी खास इंसान को दोष नहीं दे सकते। वहीं भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच श्रीकांत ने गंभीर पर बहुत अधिक प्रयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि चयन में लगातार बदलाव से टीम की स्टेबिलिटी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर भले ही बदलावों को 'ट्रायल एंड एरर' कहें, लेकिन उनका अपना अनुभव बताता है कि कंसिस्टेंसी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, खासकर उस टीम में जो अब अपने पिछले 18 टेस्ट में से नौ हार चुकी है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ़ घरेलू मैच में क्लीन स्वीप भी शामिल है। श्रीकांत ने ऑलराउंडर्स की ओर बढ़ते झुकाव की आलोचना की। हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी के पर्दापण और सरफराज खान, साई सुदर्शन और कुलदीप यादव के लिए कम मौकों का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में वाशिंगटन सुंदर के नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने और फिर नीचे भेजे जाने जैसे पोजिशनल बदलावों पर भी सवाल उठाए। श्रीकांत नीतीश रेड्डी के सिलेक्शन को लेकर खास तौर पर नाराज थे, उन्होंने एक ऑल-राउंडर के तौर पर उनकी काबिलियत पर सवाल उठाया और पूछा कि उन्हें हार्दिक पांड्या की जगह कैसे लिया जा सकता है।

## भारोत्तोलन में गोलोम ने स्वर्ण व रिकी ने जीता रजत पदक

**● महिलाओं की 48 किग्रा. वर्ग में रिकी नायक ने रजत पदक अपने नाम किया**

**राजस्थान, वार्ता।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अरुणाचल प्रदेश के 19 वर्षीय गोलोम टिकू ने पुरुषों के 60 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रिकी नायक का रजत पदक अपने नाम किया। वली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का प्रतिनिधित्व करते हुए गोलोम टिकू ने मंगलवार को कुल 256 किग्रा (स्नैच 112 किग्रा( क्लीन एंड जर्क 144 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खुम्भेस्वर मलिक (223 किग्रा) से 33 किग्रा अधिक वजन उठाया जबकि सीटी यूनिवर्सिटी के सचिन कुल 214 किग्रा वजन के साथ कांस्य पदक ही हासिल कर सके। 19 वर्ष की उम्र में ही उन्हें भारी मुश्किलों से गुजरना पड़ा। 2016 में अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के अपने गोडक गांव में एक हादसे में उनके पिता का निधन हो गया था। उसी दौरान उन्होंने वेटलिफ्टिंग की बुनियादी ट्रेनिग शुरू ही की थी। पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर के गोलोम अपने बड़े भाई और बहन से प्रेरित थे। उन्होंने तीन साल तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के नाहरलागुन कैंपस में प्रशिक्षण लिया और फिर सेकंद. राबाद के एओसी सेंटर में शिफ्ट हो गए। स्वर्ण जीतने के बाद गोलोम ने साई मीडिया से कहा कि मेरी बहन वहां कराटे करती थी और बड़ा भाई बैडमिंटन खेलता था। मैं सिर्फ उन्हें देखने जाता था। एक दिन एक कोच ने मुझसे पूछा-क्या तुम वेटलिफ्टिंग करना चाहोगे बस यहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई। अब तक गोलोम एशियाई चैम्पियनशिप में तीन पदक (एक रजत, दो कांस्य) जीत चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2023 में कुल 230 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक भी जीता। इस समय गोलोम पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनका मानना है कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में भाग लेना आगामी सीनियर नेशनल्स से पहले उनके लक्ष्यों में शामिल एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

---

## फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर में भारतीय टीम का पहला मुकाबला सऊदी अरब से

**सऊदी अरब, वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार से शुरू हो रहे फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर के शुरुआत चरण में सऊदी अरब से दो बार भिड़ेगी। भारतीय टीम का पहला मैच रियाद में और फिर रविवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में दूसरा मैच खेला जाएगा। क्वालिफिकेशन का यह चरण फीबा बास्केटबॉल विश्व. कप 2027 के लिए 32 में से 31 जगहों का फैसला करेगा। कतर को टूर्नामेंट में मेजबान देश के रूप में पहले ही प्रवेश मिल चुका है। अफ्रीका, एशिया और ओशिनिया, यूरोप और अमेरिका की कुल 80 टीमें क्वालिफाइंग चरण में मुकाबला कर रही हैं। भारत उन 16 टीमों में से एक है जो फीबा एशिया और ओशिनिया क्वालिफायर में हिस्सा ले रही हैं। भारतीय टीम को लेबनान, सऊदी अरब और कतर के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। वहीं ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, गुआम है। ग्रुप बी में जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, चाइनीज ताइपे तथा ग्रुप सी में ईरान, जॉर्डन, सीरिया, इराक। वर्ल्ड नंबर 30 लेबनान इंडिया के ग्रुप में सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है। सऊदी अरब और कतर क्रमशः 64वें और 83वें रैंक पर हैं, जबकि इंडिया वर्ल्ड नंबर 76 पर है। सभी टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपने-अपने ग्रुप की दूसरी टीमों से दो बार भिड़ेंगी, जिसमें शीर्ष तीन टीमें दूसरे राउंड में पहुंचेंगी। दूसरा राउंड, जो क्वालिफिकेशन चरण के आखिरी तीन विडो के साथ खत्म होगा। उसमें 12 टीमें होंगी जिन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। हर दूसरे राउंड के ग्रुप में वे टीमें होंगी जो पहले राउंड के चार पूल से आगे बढ़ी हैं और पिछले सभी नतीजे आगे बढ़ाए जाएंगे। इसके बाद टीमें उन तीन दूसरी टीमों के खिलाफ होम-एंड-अवे मैच खेलेंगी जिनका उन्होंने अभी तक सामना नहीं किया है। हर दूसरे राउंड के ग्रुप की टॉप तीन टीमें और चौथे नंबर की सबसे अच्छी टीम मेजबान कतर के साथ फीबा विश्व कप 2027 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करेंगी। भारत ने फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर के शुरुआती चरण में सऊदी अरब के खिलाफ अपने पहले दो मैचों में मुकाबला करने के लिए 12 सदस्ईय बास्केटबॉल टीम इस प्रकार है:- इंडियन बास्केटबॉल टीम: सहायज प्रताप सिंह सेखों, हर्ष डागर, मुईन बेक हफीज, कंवर गुरबाज सिंह संधू, अरविद कुमार मुथुकृष्णन, साहिल, पलप्रीत सिंह बराड़, प्रत्यांशु तोमर, प्रणव प्रिस,

**● क्वालिफीकेशन का यह चरण फीबा बास्केट विश्व कप 2027 के लिए 32 में से 31 जगहों का फैसला करेगा**

## कोहली पहुंचे रांची एक झलक पाने को बेकरार दिखे फैंस

**रांची, वार्ता।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवम्बर को होने वाले भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर खेल प्रेमियों का यहां उत्साह चरम पर हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ियों के रांची आने का सिलसिला जारी हैं। इसी बीच टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान को. हली के फैंस उनकी एक झलक पाने को बेकरार दिखे। बड़ी संख्या में एयरपोर्ट पर विराट को. हली को देखने के लिए भीड़ उमड़ी। सुरक्षा घेरा बेहद मजबूत था, इसलिए विराट को बिना रुके सीधे बाहर ले जाया गया और उन्हें होटल रेडिशन ब्लू पहुंचाया गया। इससे पहले मंगलवार देर शाम प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और तिलक वर्मा रांची पहुंच चुके थे। सभी

## टीम खिताब के बचाव की तैयारी कर रही है: सूर्य



**● मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह बहुत रोमांचक करने वाला है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुवाई को लेकर उत्साहित हैं। खास कार्यक्रम के दौरान सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा मतलब है, उस टी-20 विश्वकप में जाना एक बड़ी चुनौती है। मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्वकप 2024 में भारत की जीत को याद करते हुए कहा कि मुझे उस ट्रॉफी को देखकर बहुत मोटिवेशन मिलता है। जब हम वेस्ट इंडीज (2024 इवेंट के को-होस्ट) पहुंचे और हर बार जब हमारा राष्ट्र गान बजाया जाता था तो हमारी नजर इस सिल्वरवेयर पर होती थी। हर बार। क्रिकेटर ने आगे कहा कि हमने सोचा है कि जैसे ही हम फाइनल आए, हमें यह ट्रॉफी जीतनी है। और इसे फिर से करीब से देखने के बाद, इससे मुझे बहुत मोटिवेशन मिलता है। वह भी भारत में खेलते हुए मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा कि लड़के बहुत उत्साहित हैं। हर कोई टी-20 विश्व कप में जाने वाली इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक है। मैंने बहुत सारे अनुभव शेयर किए हैं। मैं 2023 में एक शानदार टीम का हिस्सा था, जब हमने भारत में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। माहौल बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा है कि यह बिल्कुल अलग गेम है। हां, फैंस वैसे ही होंगे (टर्नआउट में), जैसा आप फ्रेंचाइजी क्रिकेट में देखते हैं, लेकिन जब भारत आता है, जब आप देश के लिए खेलते हैं।

### उत्तर प्रदेश ने गोवा को छह विकेट से हराया

**कोलकाता, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आर्यन जुयाल (नाबाद 93) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर उत्तर प्रदेश ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में गोवा को 10 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान करण शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बल्लेबाजी करने आए प्रियम गर्ग ने आर्यन जुयान के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। छठें ओवर में दीपराज गांवकर ने प्रियम गर्ग 14 गेंदों में 28 रन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। समीर रिजवी ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाए। उन्हें 15वें ओवर में दीपराज गांवकर ने आउट किया। रिकू सिंह चार रन बनाकर आउट हुए।

# दिनदहाड़े बदमाशों ने लूट को दिया अंजाम

## बनियाठेर क्षेत्र के गुमथल गांव के समीप नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे की बट मारकर सुनार को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनियाठेर।** आज शाम दीपक रस्तोगी पुत्र राकेश रस्तोगी की गुमथल गांव में शर्रफ की दुकान है दीपक रस्तोगी शाम को 5:05 पर अपनी दुकान बंद करके अपने घर चंदौसी जा रहा था कि रास्ते में बाबा की मणि के पास नकाबपोश बदमाशों ने उसको रोक लिया वह कुछ समझ पाता तब तक एक बदमाश ने उनकी स्कूटी में जोर से लात मारी जैसे ही लात मारी पीछे मोटरसाइकिल पर बैठे दूसरे व्यक्ति ने तमंचा दिखाकर शांत करने की बात कही इतने में तीसरे व्यक्ति ने उनके पीछे तमंचा की बट मुंह पर मार दी दीपक रस्तोगी नीचे गिर गया चंदौसी की तरफ से आ रहे ई रिक्शा मौके पर रुका ही था कि बदमाशों ने कहा कि भाग जाओ नहीं तो तुम्हारे गोली मार देंगे वहीं पर बाबा की माणी है।

जहां पर बाबा रामवीर ने शोर मचाया तो बदमाशों ने उनको गोली मारने की धमकी दी दो मोटरसाइकिल पर 5 से 6 बदमाश सवार थे बदमाश दीपक का बैग छीनकर कच्चे रास्ते के सहारे रेलवे लाइन क्रॉस करके मोहम्मद गंज की तरफ तमंचे लहराते हुए भाग गए दीपक ने बताया कि बैग में 40 से 45000 रुपए लगा थे और उसमें कुछ सामान भी था गांव के व्यक्ति ने थाना बनियाठेर पुलिस को फोन मिलाया तो फोन भी नहीं उठा घटना आधा घंटे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब तक बदमाश फरार हो चुके थे मौके पर यह घटना उनके साथ दोबारा हुई है 23 नवंबर सन 2022 को पहले भी घटना हुई थी उसमें लगभग 17 से 18 लख रुपए के जेवरात व कैस लूटा गया था लेकिन उस घटना का कोई खुलासा अभी तक नहीं।

# 10 साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करके बनाई आपत्तिजनक वीडियो

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली महिला ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें एक व्यक्ति पर आरोप है कि उसकी 10 साल की बेटी के कपड़े उतार कर उसके साथ अश्लील हरकतें की और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। अब वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। बिलारी के गांव की रहने वाली महिला ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पति से जिला रामपुर के थाना शाहबाद के मोहल्ला हकीमान के रहने वाले शाहनवाज पुत्र वाहिद हुसैन ने प्लॉट दिलाने के नाम पर कुछ रुपए लिए थे। मगर बार-बार जब रजिस्ट्री करने को कहा तो टाल मटोल करने लगा। जब उसके पति ने पैसा मांगा तो हिसाब करने के बहाने 21 सितंबर को वह घर पर आ गया और रात को घर पर ही रुका कहा कि वह अपने परिवार वालों को बुला रहा है। जब सब लोग सो गए तो घर पर सो रही उसकी 10 साल की नाबालिग बेटी के कपड़े उतारकर उसके साथ अश्लील हरकतें की और अश्लील वीडियो भी बना ली। जिससे उसकी बेटी डर गई, यह बात उसकी बेटी ने उसे व उसके पति को बताई। जब साने आलम के पिता से शिकायत शाने आलम के घरवालों से शिकायत की तो साने आलम, फैजान निवासी शाहाबाद के अलावा नासिर पुत्र वहीद निवासी सागरपुर उसके घर में आ गए और उसके व बेटी के साथ छेड़छाड़ की। कपड़े फाड़ दिए, कहा कि अगर रुपए मांगे तो उसकी बेटी की वीडियो को वायरल कर दिया जाएगा। लोक लाज की वजह से यह जानकारी किसी को नहीं दी। अब पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** बुधवार को दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद में संविधान दिवस के अवसर पर दोपहर 3-00 बजे से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉक्टर हरबंस दीक्षित सलाहकार राज भवन असम एवं डीन विधि संकाय तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद उपस्थित रहे। इस विचार गोष्ठी में अधिवक्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे और सबने अपने-अपने विचारों से अवगत कराया। प्रोफेसर डॉक्टर हरबंस दीक्षित ने संविधान के महत्व और इसके संरक्षण के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और इसका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों और आदर्शों को अपनाकर देश के विकास में योगदान करना हम सभी का कर्तव्य है। इस विचार गोष्ठी का आयोजन दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद द्वारा किया गया था। इस अवसर पर अधिवक्ताओं और मुख्य अतिथि की उपस्थिति में संविधान दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दयानंद इंटर कॉलेज में दिलाई संविधान दिवस पर शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा में संविधान दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को संविधान की शपथ दिलाई तथा संविधान की जानकारी देते हुए कहा की भारतीय संविधान समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों का संविधान है।विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अतवीर सिंह त्यागी ने बताया की देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस या राष्ट्रीय कानून दिवस मनाया जाता है।

यह खास दिन 1949 के ऐतिहासिक दिन को दर्शाता है जब संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया था। संविधान बनाने का कार्य 1946 में स्थापित संविधान सभा को दिया गया था जिसे डॉ बी आर अंबेडकर की अध्यक्षता वाली ड्राफ्टिंग समिति को संविधान ड्राफ्ट तैयार करने का काम सौंपा गया था। 1948 की शुरुआत में, डॉ अम्बेडकर ने भारतीय संविधान का ड्राफ्ट पूरा किया और इसे संविधान सभा में प्रस्तुत किया।

उसके बाद भारतीय संविधान के ड्राफ्ट में कुछ बदलाव किए गए और इसे पूरे देश ने अपना लिया था। भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ, जिसे हर साल पूरा देश गणतंत्र दिवस के रूप में मनाता है।

# बीएलओ के साथ गढ़ी में कराई एसआईआर की प्रक्रिया पूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव आज टीम के साथ गढ़ी पहुंचे और बीएलओ के साथ बूथ नंबर 12 से लेकर बूथ नंबर 20 तक की एस आई आर से संबंधित प्रक्रिया पूरी कराई।

इस दौरान उन्होंने लोगों को एस आई आर के प्रति जागरूक करने का काम किया और कहा कि अपनी सही जानकारी भरकर अपने मतदाता होने का अधिकार बरकरार रखने का काम करें।

इस मौके पर जिला महामंत्री फुरकान अली अरशद फुरकान अमजद अली शाहजाद चौधरी अतीक चौधरी मुजीब राणा कादिर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से ''संविधान दिवस'' के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर किया।

उन्होंने भारतीय संविधान की उद्देशिका का पाठन करते हुए उसके महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने यह भी कहा कि संविधान न केवल पठनीय दस्तावेज है, अपितु यह भारत के राजनैतिक एवं सांस्कृतिक अवधारणा का संकलन है, जिसे अपने व्यवहार एवं अंतर्मन में आत्मसात् किया जाना चाहिए। वहीं कार्यक्रम सह संयोजक एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि संविधान दिवस का आयोजन वर्ष 2015 से डॉ. भीमराव



अम्बेडकर जी के 125 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य व उनके सम्मान में 26 नवंबर को मनाया जाता है। उन्होंने संविधान पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान एक जीवन विधि है, जो मानवीय संव्यवहरों एवं अन्य क्रियाकलापों को अनुमोदित करती है। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एस.बी. मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान दिवस कोई सामान्य दिवस नहीं है, अपितु यह एक राष्ट्रीय उत्सव है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी भारतीयों को एकजुट होकर संविधान की प्रस्तावना एवं अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का पालन करते हुए अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ लॉ की शिक्षिका सुश्री ऊर्जा अरिवान द्वारा किया गया। कार्यशाला के अंत में स्कूल ऑफ लॉ की शिक्षिका डॉ. मनीषा मटोलिया द्वारा सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद् ज्ञापित किया गया। कार्यशाला के दौरान स्कूल ऑफ लॉ के 60 विद्यार्थियों के अलावा सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हाईकोर्ट बेंच स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन




**कांठ( शाह टाइम्स )।** हाई कोर्ट बेंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थापित कराए जाने की मांग को लेकर आज तहसील बार कांठ ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम संत दास पवार को सौंपा अधिवक्ता हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर तहसील पहुंचे और एसडीएम कार्यालय के बाहर उन्होंने अपनी बात रखी कहा गया कि उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग काफी पुरानी हो चुकी है इससे अधिवक्ताओं एवं क्षेत्र की जनता को सस्ता और सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है काफी समय इस मांग को करते हुए हो गया लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है उन्होंने एक बार फिर हाई कोर्ट बेंच पश्चिम उत्तर प्रदेश में स्थापित कराने की मांग उठाई। इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप कुमार महासचिव दीपक कुमार बिश्नोई हरपाल सिंह जैनुल हसन चरन सिंह भू प्रकाश सिंह लक्ष्मण सिंह सलमान खान राहुल चौधरी जीशान अलम अतुल बिश्नोई इमरान खान विजेंद्र सिंह बृजेश कुमार सुनील कुमार बिश्नोई डॉक्टर विनीत नैन कपिल बिश्नोई विजयवीर सिंह कोमल सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई ग्रामीणों ने लगाया सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप



**कांठ( शाह टाइम्स )** शिकायत के बाद भी सुनवाई ना होने पर रसूलपुर चौहरा गांव के लोगों ने तहसील कर्मियों पर सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। रसूलपुर चौराहा गांव के प्रधान का कहना है की गाटा संख्या 345 पर ग्राम समाज दर्ज है जिसका रकवा करीब सात बीघा से ऊपर है। लेकिन मौके पर एक बीघा के आसपास जमीन है ग्राम प्रधान ने जिला अधिकारी और मंडल आयुक्त आदि उच्च अधिकारियों से इस भूमि को खाली कराए जाने की मांग की थी।

लेकिन अभी इस मामले की जांच कर भूमि कब्जा मुक्त भी नहीं हुई थी कि आज तहसील कर्मी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कुछ लोगों को उस भूमि पर कब्जा करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि से संबंधित मामला हाई कोर्ट में भी बिचाराधीन है इस भूमि पर कुछ लोगों के पट्टे पूर्व में किए गए थे लेकिन अपात्र होने के कारण उनके पट्टे कैंसिल कर दिए गए इस मामले को लेकर वह उच्च न्यायालय पहुंचे जहां पर यह मामला अभी सुनवाई में है लेकिन अब इस भूमि पर कराया गए कुछ लोगों के कब्जे को लेकर ग्रामीण और ग्राम प्रधान द्वारा तहसील कर्मचारियों पर मिली भगत का भी आरोप लगाया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का अवलोकन कर लौटे भारत विकास परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने विचार किए साझा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारत विकास परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में चल रहे हैं 44 में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का अवलोकन किया उन्होंने विभिन्न राज्यों के मंडपों को देखकर देश की प्रगति की सराहना की बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश हरियाणा राजस्थान गोवा मध्य प्रदेश आदि विभिन्न प्रांतो के पंडाल लगाकर वहां की संस्कृति और वहां के उत्पादों को दर्शाया गया है। इस दौरान उन्होंने देश के साथ-साथ विदेशी मंडपो का भृमण कर वहां के उत्पाद देखें प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई ने कहा कि यह मेला इस बार एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर आयोजित हुआ है जिसमें 12 देश और 30 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आईटीएफ 2025 मेंले का उद्देश्य न केवल व्यापार को बढ़ावा देना है बल्कि भारत की संस्कृति और व्यापारिक धरोहर को भी वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना है। प्रतिनिधि मंडल में दीपक बिश्नोई जितेंद्र बिश्नोई डॉक्टर अशोक चौहान राजन बिश्नोई एवं सुदेश बिश्नोई शामिल रहे।




# संविधान दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** संविधान दिवस पर हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई द्वारा पुष्प अर्पित करके किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक दीपेश सिंह ने संविधान दिवस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संविधान देश का ही नहीं बल्कि विश्व के देशों में से एक महान संविधान है जो हमें हमारे अधिकार कर्तव्य ईमानदारी और देश के प्रति कर्तव्य निष्ठा का पालन करने की सीख देता है। प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई ने भी संविधान के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत




एक प्रजातांत्रिक देश है यहां ना कोई राजा ना कोई प्रजा है संविधान की दृष्टि में भारत के सभी नागरिक एक समान है। प्रधानाचार्य ने शिक्षा के क्षेत्र को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा, इसलिए हमें अपनी शिक्षा को हमेशा उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ बनाना चाहिए ताकि हम सब अपने परिवार एवं देश को महान बना सके।

कोऑर्डिनेटर शलभ माथुर ने भी संविधान दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महिला अपराधों के बारे में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नागरिक एकता परिषद व एक्शन और कर्नाटक प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में असालतपुर स्थित ज्ञान सिंह इंटर कॉलेज में मानवअधिकार रक्षकों हेतु समुदाय आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादात में लोगों ने प्रतिभाग किया गया। बुधवार को हुई बैठक में अधिवक्ता रन सिंह भारती ने घरेलू हिंसा अधिनियम के अलावा कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न आदि के बारे में बताया। डा. झरना ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम संपत्ति अधिकार अधिनियम पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर मुख्य रूप से रन सिंह भारती, डॉक्टर चरन सिंह भारती, एडवोकेट प्राची, फास्टर लल्लू राम वाल्मीकि, डॉक्टर झरना, ओम सिंह आजाद, रंजीत कौर एडवोकेट, अवधेश शर्मा, आयुषी सागर, संजीव वाल्मीकि, राजपाल सिंह, राम खिलाड़ी ,गौरांश यादव, राजेंद्र सिंह, विजय कश्यप, सुरभि पुष्कर, स्वाति पाल, प्रियंका शर्मा आदि सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसआईआर प्रक्रिया में अव्यवस्थाओं का मुद्दा उठाते हुए सपा सांसद ने की 3 महीने की समयवृद्धि की मांग

## सपा सांसद रुचि वीरा ने मतदाता समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को हो रही व्यापक परेशानियों को लेकर समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ को एक ज्ञापन भेजा है। सांसद ने इस अभियान में व्याप्त अव्यवस्थाओं और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रक्रिया की अवधि तीन माह बढ़ाने की मांग की है।ज्ञापन के माध्य से सांसद रुचि वीरा ने कहा है कि जिले की विभिन्न विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित नहीं किए जा रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में मतदाता प्रपत्र समय पर नहीं भर पा रहे। कई क्षेत्रों में बीएलओ स्वयं गणना प्रपत्र और प्रक्रिया को लेकर अनभिज्ञ पाए गए, जिसके चलते वह लोगों को सही जानकारी देने में असमर्थ रहे और बड़ी संख्या में गणना प्रपत्र निरस्त हो गए। जिले के अनेक पोलिंग स्टेशनों पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं है, जबकि निर्वाचन आयोग द्वारा कई मामलों में उसी सूची का संदर्भ अनिवार्य किया गया है। इस कारण मतदाता आवश्यक जानकारी एकत्र नहीं कर पा रहे हैं। कई परिवारों के लिए माता-पिता के म्च्प्ब नंबर उपलब्ध कराना भी कठिन साबित हो रहा है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गणना प्रपत्रों का संग्रह अत्यंत धीमी गति से हो रहा है, जिसके कारण ऑनलाइन अपलोडिंग भी समय से नहीं हो पा रही। मतदाताओं को आयोग की वेबसाइट से वोटर लिस्ट डाउनलोड करने में भी दिक्कतें आ रही हैं।कभी वेबसाइट खुल नहीं रही, तो कभी बीच के पेज गायब मिल रहे। साथ ही बीएलओ द्वारा फोन कॉल न उठाने की शिकायतें भी बड़ी संख्या में सामने आई हैं।इन सभी अव्यवस्थाओं को देखते हुए सांसद रुचि वीरा ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि मतदाताओं के हित में एसआईआर प्रक्रिया की अवधि कम से कम तीन महीने बढ़ाई जाए, ताकि सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सही ढंग से दर्ज हो सके।



### गोशाला में अव्यवस्थाओं का बोलबाला कमजोर पशुओं को नोच रहे हैं पक्षी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रायपुर खुर्द गांव के पास स्थित गौशाला में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है कमजोर पशुओं को पक्षी नोच रहे हैं और जिन पर गौशाला देखभाल की जिम्मेदारी है वह अपने घरों पर आराम फरमा रहे हैं विकास शर्मा का कहना है कि वह गौ सेवा करने के लिए आज गौशाला पहुंचे तो वहां पर कमजोर पशुओं को पक्षी नोंचते मिले उन्होंने बताया कि गौशाला के लिए जमीन उपलब्ध होने के बावजूद भी पशुओं को हरा चारा नहीं मिल रहा है जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है वह अपनी जिम्मेदारी न निभाते हुए आराम फरमा रहे हैं केयरटेकर द्वारा भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पशु मित्र की ड्यूटी तो इन पशुओं के उपचार के लिए लगाई गई है लेकिन वह भी उपचार की जगह औपचारिकता निभा रहा है केटल सेड में पुराल नहीं बिछाई गई है गोवंश ठंड में सिकुड़ कर बीमार पड़ने लगे हैं बीमार पशुओं के लिए अलग से बनाया गया केटल सेड बंद पड़ा है कुल मिलाकर गौशाला में गोवंश की हालत खस्ता है उन्होंने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से किए जाने की बात कही है।



# उलझें नहीं

देश के नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं, पर आधार कार्ड को लेकर मतदाताओं में भ्रम है, क्या केवल आधार कार्ड से ही मतदाता सूची में नाम शामिल करवाया जा सकता है चुनाव आयोग के अनुसार लगभग 99 फीसदी फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं और अब फॉम संग्रह करने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि एसआईआर फॉर्म भरने में बीएलओ मतदाताओं की मदद कर रहे हैं, लेकिन फिर भी फॉर्म भरने को लेकर मतदाताओं में कन्फ्यूजन है। यह सवाल किए जा रहे हैं कि क्या आधार कार्ड रहने से ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाया जा सकता है या फिर अन्य डाक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ेगी। चुनाव आयोग के निर्देश और भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, आधार कार्ड अकेले किसी को वोटर बनने के योग्य नहीं बनाता है, हालांकि एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार कार्ड का उपयोग अधिनियम के अनुरूप है। आधार अधिनियम के सेक्शन-9 में कहा गया है कि आधार कार्ड को डोमिसाइल या सिटीजनशिपका प्रमाण नहीं माना जा सकता है। हालांकि बीएलओ की ओर से मतदाताओं को जो गणना प्रपत्र दिए जा रहे हैं। उसमें नाम के बाद दूसरा कालम आधार कार्ड है और मतदाताओं को अपना आधार कार्ड नंबर लिखने के लिए कहा गया है, लेकिन इस एसआईआर की प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पार्ट है। वह है कि यदि आप मतदाता हैं, तो अपना वर्तमान एपिक नंबर लिखें और 2002-2003 की एसआईआर के लिस्ट में आपका नाम है, तो उसका विवरण फॉर्म के निचले हिस्से में दाएं ओर लिखें और यदि आपका नाम नहीं है, तो अपने माता-पिता, दादा -दादी या फिर नाना-नानी जिनका भी 2002-2003 के वोटर लिस्ट में नाम है। उसे फॉर्म के नीचे बाईं ओर लिखें और उनका वोटर कार्ड नंबर, मतदान केंद्र का नाम, पार्ट नंबर और सीरियल नंबर आदि का उल्लेख करें। यदि 2002 या 2003 के वोटर लिस्ट नाम नहीं तो भी आप फॉर्म भरें और उसे बीएलओ को जमा दें। उसके बाद आपको नोटिस जारी किया जाएगा और फिर डोक्यूमेंट का सत्यापन किया जाएगा, लेकिन आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग का साफ निर्देश है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में वोटर लिस्ट में केवल आधार के आधार पर किसी व्यक्ति का नाम शामिल नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग ने मान्य 13 दस्तावेजों की लिस्ट जारी की है। यदि 2002 और 2003 के वोटर लिस्ट में नाम नहीं है, तो सुनवाई के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए ये दस्तावेज साक्ष्य के रूप में पेश किया जा सकता है। ऐसे सभी वोटर जिनके नाम साल 2003 के वोटर लिस्ट से मिलान या लिंक हैं। उन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ की तरफ से सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। सुनवाई के दौरान उस शख्स को इन 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज पेश करना होगा और उनका सत्यापन किया जाएगा। दस्तावेजों की लिस्ट किसी भी सेंट्रल गवर्नमेंट/स्टेट गवर्नमेंट/पीएसयू के रेगुलर एम्प्लाई/ पेंशनर को जारी किया गया कोई भी आइडेंटिटी कार्ड, पेंशन पेमेंट ऑर्डर। इंडियन गवर्नमेंट/बैंक/लोकल अथारिटी/पीसीयू द्वारा जारी किया गया कोई भी आइडेंटिटी कार्ड/ सर्टिफिकेट/ डाक्यूमेंट्स। काम्पिटेंट अथारिटी द्वारा जारी किया गया बर्थ सर्टिफिकेट। पासपोर्ट। रिकाग्नाइज्ड बोर्ड/ यूनिवर्सिटी द्वारा जारी किया गया मैट्रिकुलेशन/एजुकेशनल सर्टिफिकेट। स्टेट अथारिटी द्वारा जारी किया गया परमानेंट रेजिडेंट सर्टिफिकेट। फारेस्ट राइट्स सर्टिफिकेट। ओबीसी/ एसटी/एससी या कोई भी कास्ट सर्टिफिकेट।

## संविधान के खिलाफ था संघ



आरएसएस ने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूंका था, भारत रत्न डा. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरु और डा. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के साथ मिलकर संविधान का ही नहीं, एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहां लोकतंत्र सर्वोपरि है, भारत न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन गया था, लेकिन आज ये पहचान खतरे में है, जब संविधान लागू हुआ था, तब आरएसएस जैसे संगठन खुले तौर पर कहते थे कि संविधान पाश्चात्य मूल्यों पर आधारित है और उनका आदर्श तो मनुस्मृति है, इतिहास गवाह है कि आरएसएस संविधान के खिलाफ था।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

# बाल उत्पीड़न: समस्या कितनी गहरी है





रजनीश कपूर

**जांच एजेंसियों की संवेदनशीलता की कमी, पीड़ित के बार-बार बयान होना, ट्रायल में देरी और गवाहों पर सामाजिक-आर्थिक दबाव के कारण बहुत से मामले या तो दर्ज नहीं हो पाते या अदालत तक पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। कई बार स्थानीय पुलिस या बाल अधिकार आयोगों तक गई शिकायतों पर भी महीनों कार्रवाई नहीं होती, जैसा हाल में कुछ बड़े धार्मिक संस्थानों से जुड़े मामलों में याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी उठाया।**

कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने बाल यौन शोषण पर दायर एक याचिका सुनते हुए कड़ी टिप्पणी की और संबंधित कानूनी एजेंसियों को इन शिकायतों को गंभीरता से लेने के लिए कहा। भारत में आध्यात्मिक, धार्मिक. शैक्षणिक संस्थानों में हो रहे बाल उत्पीड़न का प्रश्न सिर्फ अपराध का नहीं, बल्कि सत्ता, आस्था और चुप्पी के गठजोड़ का सवाल है। यह समस्या अपवाद नहीं, एक संरचनागत विकृति बन चुकी है, जिस पर त्वरित और कड़े हस्तक्षेप की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्तर पर हुए अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में बच्चों के बड़े हिस्से ने किसी न किसी रूप में यौन शोषण का अनुभव किया है। कई अध्ययनों में यह अनुपात 40.50 प्रतिशत तक बताया गया है। आध्यात्मिक आश्रमों, धार्मिक आवासीय विद्यालयों, मदरसों, कॉन्वेंट्स, हॉस्टलों और कोचिंग संस्थानों जैसे बंद व अनुशासित माहौल में, जहां गुरु-शिष्य या शिक्षक-छात्र संबंध में भारी शक्ति-असमानता होती है, वहां यह जोखिम और अधिक बढ़ जाता है।

इन संस्थानों में धर्म, राष्ट्रवाद या संस्कार की भाषा के सहारे एक ऐसी पवित्रता की छवि गढ़ी जाती है, जिसके कारण पीड़ित, परिवार और समाज शिकायत को पाप या अविश्वास मानकर दबा देते हैं। नतीजा यह कि जो अपराध सामान्य समाज में भी कम ही रिपोर्ट होते हैं, वे इन संस्थागत दीवारों के भीतर लगभग अदृश्य हो जाते हैं।

बड़ी संस्थाओं पर कार्रवाई न होने का पहला कारण है इन संगठनों की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक पकड़य बड़े आश्रमों, पंथों या प्रतिष्ठित स्कूलों के संचालक अक्सर राजनीतिक दलों, नौकरशाही और स्थानीय पुलिस से गहरे जुड़े होते हैं, जिससे शुरुआती शिकायत दर्ज कराना ही कठिन हो जाता है। कई मामलों में देखा गया है कि जब पीड़ित या सामाजिक संगठन शिकायत लेकर जाते हैं तो पुलिस पहले समझौता, प्रतिष्ठा और छवि का हवाला देकर मामला दबाने की कोशिश करती है।दूसरा कारण है हमारे समाज की अंध-श्रद्धा कई अनुयाई या अभिभावक खुद यह मानने को तैयार नहीं होते कि उनके पूजनीय गुरु, फादर, मौलवी या प्रिंसिपल ऐसा अपराध कर सकते हैं। कभी-कभी तो वे ही संस्थान के पक्ष में खड़े होकर पीड़ित को ही झूठा साबित करने लगते हैं। तीसरा, इन संस्थाओं का प्रशासन अक्सर यह तर्क देता है कि पूरा संगठन बदनाम न हो, सिर्फ व्यक्ति पर दिखावटी कार्रवाई ही हो। इसी सोच के चलते संस्थागत जवाबदेही, सिस्टम में सुधार और संरचनागत जांच टलती रहती है। यूं तो कागज पर भारत के पास कई मजबूत कानून हैं। बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम POCSO Act 2012 हर तरह के यौन शोषण, उत्पीड़न और पोर्नोग्राफी को अपराध मानता है और 18 वर्ष से कम आयु के हर बच्चे को लैंगिक रूप से तटस्थ सुरक्षा देता है। यह कानून विश्वास की स्थिति में बैठे व्यक्ति जैसे शिक्षक, धार्मिक गुरु, वार्डन या डॉक्टर द्वारा किए गए अपराध को गंभीर श्रेणी में रखता है और सख्त सजा का प्रावधान करता है। फिर भी, दिक्कतें प्रक्रियागत हैं। जांच एजेंसियों की संवेदनशीलता की कमी, पीड़ित के बार-बार बयान होना, ट्रायल में देरी और गवाहों पर सामाजिक-आर्थिक दबाव के कारण बहुत से मामले या तो दर्ज नहीं हो पाते या अदालत तक पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। कई बार स्थानीय पुलिस या बाल अधिकार आयोगों तक गई शिकायतों पर भी महीनों कार्रवाई नहीं होती, जैसा हाल में कुछ बड़े धार्मिक संस्थानों से जुड़े मामलों में याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी उठाया। ऐसे में पीड़ितों व उनके परिवार की सबसे पहली और कठिन जिम्मेदारी है चुप्पी तोड़नाय बच्चों को यह बताया जाना जरूरी है कि कोई भी गुरु, फादर, मौलवी, भाईया 'या दीदी यदि उनकी मर्यादा का उल्लंघन करे, शरीर को गलत तरीके से छुए, तो यह गलती नहीं, अपराध है। माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों की बात को गंभीरता से सुनना, उनके व्यवहार में अचानक आए बदलाव (डर, चिड़चिड़ापन, किसी स्थान या व्यक्ति से घबराहट) को संकेत मानना चाहिए। उन्हें धार्मिक या संस्थागत प्रतिष्ठा से ऊपर अपने बच्चों की सुरक्षा को रखना चाहिए। घटना होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई को सूचना देना और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने पर जोर देना आवश्यक है। क्योंकि कानून यह भी कहता है कि शिकायत मिलते ही बच्चे की सुरक्षा, चिकित्सा और पुनर्वास के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। साथ ही, बाल अधिकार आयोगों, विश्वसनीय बाल अधिकार संगठनों या कानूनी सहायता समूहों से संपर्क कर पीड़ित के लिए परामर्श, सुरक्षित ठिकाना और कानूनी सहयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। अदालतें सिर्फ व्यक्तिगत मामलों में सजा देने तक सीमित न रहकर संस्थागत जवाबदे. ही तय कर सकती हैं। जैसे किसी बड़े आश्रम, कॉन्वेंट या स्कूल में दोहराए जा रहे आरोपों के मामले में स्वतरू संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच कमेटी, विशेष जांच दल या मॉनिटरिंग मेकनिज्म बनाने के निर्देश देना। न्यायालय समयबद्ध ट्रायल, पीड़ित गवाहों की सुरक्षा, मुआवजा और मनो. सामाजिक पुनर्वास को अनिवार्य करने वाले विस्तृत दिशानिर्देश जारी कर सकते हैं, ताकि हर निचली अदालत में एक समान मानक लागू हो।

साथ ही, सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय सरकारों को बाध्य कर सकते हैं कि सभी धार्मिक आध्यात्मिक-शैक्षणिक संस्थानों के लिए बाल सुरक्षा नीति और आंतरिक शिकायत तंत्र कानूनी रूप से अनिवार्य हो, जिसकी नियमित ऑडिटिंग हो और उल्लंघन पर पंजीकरण रद्द करने तक की कार्यवाही हो सके। जब तक आस्था का आवरण, सत्ता का संरक्षण और समाज की चुप्पी मिलकर अपराधियों के लिए ढाल बने रहेंगे, तब तक कानून की धार भी कुंद रहेगी। यह लड़ाई सिर्फ अदालतों की नहीं, परिवार, मीडिया, नागरिक समाज और जिम्मेदार धार्मिक-शैक्षणिक नेतृत्व की है, जो बच्चों की गरिमा और सुरक्षा को किसी भी पवित्र संस्था से ऊपर रख सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धनिया भी देता है आपको सुंदर काया

**धनिया तथा लैमन ग्रास के पेस्ट से कील मुहांसों को रोकने में मदद मिलती है। एक चम्मच धनिया रश तथा एक चम्मच लेमन ग्रास को उबलते पानी में डालकर एक घण्टा तक रहने दें तथा इससे बने पेस्ट को कील, मुहांसों पर लगाकर आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। ताजा धनिया पत्तियों के जूस तथा नींबू जूस को मिलाकर कील-मुहांसों तथा ब्लैक हैडस पर लगाकर आधा घण्टा बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। धनिया का फेस पैक त्वचा में चमक तथा आभा बढ़ाता है। ताजा टमाटर, हरी धनिया की पत्तियां तथा गुलाब जल को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद ताजे साफ जल से धो डालिए।**



शहनाज हुसैन

रसोई घर में सब्जियों का जायका बढ़ाने के लिए सर्दियों में प्रयोग किए जा रहे धनिए को हाल ही के वर्षों में सौंदर्य जगत का नया राक्स्टार माना जाने लगा है। सौंदर्य जगत में आज कल कील मुहांसों, तैलीय तथा शुष्क त्वचा, काले धब्बों के इलाज के लिए धनिए को हर्बल सौंदर्य प्रसाधन के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। घरेलू व्यंजनों को सुगन्ध प्रदान करने वाली जादुई जड़ी बूटी धनिए के नियमित उपयोग से कोलेस्टरोल को कम करने, पाचन तंत्र को मजबूत करने, हीमोग्लोबिन को बढ़ाने तथा चर्म रोगों के उपचार में मदद मिलती है।


शरीर में पितवात को सन्तुलित एवं प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली धनिए की हरी पत्तियां शरीर में अम्ल को कम करके चेहरे के दाग, धब्बों को कम करके चेहरे की आभा को बढ़ाती है। धनिए की हरी पत्तियां चबाने से शरीर में एनिमिया को रोकने में मदद मिलती है जो कि शुष्क तथा निष्प्राण त्वचा का मुख्य कारण है ताजा धनिया में विटामिन-सी, वीटा कारोटीन, एण्टीऑक्सीडैंट के गुण विद्यमान होते हैं तथा इसकी सुगन्ध से मानसिक व शारीरिक ताजगी का अहसास होता है जिससे आपकी त्वचा मुलायम, कोमल तथा चमकदार बनती है। धनिया की पत्तियों का पेस्ट खोपड़ी पर लगाने से खुजली तथा खुशकी से निजात मिलती है। धनिया को पीस कर थोड़ा सा शहद मिलाकर बने पेस्ट को खोपड़ी पर लगाने से ताजगी तथा सफुर्ति का अहसास होता है।

धनिया तथा लैमन ग्रास के पेस्ट से कील मुहांसों को रोकने में मदद मिलती है। एक चम्मच धनिया रश तथा एक चम्मच लेमन ग्रास को उबलते पानी में डालकर एक घण्टा तक रहने दें तथा इससे बने पेस्ट को कील, मुहांसों पर लगाकर आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। ताजा धनिया पत्तियों के जूस तथा नींबू जूस को मिलाकर कील-मुहांसों तथा ब्लैक हैडस पर लगाकर आधा घण्टा बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। धनिया का फेस पैक त्वचा में चमक तथा आभा बढ़ाता है। ताजा टमाटर, हरी धनिया की पत्तियां तथा गुलाब जल को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद ताजे साफ जल से धो डालिए। गर्मियों में तापमान में वृद्धि तथा सूर्य की तेज किरणों से त्वचा में कालापन आ जाता है। आधा कप जई, एक चौथाई कप दही तथा एक चौथाई कप धनीया पत्तियों को काटकर मिक्सी में ब्लैंड कर लें तथा इस पेस्ट को चेहरे, गर्दन तथा आदि खुले भागों में लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए तथा इससे गर्मियों में झुलसी त्वचा को शीतलता प्रदान होगी।

दो चम्मच धनिया पत्तियों का जूस तथा एक चम्मच नींबू जूस को मिलाकर रात को अपने होठों पर मालिश कर लें तथा इसे होठों पर रात भर रहने दें व सुबह ताजे पानी से धो डालें । इसे हफ्ते में दो बार प्रयोग करने से आपके होठ मुलायम तथा गुलाबी हो जाएंगे। गर्मियों में धूप से त्वचा अक्सर झुलस जाती हैं इसके उपचार के लिए एक चम्मच धनिया बीज पाउडर को एक कप सूर्यमुखी, बादाम या जैतून के तेल में एक हफ्ते तक इन्फ्यूज करके बने मिश्रण को सनबर्न से प्रभावित अंगों पर लगाने से शीतलता मिलती है।

धनिए की पत्तियों के जूस को ऐलोवेरा से मिश्रित कर बने मिश्रण को लगाने से चेहरे पर झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। धनिया की पत्तियों, चावल के आटे तथा दही के मिश्रण से बने फेस पैक के लगाने से चेहरे की मांसपेशियां तथा कोशिकाएं तरो ताजा हो जाती हैं तथा आप खिली-खिली महसूस करती हैं। ताजा हरी धनिया पत्तियों को ग्राइन्डर में डालकर पानी डालकर इसे ग्राइन्ड करके पेस्ट बना लें। अब इस मलमल को कपड़े या स्ट्रेनर की मदद से जूस अलग कर लें। थोड़े से जूस में चुटकी भर हल्दी मिलाकर बने पेस्ट को रात को सोते समय चेहरे पर लगाकर सुबह ताजे पानी से धोने से त्वचा में निखार आता है।

# तुम्हारा है, तो परिवारवाद, हमारा है, तो गुणवाद



निर्मल रानी

बात जब परिवारवाद की आती है तो सबसे पहला निशाना गांधी-नेहरू परिवार पर साधा जाता है। उसके बाद मुलायम सिंह यादव व लालू यादव जैसे नेताओं पर परिवारवादी राजनीति करने का आरोप लगाया जाता है। इन लोगों के श्परिवारवाद श का विरोध करने वाले विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के नेता जनता को यह समझाने की कोशिश करते हैं कि इस परिवार के लोग लोकतंत्र विरोधी हैं और अपने परिवार के लोगों को राजनैतिक विरासत के रूप में जनता पर थोपने की कोशिश करते हैं। जबकि वास्तव में नेहरू घराने से लेकर मुलायम सिंह व यादव,लालू यादव जैसे नेताओं की भारतीय राजनीति में अहम भूमिका रही है। नि:संदेह नेहरू -इंदिरा -राजीव ने देश को विकास व आधुनिकता की राह पर लाने,देश को आत्मनिर्भर बनाने व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसी तरह लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव को भी भारतीय राजनी. ति में मुख्य रूप से मंडल राजनीति के दो सबसे बड़े चेहरे और उत्तर भारत में जातिगत गोलबंदी की राजनी. ति के जनक के रूप में याद किया जाता है। इन दोनों ही नेताओं ने 90 के दशक में ओ बी सी विशेषकर यादव-दलित-मुस्लिम गठजोड़ को इतनी शक्ति दी कि उत्तर प्रदेश और बिहार में लंबे समय तक कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा दोनों को सत्ता से बाहर रखा। आज भी इन्हें मंडल क्रांति के नायक, सामाजिक न्याय के प्रतीक तथा भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राष्ट्रीय दलों का विकल्प देने की क्षमता रखने वाले नेताओं के रूप में याद किया जाता है।

पूरे देश में नेहरू-इंदिरा परिवार ने और देश के दो सबसे बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व बिहार में इन यादव घरानों ने धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी राजनीति की जो अमिट छाप छोड़ी है उसी ने भाजपा को लंबे समय तक सत्ता से दूर रखा। अपनी इसी कसक को भाजपा नेता परिवारवाद के रूप में प्रचारित कर अपनी भड़ास निकालते रहते हैं। जबकि इन परिवारों की वर्तमान पीढ़ियों में राहुल गांधी ने पहले हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पढ़ाई की बाद में रोलिंस कॉलेज, फ्लोरिडा, अमेरिका से स्नातक की डिग्री ली और ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन से 95 में डेवलोपमेन्ट स्टडीज में एम फिल पूरी की। चार बार सांसद भी चुने जा चुके हैं। इसी तरह अखिलेश यादव ने भी सिविलध्एनवायर्नमेंटल इंजीनियर की डिग्री व मास्टर्स डिग्री सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया से हासिल की है। वे भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व पांच बार सांसद होने का अनुभव रखते हैं। गोया यह लोग न अशिक्षित हैं न ही अनुभवविहीन न ही नकली डिग्री धारी। तेजस्वी यादव अशिक्षित जरूर हैं परन्तु उनके पास राजनीति का एक दशक से भी लंबे समय का अनुभव होने के साथ साथ पांच बार विधायक दो बार उपमुख्यमंत्री व नेता विपक्ष के पद पर रहने का अनुभव व लालू के कारण ही सही परन्तु भारी लोकप्रियता भी है। सवाल यह है कि परिवारवाद का विरोध करने वाली भाजपा क्या खुद भी परिवारवाद से दूर रहती है ? क्या उन क्षेत्रीय पार्टियों या नेताओं से पार्टी फासला बनाकर रखती है जो परिवारवाद की राजनीति करते हैं?



इस समय वर्तमान नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में ही कम से कम 15 मंत्री ऐसे हैं जो परिवारवाद से जुड़े हैं या अपनी राजनीतिक विरासत आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा के कुल सांसदों में से लगभग 12 प्रतिशत राजनैतिक विरासत से आते हैं। अनुराग ठाकुर,ज्योतिरादित्य सिंधिया, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रिजिजू, राव इंद्रजीत सिंह, रक्षा खड्से आदि ऐसे कई उदाहरण हैं जो परिवारवाद के चलते ही केंद्र में मंत्री पद तक पहुंच सके हैं परन्तु जब विपक्ष भाजपाई परिवारवाद का यही दर्पण भाजपा को दिखाता है तो भाजपा दावा करती है कि इनका चयन योग्यता अर्थात श्गुणवादश पर आधारित है, न कि परिवारवाद पर। इससे बड़ा पाखंड और क्या हो सकता है?

अभी पिछले दिनों बिहार में जब नितीश कुमार मंत्रिमंडल ने शपथ ली तो उसमें भी भाजपा व उसके सहयोगी दलों का परिवारवाद टिकट वितरण से लेकर मंत्री मंडल में स्थान पाने तक सिर चढ़कर बोलता दिखाई दिया। यहां विधान सभा चुनाव में एन डी ए की ओर से 29 ऐसे विधायक जीतकर आए हैं जो परिवारवाद का प्रतीक हैं। जबकि 26 मंत्रियों में से 9 मंत्री भी परिवारवाद से जुड़े हैं। इनमें सबसे प्रमुख परिवार केंद्रीय मंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का है। जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को 2025 चुनाव में हिस्से में कुल 6 सीटें मिली थीं जिनमें से 5 पर उन्होंने अपने रिश्तेदारों को टिकट दे दिया। इस समय उनके परिवार के 7 सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं तथा 5 व्यक्ति सांसद, विधायक व मंत्री बने हैं। इनमें संतोष कुमार सुमन, जीतन राम मांझी के पुत्र हैं ए विधान पार्षद (एमएलसी) हैं तथा इन्हें इस बार तीसरी बार नितीश मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इसके अतिरिक्त दीपा मांझी, जीतन राम की पुत्रवधू अर्थात संतोष (मंत्री जी) की पत्नी हैं। यह विधायक हैं। जीतन मांझी की भाभी ज्योति देवी विधायक हैं। प्रफुल्ल कुमार दामाद , संतोष (मंत्री जी) का साला विधायक है । एक अन्य रिश्तेदार देवेंद्र मांझी दामाद उपाध्यक्ष व बिहार ैबआयोग का अध्यक्ष है। यह पूर्व में मुख्यमंत्री काल में मांझी के पी ए भी रह चुके हैं।

इसी तरह बिहार की एक और क्षेत्रीय पार्टी है राष्ट्रीय लोक मोर्चा। बिहार चुनाव में राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली आर एल एम के हिस्से में बिहार के 2025 चुनाव में 6 सीटें मिलीं इनमें से 4 पर विजय हासिल की। इनके परिवार में भी कुल 3 व्यक्ति सांसद, विधायक व मंत्री बने हैं। उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश न तो विधायक हैं न ही विधान पार्षद न ही वे चुनाव लड़े परन्तु इस भरोसे मंत्री बना दिए गए कि अगले 6 महीने में यह विधान परिषद् सदस्य बन जाएंगे। इसी तरह उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता कुशवाहा इस बार सासाराम से विधायक चुनी गई हैं। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान की पार्टी में कई रिश्तेदार विधायक चुने गए हैं। पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी भाजपा से उपमुख्यमंत्री हैं। कैप्टन जय नारायण निषाद पूर्व सांसद की बहू रमा निषाद को मंत्री बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा को मंत्री बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री हरिहर सिंह के बेटे भाजपा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह को मंत्री व जे डी यू के पूर्व विधायक राम नंदन सिंह के बेटे श्रवण कुमार को मंत्री बनाया गया। भाजपा शासित अन्य कई राज्यों में भी इसी तरह के परिवारवाद की पताका लहराती दिखाई देगी। परन्तु गत चार दशकों से इन्हें केवल विपक्षी दलों का ही परिवारवाद नजर आता है। गोया तुम्हारा है तो परिवारवाद हमारा है तो गुणवाद?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नोएडा। शहर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब होने के कारण कम दृश्यता के बीच जाते यात्री।

## चीन की हरकत भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने अरूणाचल प्रदेश की रहने वाली एक भारतीय महिला के साथ शंघाई हवाई अड्डे पर वीजा और पासपोर्ट को लेकर की गई हरकत पर सख्त रूख अपनाते हुए कहा है कि इस तरह की हरकतें दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और समझ बनाने तथा संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अरूणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और इस तरह की हरकतों से हकीकत नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि भारत पहले भी कई बार यह स्पष्ट कर चुका है कि भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखाना जरूरी शर्त है।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण तूफान, एक की मौत

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य में भीषण तूफानों के कारण एक व्यक्ति की मौत और 75000 घरों में बिजली गुल हो गई है। इन तूफानों ने सिडनी से लेकर राज्य के पश्चिमी हिस्सों तक व्यापक नुकसान पहुंचाया है। अमेरिकन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (एबीसी) ने बुधवार को राज्य आपातकाल. ीन सेवा (एसईएस) के हवाले से बताया कि 110 किलोमीटर प्रति घंटे (68 मील प्रति घंटे) से अधिक की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं वाले इन तूफानों ने राज्य के केंद्रीय पश्चिमी क्षेत्र, केंद्रीय तट, इलवारा और सिडनी क्षेत्रों में पेड़ों और बिजली की लाइनों को गिरा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, एसईएस ने 1000 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है और उम्मीद है कि सफ़ाई अभियान में कई दिन लगेंगे।

# दावा: एच-1बी वीजा में हो रही धोखाधड़ी

## दुनिया के लिए 85 हजार तय थे, लेकिन अकेले चेन्नई को ही 2.2 लाख वीजा मिल गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एच-1बी वीजा प्रोग्राम को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। अमेरिकी अर्थशास्त्री और पूर्व सांसद डेव ब्रैट ने आरोप लगाया है कि एच-1बी सिस्टम में बड़ी धोखाधड़ी हो रही है।

उनका दावा है कि चेन्नई जिले को 2.2 लाख वीजा मिले हैं, जबकि पूरी दुनिया के लिए 85,000 की लिमिट तय है। ब्रैट का कहना है कि यह संख्या तय सीमा से ढाई गुना ज्यादा है। एक पाडकास्ट में ब्रैट ने कहा कि एच-1बी वीजा इंडस्ट्रीयल लेवल की धोखाधड़ी का शिकार बन चुका है। उन्होंने बताया कि 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारत को मिलते हैं, जबकि दूसरे नंबर पर चीन को सिर्फ 12 प्रतिशत मिलते हैं। ये आंकड़े खुद बताते हैं कि वीजा सिस्टम का गलत फायदा उठाया जा रहा है। ब्रैट ने इस मुद्दे को अमेरिका की घरेलू राजनीति से भी जोड़ा और कहा कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कामगारों की नौकरियां छीन रहा है। उनके मुताबिक, कई लोग खुद को स्किल्ड वर्कर बताकर अमेरिका पहुंच जाते हैं, जबकि कई मामलों में उनकी स्किल्स उतनी मजबूत नहीं होतीं। चेन्नई अमेरिकी कान्सुलेट दुनिया के सबसे बिजी एच-1बी प्रोसेसिंग सेंटर्स में से एक है, जहां तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और तेलंगाना से बड़ी संख्या में एप्लिकेशन आते हैं। इन राज्यों में आईटी कंपनियों और टेक वर्कर्स की संख्या बहुत ज्यादा है, इसलिए यहां से वीजा आवेदन भी सबसे ज्यादा होते हैं। ब्रैट के आरोपों से कुछ दिन पहले एक भारतीय-अमेरिकी पूर्व डिप्लोमैट महविश सिद्दीकी ने भी ऐसा ही दावा किया था। उन्होंने कहा था कि एच-1बी वीजा में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी होती है, खासकर भारत में। उनका कहना था कि कई वीजा फर्जी एम्पलायर लेटर, नकली डिग्रियों और किसी और से इंटरव्यू दिलवाकर लिए जाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हैदराबाद में कई जगह वीजा के लिए नकली कागजात और फर्जी जाब लेटर खुलेआम बेचे जाते हैं। अभी तक अमेरिकी सरकार ने इन आरोपों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एच-1बी वीजा को लेकर अमेरिका में पहले से ही काफी बहस होती रही है और इन नए आरोपों ने इस मुद्दे को फिर से गरमा दिया है। ट्रम्प सरकार ने 21 सितम्बर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ाकर 1 लाख डालर (करीब 88 लाख रुपये) कर दी है। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बढ़ी हुई फीस सिर्फ वन टाइम है, जो एप्लिकेशन देते समय चुकानी होगी। एच-1बी वीजा के लिए पहले 5.5 से 6.7 लाख रुपये लगते थे।




■ 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारत को मिलते हैं जबकि दूसरे नम्बर पर चीन को सिर्फ 12 प्रतिशत मिलते हैं

# राम मंदिर में मोदी का ध्वजारोहण नाजायज: पाक

## कहा: यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अयोध्या के राम मंदिर में पीएम मोदी के ध्वजारोहण पर विरोध जताया है, और कहा कि यह एक नाजायज काम है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा है। पाकिस्तान ने कहा कि जिस जगह पहले बाबरी मस्जिद थी, वहां अब राम मंदिर बनाया गया है।

पाकिस्तान ने दावा किया कि बाबरी मस्जिद कई सदियों पुरानी धार्मिक जगह थी। 6 दिसम्बर 1992 को इसे भीड़ ने गिरा दिया था। पीएम मोदी ने मंगलवार को मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहराई। पाकिस्तान ने कहा कि भारत की अदालतों ने बाबरी मस्जिद गिराने के आरोपियों को बरी कर दिया और उसी जमीन पर मंदिर निर्माण की इजाजत दे दी। यह अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों पर दबाव बढ़ रहा है। भारत की कई ऐतिहासिक मस्जिदें खतरे में हैं। मुसलमानों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर से हाशिये पर धकेला जा रहा है। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया, नफरत और मुसलमानों पर हमलों पर ध्यान दे। उसने न्छ और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से कहा कि वे भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं। भारत पर झूठा आरोप लगाने वाले पाकिस्तान में खुद बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की जा रही है। अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले और धमकियों की कई घटनाएं हुईं, लेकिन वहां की सरकार ने दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। 2023 में एक चर्च जलाने के आरोप में पकड़े गए 10 लोगों को हाल ही में अदालत ने बरी भी कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन शादी के मामले सामने आते रहते हैं, खासकर सिंध और पंजाब में। पाकिस्तान ने करीब 2 साल पहले 22 जनवरी 2024 को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भी निंदा की थी।

तब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था-हम अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करते हैं। यह मंदिर बाबरी मस्जिद को तोड़कर बनाया गया है। ध्वस्त मस्जिद की जगह पर बना मंदिर आने वाले समय में भारतीय लोकतंत्र के माथे पर कलंक की तरह बना रहेगा। भारत में बढ़ती 'हिंदुत्व' विचारधारा धार्मिक सद्भाव और क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है। ऐसा करके भारत मुस्लिमों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहा है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक्स पर भारत को राम मंदिर के ध्वजारोहण की बधाई देते हुई कुछ तस्वीर शेयर कीं। उन्होंने लिखा कि अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण पर भारत को बधाई। यह सभ्यता के लिए बेहद महत्वपूर्ण क्षण है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले साल मंदिर निर्माण के दौरान अपनी अयोध्या यात्रा की कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं।



■ जगह पहले बाबरी मस्जिद थी, वहां अब राम मंदिर बनाया गया
■ भारत की अदालतों ने बाबरी मस्जिद गिराने के आरोपियों को बरी कर दिया: पाक

## विदेश मंत्रालय का पाकिस्तान को करारा जवाब

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में पीएम मोदी की भागीदारी पर पाकिस्तान ने अनर्गल टिप्पणी की है। पड़ोसी देश की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम उनकी टिप्पणी को उस अवमानना के साथ अस्वीकार करते हैं जिसके वे हकदार हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कटरता, दमन, अल्पसंख्यकों के साथ प्रणालीगत दुर्व्यवहार के गहरे दागदार रिकार्ड के साथ, पाकिस्तान के पास दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने कहा, पाखंडपूर्ण उपदेश देने के बजाय, पाकिस्तान को अपने स्वयं के खराब मानवाधिकार रिकार्ड पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शंघाई एयरपोर्ट पर जो कदम उठाए गए। उस पर हमने स्टेटमेंट जारी किया था। हमने उसमे कहा कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग। इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। चीन द्वारा उठाया गया कदम गलत है। इस पर भारत ने कार्रवाई भी की है। चीन की मनमानी हरकते दोनों देशों को रिश्तों के लिए मददगार नहीं है। शेख हसीना के मामले में हमे उनका अनुरोध मिला।

## बोल्सोनारो को 27 साल की सजा काटने का आदेश

**ब्रासीलिया।** ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोसियस ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो और उनके छह करीबी सहयोगियों को तख्तापलट की कोशिश मामले में दोषी पाए जाने पर 27 साल की जेल की सजा काटने का आदेश दिया है। ग्लोबो अखबार ने यह जानकारी दी है। प्रकाशित रिपोर्ट में न्यायमूर्ति मोराएस के हवाले से कहा गया मैं जेयर बोल्सोनारो की सजा तुरंत शुरू करने का आदेश देता हूं। यह सजा 27 साल और तीन महीने की होगी, जिसमें 24 साल और नौ महीने पूर्ण रूप से बंद जेल में तथा शेष दो साल और छह महीने अर्ध-हिरासत में काटने होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मुकदमा वर्चुअल तरीके से चला और न्यायमूर्ति मोराएस ने घोषणा की कि यह अब अंतिम रूप से पूरा हो चुका है, क्योंकि बोल्सोनारो के बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने सोमवार को निर्धारित अंतिम तारीख तक कोई नई अपील दाखिल नहीं की थी। पूर्व राष्ट्रपति अपनी सजा राजधानी ब्रासीलिया स्थित फेडरल पुलिस मुख्यालय में काटेंगे, जहां वह पहले से ही मामले की सुनवाई के समय से ही हिरासत में हैं।

## हॉन्गकॉन्ग की 35 मंजिला इमारत में आग, 4 की मौत

**हान्ग कान्ग।** हान्गकान्ग के उत्तरी ताई पो जिले में बुधवार को एक 35 मंजिला रिहायशी काम्प्लेक्स की 3 इमारतों में आग लग गई। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक इस हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 9 लोग घायल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कम से कम तीन इमारतों तक फैल गई थी। बीबीसी के मुताबिक कम से कम 13 लोग इमारत के अंदर अब भी फंसे हुए हैं।

वांग फुक कोर्ट के ये टावर बांस की मचान से ढके हुए थे। हान्गकान्ग में निर्माण और मरम्मत कार्यों में बांस की मचान का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है। ऐसा माना जा रहा है कि इसकी वजह से आग तेजी से फैली। फिलहाल आग लगने के कारणों की पक्की जानकारी नहीं है। हालांकि माना जा रहा है कि आग इमारतों के बाहर लगी बांस की स्कैफोल्डिंग (मचान) के जरिए तेजी से फैल गई। आग इमारतों के बाहर लगे बांस के बंदों (स्कैफोल्डिंग) के जरिए तेजी से फैल गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां और बचाव दल पहुंचकर आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटे हैं। घटनास्थल से मिली फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि इमारत के कई फ्लैटों के बाहर लगी बांस की मचान तेज लपटों में घिरी हुई है। वांग फुक कोर्ट न्यू टेरिटरीज के ताई पो इलाके में बना एक हाउसिंग काम्प्लेक्स है, जहां इस समय मरम्मत और नवीनीकरण का काम चल रहा है। इस एस्टेट में 1984 फ्लैट हैं और यहां करीब 4000 लोग रहते हैं। हान्गकान्ग सरकार ने कहा है कि वांग फुक कोर्ट काम्प्लेक्स में लगी आग के बाद अस्थायी शेल्टर खोले गए हैं। ये शेल्टर क्वान्ग फुक कम्युनिटी हाल और तुंग चेओंग स्ट्रीट लीजर बिल्डिंग में बनाए गए हैं। इसके अलावा ऐलिस हो मियू लिंग नेथरसोले अस्पताल में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है, ताकि लोगों को मदद और जानकारी दी जा सके। सरकार ने कहा कि ताई पो जिला कार्यालय हालात पर कड़ी नजर रख रहा है और जरूरत होने पर और शेल्टर खोले जाएंगे।

■ बांस का मचान होने से आग तेजी से फैली, इमारत में 13 लोग अब भी फंसे हुए
■ हान्गकान्ग में निर्माण और मरम्मत कार्यों में बांस की मचान का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है

# ट्रम्प ने टर्की पक्षियों को क्षमादान देने की परंपरा निभाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने थैंक्सगिविंग पर्व से पहले बुधवार को एक समारोह में 'गॉबल' और 'वाडल' टर्की पक्षियों को क्षमादान देने की परंपरा निर्वाह किया। राष्ट्रपति ने एक टर्की को संबोधित करते हुए हास्यबोध के साथ कहा कि गॉबल, तुम्हें बिना शर्त क्षमादान दिया जाता है।

जिस पर उस पक्षी ने अपनी विशिष्ट 'गॉबल' ध्वनि से प्रतिक्रिया दी। उत्तरी कैरोलिना से लाए गए दोनों टर्की पक्षियों को व्हाइट हाउस में लाए जाने से पहले 'द विलार्ड इंटरकांटिनेंटल होटल' में ठहराया गया था। इस वार्षिक आयोजन में कुछ चुनिंदा टर्की पक्षियों को क्षमादान दिया जाता है और उन्हें छोड़ दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि थैंक्सगिविंग के अवसर टर्की पक्षियों को पका कर दावत में परोसा जाता है। यह प्रथा 1863 में अब्राहम लिकन के समय से चली आ रही है, लेकिन जॉर्ज एच-डब्ल्यू-बुश के शासन काल में 1989 में इसे एक औपचारिक 'राष्ट्रपति क्षमादान' का रूप दिया गया। ट्रम्प ने समारोह के दौरान अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा दिए गए टर्की क्षमादानों की आलोचना करते हुए दावा किया कि वे एक अमान्य थे, क्योंकि स्वयं बाइडेन ने क्षमापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया था, बल्कि 'ऑटोपेन' से हस्ताक्षर किया गया था। उन्होंने घोषणा की कि पहले क्षमादान प्राप्त टर्की 'पीच' और 'ब्लॉसम' को वध होने से बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे पास आधिकारिक कर्तव्य है कि मैं यह निर्धारित करूं और मैंने निर्धारित किया है कि पिछले साल के टर्की क्षमादान पूरी तरह से अमान्य हैं। राष्ट्रपति ने मजाकिया लहजे में 'गॉबल' और 'वाडल' का नाम लोकतांत्रिक नेताओं चक शूमर और नैन्सी पेलोसी के नाम पर भी रखा, लेकिन साथ ही अपनी ही युक्ति का भी मजाक उड़ाया कि वह दोनों नेताओं को कभी माफ नहीं करेंगे।

■ थैंक्सगिविंग के अवसर टर्की पक्षियों को पका कर दावत में परोसा जाता है

# आर्मेनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने का समझौता रोका

## दावा: दुबई क्रैश के बाद फैसला, 10 हजार करोड़ में 12 तेजस विमानों की होनी थी डील

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने भारत से तेजस फाइटर जेट खरीदने की बातचीत फिलहाल रोक दी है। इजराइली मीडिया यरुशलम पोस्ट के मुताबिक यह फैसला 21 नवम्बर को दुबई एयरशो में तेजस के क्रैश होने के बाद लिया गया। इस हादसे में भारतीय पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई थी।

आर्मेनिया, भारत से करीब 1.2 बिलियन डालर (10 हजार करोड़) में 12 तेजस विमान खरीदने की तैयारी कर रहा था। यह डील लास्ट स्टेज में थी। ये तेजस की पहली विदेशी डील हो सकती थी। हालांकि इस पूरे मामले पर आर्मेनिया सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 20 महीने में दूसरी बार तेजस क्रैश दुबई एयर शो के आखिरी दिन शुक्रवार दोपहर करीब 2:10 बजे (भारतीय समय के मुताबिक 3.40 बजे) एरियल डिस्प्ले चल रहा था। इस दौरान भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस लो-एल्टीटयूड मैन्यूवर कर रहा था। तभी अचानक उसकी ऊंचाई कम हुई और कुछ ही सेकेंड में विमान जमीन पर जा गिरा। मौके पर विमान में धमाके के साथ आग लग गई। इस हादसे में पायलट की मौके पर ही मौत हो गई। मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भी तेजस क्रैश हुआ था, लेकिन तब पायलट सुरक्षित इजेक्ट कर गए थे। यह 20 महीने में तेजस का दूसरा हादसा है। इस वक्त भारतीय वायु सेना के बेड़े में जो टाप फाइटर जेट हैं उनमें सुखोई एसयू-30एमकेआई, राफेल, मिराज, एमआईजी-29 और तेजस का नाम शामिल है। तेजस अपनी इन खूबियों की वजह से बाकी के चारों फाइटर जेट से अलग और खास है। अब तेजस का एक उन्नत संस्करण ए1 बनना शुरू हुआ है, जिसमें कई आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। इसके कई सिस्टम इजराइल की कंपनियों ने डेवलप किए हैं। तेजस ए1 में इजराइली कंपनी **IAI&Elta** का **AESA** रडार, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम और एल्बिट का नया हेलमेट-माउंटेड डिस्प्ले लगाया जाएगा। इसके साथ ही विमान में राफेल द्वारा बनाए गए डर्बी मिसाइल भी लगाए जाएंगे। पीएम मोदी खुद भी तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भर चुके हैं। उन्होंने 25 नवम्बर 2022 को इसमें उड़ान भरी थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में पहली उड़ान थी। आर्मेनिया और भारत के बीच एक और डिफेंस डील है, जिसमें फ्रांस भी पार्टनर के तौर पर शामिल है। इसके तहत भारत आर्मेनिया को देश में बना एंटी-एयर सिस्टम आकाश एक्सपोर्ट करेगा। हवाई हमले रोकने वाले इस सिस्टम में तोप, गोला-बारूद और ड्रोन शामिल हैं। इसके लिए दोनों देशों में करीब 6 हजार करोड़ रुपये का समझौता हुआ था।



■ भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की
■ मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भी तेजस क्रैश हुआ था

# सोशल मीडिया पर इमरान की मौत की अफवाह

## पाकिस्तान सरकार चुप, बहनों ने कहा: मिलने नहीं दिया जा रहा, पुलिस पर बदसलूकी का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से उनकी बहनें मुलाकात नहीं कर पा रही हैं। एक साल से जारी कोशिशों के बावजूद जेल प्रशासन हर बार सुरक्षा कारणों का हवाला देकर मुलाकात से रोक रहा है। मंगलवार रात इमरान खान की बहनें इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान, इमरान के समर्थकों के साथ जेल के बाहर धरने पर बैठ गईं।

उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पंजाब पुलिस ने अंधेरा कर उन पर लाठीचार्ज किया। 71 साल की नोरीन खान ने दावा किया कि उन्हें बालों से पकड़कर सड़क पर घसीटा गया। अन्य महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। इस बीच, इमरान खान को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी मौत की अफवाहें फैल गईं। कुछ पोस्ट में दावा किया गया कि उन्हें किसी दूसरी जगह ले जाया गया है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कई अकांउट ने इमरान की मौत की अफवाह फैला दी है। मार्च 2025 में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान को परिवार और वकीलों से नियमित मुलाकात की मंजूरी दी थी, लेकिन जेल प्रशासन आदेश का पालन नहीं कर रहा। अक्टूबर 2025 में अदालत ने दोबारा मुलाकातें बहाल करने का निर्देश दिया, फिर भी उनकी बहनों को अब तक एक भी मुलाकात नहीं मिल पाई है। पिछले हफ्ते इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की थी। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों के साथ इस तरह घटना हुई हो। इससे पहले सितम्बर 2025 में, अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते वक्त अलीमा पर अंडे फेंके जाने की घटना हुई थी। इसके अलावा अलीमा, नोरीन और उज्मा को अप्रैल 2025 में जेल पहुंचने की कोशिश के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था।



■ दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं
■ शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पंजाब पुलिस ने अंधेरा कर उन पर लाठीचार्ज किया

## नाइजीरिया में अगवा हुई सभी छात्राएं सकुशल रिहा

**अबुजा।** नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने अगवा की गई 24 छात्राओं के सकुशल रिहा होने की पुष्टि की है। इन लड़िकयों को संदिग्ध आतंकी गत 17 नवम्बर को एक सरकारी स्कूल के छात्रावास से अपहरण करके ले गए थे। राष्ट्रपति टिनुबु ने देर रात जारी बयान में कहा कि मुझे राहत है कि सभी 24 छात्राओं को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। सरकारी अधिकारियों ने भी बताया कि सभी लड़िकयां स्वस्थ हैं और उन्हें जल्द ही उनके परिवारों से मिलवाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इस स्कूल पर धावा बोलने वाले हमलावरों ने दो कर्मचारियों की हत्या कर दी थी और इन छात्राओं को साथ ले गए थे। छात्राओं की रिहाई कैसे हुई, इसका खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रपति ने सुरक्षा बलों की 'तेज कार्रवाई' की सराहना भी की। इस अपहरण के बाद पिछले सप्ताह देश के मध्य हिस्से में कई इसी तरह की घटनाएं सामने आई थीं। इनमें एक चर्च से 38 श्रद्धालुओं का अपहरण और नाइजर देश के एक विद्यालय से 300 से अधिक विद्यार्थियों का अपहरण भी शामिल है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108